सुप्रभात
रांची, बुधवार
11.06.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 I वर्ष : 12 I अंक : 326



06 किसानों को सशक्त बनाना ही सरकार का उद्देश्य: मोदी


Sarala Birla University

SARALA BIRLA UNIVERSITY


APPLY NOW

Admissions Open 25 - 26

Supported By

B K BIRLA GROUP OF COMPANIES

ADITYA BIRLA GROUP



UNIVERSITY OF MINNESOTA | University of Vermont | Berkeley UNIVERSITY OF CALIFORNIA | & 20+ National MoUs

CREATING GLOBAL LEADERS

*For Social & Economic Change...!*

Programs Offered

- **ENGINEERING & COMPUTER SCIENCE**
  Diploma • B.Tech • M.Tech
  Specialization - CSE • ME • CE • EEE • ECE • Electronics & Computer Engineering
  BCA • MCA
- **BUSINESS MANAGEMENT**
  BBA • BBA in Stock broking & Portfolio Management
  MBA
- **HUMANITIES AND LINGUISTICS**
  BA • MA
  Specialization - English • Sanskrit
- **COMMERCE**
  B.com
  Specialization- Accounts • E- Commerce • Taxation
  M.com
- **LEGAL STUDIES**
  BA LLB • BBA LLB • B.Com LLB • LLB • LLM
- **JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION**
  BA • MA
- **YOGIC SCIENCE AND NATUROPATHY**
  Diploma • B.Sc • M. Sc
- **APPLIED SCIENCES**
  B.Sc Mathematics • M. Sc Data Science
- **SOCIAL SCIENCES**
  BA • MA
  Specialization - Economics
- **ART, CULTURE & SPORTS**
  BA • MA
  Specialization - Music • Dance • Drama • Fine Arts
- **PHARMACY**
  D.Pharma • B.Pharma
- **NURSING, CLINICAL TECHNOLOGY & PUBLIC HEALTH** ANM • GNM • B.Sc. Nursing

Admission Helpline

1800 890 6077

5000+ Students | 65+ Programs | In Campus Hostel For Boys & Girls | Upto 50% Scholarship Under Merit/Sports Quota

60 Acres World Class Infrastructure | 100% Placement Support | 50+ Skill Enhancement Certificates | 100+ Companies visited for Placement

SARALA BIRLA UNIVERSITY

Birla Knowledge City, PO. Mahilong, Purulia Road, Ranchi, Jharkhand, India - 835103

1800 890 6077 / +91 95251 10001

admissions@sbu.ac.in

https://sbu.ac.in

Scan Here to Register

# सत्ता के लिए नहीं, राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित है भाजपा : स्मृति ईरानी

## बाबूलाल ने कहा कि देश को लूटने वालों के घर से पैसे निकाल रही मोदी सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो




रांची। मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में भाजपा रांची महानगर और ग्रामीण जिला के संयुक्त तत्वावधान में लेक गार्डन में प्रोफेशनल मीट का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि सबके साथ और सहयोग के कारण आज मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल पूरे हो रहे हैं। तीसरी बार मोदी सरकार भारत की जनता का आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सत्ता केलिये नहीं बल्कि गांव गरीब किसान महिला की सेवा केलिये समर्पित है। भाजपा सत्ता की नहीं राष्ट्र की उन्नति केलिये संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी जो डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जीएपंडित दीन दयाल उपाध्याय के बलिदान और करोड़ों कार्यकर्ताओं के त्याग तपस्या से सिंचित पार्टी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार गरीबों, महिलाओं, किसानों के कल्याण के लिए समर्पित है।

उन्होंने कहा कि एक जमाने में देश ने यह भी देखा है कि कांग्रेस के कार्यक्रमों में 10 हजार रुपये के भोजन प्लेट परोसे जाते थे। जबकि आज मोदी सरकार 81 करोड़ गरीबों की थाली में भोजन परोसने का कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण के साथ राष्ट्र का सम्मान मोदी सरकार सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाने पर खून की नदियां बहने की बात करने वाले लोगों ने देखा कि एक मच्छर भी इससे नहीं मरा। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों की प्रशंसा आज विरोधी भी करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार कर उसे नेस्तनाबूद करने का काम किया है। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश में सुशासन और सुरक्षा को मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है। कांग्रेस के 60 वर्षों के शासन ने उग्रवाद, आतंकवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया।


ग्रामीण लोगों को उग्रवादियों के भय से घर बार को छोड़कर भागना पड़ा था। लेकिन आज मोदी सरकार ने नक्सल उन्मूलन की दिशा में बड़ा कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आंतरिक और बाहरी दोनों प्रकार की सुरक्षाओं को मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है। दुश्मनों को एयर स्ट्राइकएसर्जिकल स्ट्राइक एऔर ऑपरेशन सिंदूर से अभूतपूर्व जवाब दिये जा रहे है।

कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि अलग झारखंड प्रदेश भाजपा की देन है और भाजपा इसे संवारेगी। कार्यक्रम में सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, वरुण साहू, धीरज महतो, आरती कुजूर, विकास प्रीतम, आरती सिंह, सरोज सिंह, दीपक बंका, शिवपूजन पाठक, ऊषा पांडे, सत्यनारायण सिंह, अरुण झा, लक्ष्मी कुमारी, सीमा सिंह, योगेंद्र प्रताप, अशोक बड़ाईक, सुबोध सिंह गुड्डू, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, अनिता वर्मा, वीणा मिश्रा, सुधीर श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### डॉ इरफान का स्मृति पर तंज, कहा

# तिरंगे की आड़ में झूठ का जश्न बंद करें

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर तंज कसते हुए कहा कि तिरंगे की आड़ में झूठ का जश्न बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका के आगे झुकना जीत नहीं, बल्कि सरेंडर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरेंडर किया है।


इरफान अंसारी ने स्मृति ईरानी को एक टीवी सीरियल की हीरोइन के रूप में देखते हुए कहा कि स्क्रिप्ट पढ़ने और संवाद बोलने में उनकी महारत है, लेकिन झारखंड की धरती पर आकर भाजपा सरकार की झूठी स्क्रिप्ट दोहराने की जरूरत नहीं है। इरफान अंसारी ने तिरंगा यात्रा पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह एक मजाक है, जहां कूटनीति की जगह समझौते और आत्मसम्मान की जगह दिखावा है। उन्होंने कहा कि जब देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक नफरत से त्रस्त है, तब भाजपा राष्ट्रवाद के नाम पर भ्रम और उत्सव फैला रही है।

**अमेरिकी पुलिस की बर्बरता पर सवाल :** इरफान अंसारी ने अमेरिकी पुलिस की बर्बरता पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह वही विकसित भारत है, जिसकी डींगे भाजपा के लोग हांकते नहीं थकते। उन्होंने मांग की कि स्मृति ईरानी को झारखंड से वापस जाना चाहिए और अपने नेताओं से कहना चाहिए कि अमेरिका से बात करें और अपने नागरिकों की रक्षा करें।

**ऑपरेशन सिंदूर पर तंज :** इरफान अंसारी ने ऑपरेशन सिंदूर पर तंज कसते हुए कहा कि यह एक बेवकूफ बनाने वाला खेल है और झारखंड की जनता अब सवाल पूछना जानती है। उन्होंने कहा कि स्क्रिप्ट नहीं, हकीकत सुनना चाहती है झारखंड की जनता।

# भाजपा ने 11 साल के कार्यकाल में संविधान के हर पन्ने पर तानाशाही की स्याही पोती : केशव

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा भाजपा की 11 साल की उपलब्धियों के दावे पर करारा जवाब देते हुए कहा है कि भाजपा की सरकार ने अपने 11 साल के कार्यकाल में संविधान के हर पन्ने पर तानाशाही की काली स्याही पोती है और आज अपनी उपलब्धि बता रही है।

**महिलाओं के खिलाफ अपराध में वृद्धि :** केशव महतो कमलेश ने कहा कि एनसीआरबी के अनुसार, महिलाओं के खिलाफ दर्ज अपराध लगभग दोगुने हो गए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या यह भाजपा की उपलब्धि है। उन्होंने यह भी कहा कि देश के जमीन पर विदेशी अतिक्रमण, अमेरिका के आगे झुकना, विदेशी कर्ज का ऐतिहासिक बोझ, गलत विदेश नीति से भारत का अलग-थलग पड़ना क्या इनके लिए ये उपलब्धि है।

**रोजगार और श्रमिकों के अधिकारों में कटौती :** केशव महतो कमलेश ने कहा कि केन्द्र सरकार के गलत नीतियों के कारण न केवल रोजगार घटे हैं बल्कि श्रमिकों के अधिकारों में भी कटौती हुई है। उन्होंने कहा कि मोदी के 11 साल देश के लिए सबसे मुश्किल और आम जनमानस के लिए पीड़ा दायक रही है।

**जुमलेबाज प्रधानमंत्री :** केशव महतो कमलेश ने कहा कि आज तक के सबसे असफल और जुमलेबाज प्रधानमंत्री देश में कोई दूसरा नहीं बना। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने अपने 11 साल के कार्यकाल में देश को पीछे धकेलने का काम किया है।

### सेना के पराक्रम पर राजनीति

केशव महतो कमलेश ने कहा कि सेना के पराक्रम पर अपनी राजनीतिक रोटी सेकना क्या ये उपलब्धी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचारियों को संरक्षण, देश की संपतियों को अपने पूंजिपति दोस्तों को सौंपना और बड़ी बशर्मी से अपनी पीठ थपथपाना, ये भाजपा की फितरत रही है।

# सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, जलापूर्ति, सड़क व रोजगार से जुड़े विकास कार्य होंगे तेज : राधाकृष्ण

## बोकारो के झुमरा पहाड़ पहुंचे वित्त मंत्री, सुनी ग्रामीणों की समस्या, अधिकारियों को दिए निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मंगलवार को बोकारो के झुमरा पहाड़ क्षेत्र का दौरा कर वहां के ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और विकास कार्यों की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य में कई सुदूरवर्ती एवं पहाड़ी क्षेत्र अब भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। इंडिया गठबंधन की सरकार का लक्ष्य है कि ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले गरीब एवं पिछड़े वर्ग का सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने कहा कि झुमरा पहाड़ का भ्रमण उनकी व्यक्तिगत इच्छा रही है, ताकि वहां के लोगों की जीवनशैली को नजदीक से समझा जा सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इस क्षेत्र में कुछ सकारात्मक कार्य हुए हैं, जिनमें हाई स्कूल की स्थापना भी शामिल है।

मंत्री ने बताया कि झुमरा उच्च विद्यालय में शिक्षकों की कमी को देखते हुए उन्होंने झारखंड के शिक्षा सचिव से बात कर दो अतिरिक्त शिक्षकों की तत्काल नियुक्ति के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों द्वारा स्कूल परिसर में चाहरदीवारी की मांग पर उन्होंने जिला योजना पदाधिकारी को अनाबद्ध राशि से निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिये। वहीं पेयजल समस्या को लेकर भी अनाबद्ध राशि से समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि गोमिया प्रखंड को भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिला घोषित किया गया है और झुमरा पहाड़ भी इसी के अंतर्गत आता है। झुमरा में बने स्वास्थ्य केंद्र के अब तक संचालन शुरू न होने पर वित्त मंत्री ने बोकारो के सिविल सर्जन से बात कर स्वयं झुमरा पहुंचने और केंद्र को शीघ्र शुरू कराने का निर्देश दिया। साथ ही सप्ताह में कम से कम एक दिन गोमिया से डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की बात कही। श्री किशोर ने एसडीओ और सीओ समेत विभिन्न विभागीय पदाधिकारियों के साथ झुमरा एक्शन प्लान की समीक्षा बैठक की और योजनाओं की प्रगति का ब्योरा लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि झुमरा ही नहीं, बल्कि गुमला, लोहरदगा, चाईबासा, पलामू और गढ़वा जैसे क्षेत्रों में भी गरीबों का उत्थान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसी क्रम में पंचमो पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी निरीक्षण किया गया। अधूरे पड़े जलमीनार को 10 दिनों के भीतर चालू कराने का निर्देश चीफ इंजीनियर को दिया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार राज्य के प्रत्येक गरीब, आदिवासी और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में झुमरा पहाड़ समेत अन्य सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, जलापूर्ति, सड़क और रोजगार से जुड़े अनेक विकास कार्य किए जाएंगे। इस मौके पर मंत्री के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशिभूषण राय और अरूण सिंह मौजूद थे।



# माध्यमिक आचार्य भर्ती परीक्षा 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने माध्यमिक आचार्य के 1373 रिक्त पदों पर बहाली के लिए संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2025 आयोजित करने का निर्णय लिया है। योग्य उम्मीदवार 18 जून 2025 से 17 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### आवेदन की प्रक्रिया और तिथि

- आवेदन की अंतिम तिथिः 17 जुलाई 2025 (मध्यरात्रि तक)
- परीक्षा शुल्क भुगतान और फोटो/हस्ताक्षर अपलोड की अंतिम तिथिः 19 जुलाई 2025
- आवेदन का प्रिंटआउट लेने की अंतिम तिथिः 21 जुलाई 2025
- त्रुटि सुधार के लिए लिंकः 23 जुलाई से 25 जुलाई 2025 तक

#### आवश्यक योग्यता और दस्तावेज

- शैक्षणिक योग्यता और आयु सीमा के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
- रिक्त पदों की संख्या, श्रेणीवार विवरण और अन्य निर्देश आयोग की वेबसाइट पर दी गई अधिसूचना में देखे जा सकते हैं।

#### कैसे करें आवेदन

आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जायें। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरें और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें और परीक्षा शुल्क का भुगतान करें। इसके बाद आवेदन का प्रिंटआउट लें।

### आठ आईपीएस अधिकारियों को मिला अतिरिक्त प्रभार

रांची। झारखंड में पोस्टेड आठ आईपीएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इससे संबंधित आदेश मंगलवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिन आईपीएस अधिकारियों को अपने पद के अलावा अतिरिक्त पद का प्रभार दिया गया है, वे उस पद पर नियमित पदस्थापन होने तक उस पद का भी सारा काम देखेंगे। जैप 10 के कमांडेंट सौरभ को जैप-1 कमांडेंट, ग्रामीण एसपी धनबाद कपिल चौधरी जैप तीन कमांडेंट, जामताड़ा एसपी राजकुमार मेहता को आईआरबी-1, चतरा एसपी सुमित अग्रवाल आईआरबी-3, गुमला एसपी हारिश बिन जमां आईआरबी-5, गोड्डा एसपी मुकेश कुमार को आईआरबी-8, धनबाद के सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव रेल एसपी धनबाद व जमशेदपुर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग को रेल एसपी जमशेदपुर का अतिरिक्त प्रभार मिला है।

# गवर्नर से मिला भाजपा का डेलिगेशन, मगही भोजपुरी को भी भाषा सूची में करने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। राज्य के पूर्व मंत्री और प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने राज्य सरकार पर राज्य में भाषाओं को लेकर भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उनके मुताबिक, पलामू प्रमंडल में होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में क्षेत्रीय भाषा के रुप में मगही-भोजपुरी भाषा को शामिल नहीं किया गया है। इसके स्थान में कुड़ुख और नागपुरी भाषा को राज्य सरकार के स्तर से शामिल करने का निर्णय लिया गया है, जिसका इस डिविजन की जनता भारी विरोध कर रही है। भानु ने इसे लेकर राज्यपाल संतोष गंगवार के पास भी फरियाद लगायी है।

मंगलवार को भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व विधायक विरंची नारायण एवम प्रदेश पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के नेतृत्व में राज्यपाल से मिला। उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में पलामू डिवीजन में क्षेत्रीय भाषा के नाम पर वर्तमान सरकार द्वारा भेदभाव करने का आरोप लगया है। साथ ही राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित होने की भी बात कही। कहा कि पलामू प्रमंडल के तीन जिलों गढ़वा, पलामू और लातेहार में 50 लाख जनता और उनके बच्चों का भविष्य खतरे में है। हेमंत सरकार ने मगही और भोजपुरी को भाषा सूची से हटाने का काम किया है जबकि सदियों से यही बोलचाल की भाषा इधर रही है। दूसरी ओर झारखंड में ओडिया, बंगाली, उर्दू को सूची में जोड़ रही है। राज्य सरकार को निर्देश दिया जाये कि वह पलामू डिवीजन के लिए भोजपुरी और मगही को भाषा सूची में जोड़ें।

## खबर एक नजर में

### मॉल व अन्य जगहों पर मॉक ड्रिल कराने का निर्देश

रांची। होमगार्ड और फायर बिग्रेड के डीजी एमएस भाटिया ने अपने मातहत अधिकारियों को बड़े-बड़े मॉल और अन्य जगहों पर मॉक ड्रिल कराने का निर्देश दिये। ये मॉक ड्रिल आम से लेकर खास तक अग्निशमन के प्रति जागरूकता फैलाने के मकसद से होगी। इस मसले को लेकर बुलाई गई हाई लेवल मीटिंग में गुजरे छह महीने के अग्निशमन सेवाओं की समीक्षा भी की गई। अनुकंपा एवं पेंशन से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। बैठक में डीआईजी अजय लिंडा, अपर राज्य अग्निशमन पदाधिकारी एवं अन्य मौजूद थे।

### स्मृति ईरानी ने राज्यपाल से की मुलाकात



रांची। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। जानकारी के अनुसार इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। वहीं स्मृति ईरानी ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियों को भी गिनाया। हालांकि राजभवन से इसे शिष्टाचार भेंटवार्ता बताया है।

### झारखंड प्रदेश कांग्रेस में नए चेहरों को मिला मौका, जिला मीडिया चेयरमैन व प्रवक्ताओं की हुई नियुक्ति

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने राज्य के विभिन्न जिलों में मीडिया चेयरमैन और प्रवक्ताओं की नियुक्ति कर दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा के अनुमोदन और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू व अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर यह नियुक्ति की गई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि जिला मीडिया चेयरमैन और प्रवक्ताओं की चयन प्रक्रिया के लिए 7 मई और 20 मई को साक्षात्कार का आयोजन हुआ थाञ जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे द्वारा तीन चरणों का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें प्रेस ब्रीफिंग, रिलीज और टीवी डिबेट शामिल था।

#### नियुक्त लोगों की सूची

**रांची ग्रामीणः** सुरेश कुमार सिंह, रांची महानगरः मेहुल प्रसाद और अजय कुमार सिंह, लोहरदगाः प्रदीप विश्वकर्मा और मुश्ताक अहमद, गुमलाः अरिफ हुसैन अख्तार, सिमडेगाः रंधीर रंजन और अरबिन्द लुगुन, खूंटीः रवि कुमार मिश्रा और नरेश कुमार तिर्की, हजारीबागः नेसार खान और मनोहर कुमार यादव, गिरिडीहः अमित सिन्हा और योगेश्वर मेहता,चतराः प्रमोद कुमार त्रिवेदी, रामगढ़ः मुकेश यादव और सुधीर मंगलेश, धनबादः पप्पु कुमार तिवारी, महेन्द्र कुमार दुबे और शलेश कुमार सिंह, कोडरमाः संजय कुमार शर्मा और उमा शंकर रविदास, पलामूः गोपला कुमार सिंह और मणीकांत, गढ़वाः राहुल दुबे, लातेहारः पंकाज तिवारी, पं. सिंहभूमः त्रिशानु राय, पूर्वी सिंहभूमः राजीव मिश्रा, सरायकेला-खरसांवाः सुमन्त कुमार शर्मा, दुमकाः राजीव जयसवाल, साहेबगंजः ताबीस इक्बाल, गोड्डाः बोलबम कुमार, देवघरः ब्रजभूषण राम, पाकुड़ः मुक्तार हुसैन, जामताड़ाः इश्राुदुल राशी और निशापति हासदा का नाम शामिल है।

## पुलिस मुख्यालय में नक्सल उन्मूलन से संबंधित मुद्दों पर समीक्षा बैठक

# पुलिस महानिरीक्षक अभियान ने दिये कई निर्देश

### गुमला, लोहरदगा , लातेहार, पलामू , गढ़वा , चतरा , हजारीबाग , गिरिडीह, बोकारो , सरायकेला व खूंटी जिला के नक्सली परिदृश्य के संबंध में की गई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता




रांची। डां माईकलराज एस, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, झारखण्ड ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में नक्सल उन्मूलन संबधित मुद्दों पर समीक्षा बैठक की। समीक्षा के क्रम में उन्होंने विशेष तौर पर गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह, बोकारो, सरायकेला व खूंटी जिला के नक्सली परिदृश्य के संबंध में व्यापक रूप से चर्चा की है। इस बैठक में उन्होंने सभी संबंधित पुलिस अधीक्षकों को कई निर्देश दिये हैं।

जिसमें जिले में पूर्व में घटित ऐसे सभी वामपथीं उग्रवाद मामलों की समीक्षा, रंगदारी, लेवी, धमकी आदि मामलों पर निश्चित रूप से एफआईआर कर वांछित कार्रवाई करने, सरकार द्वारा चलाये जा रहे पुनर्वास योजना के अंतर्गत नक्सलियों के आत्मसमर्पण पश्चात पुनर्वास योजना के अंतर्गत दिये जाने वाले संपूर्ण लाभ की समीक्षा अगर आत्मसमर्पित नक्सली किसी लाभ से वंचित हैं तो उक्त संदर्भ में यथाशीघ्र वांछित कार्रवाई करने, फरार नक्सलियों की गिरफ्तारी हेतु उनके विरूद्ध उचित माध्यम से यथाशीघ्र पुरस्कार प्रस्ताव समर्पित सुनिश्चित करने, अधीनस्थ थाना के पदाधिकारियों को जेल से बाहर जमानत पर छूटे उग्रवादी एवं उनके सहयोगियों की नियमित रूप से निगरानी एवं जमानतदारों का सत्यापन करना सुनिश्चित करने, उग्रवाद से संबंधित लंबित कांडो की समीक्षा कर वांछित कार्रवाई करते हुए कांडो को जल्द से जल्द निष्पादन करने, यूएपी एक्ट के तहत दर्ज काण्डों में फरार नक्सलियों द्वारा अर्जित अवैध संपत्ति का विधिवत अधिग्रहण करने की कार्रवाई सुनिश्चित कराना, फरार नक्सलियों के विरूद्ध लंबित कुर्की जब्ती की कार्रवाई, सुदुरवर्ती एवं जंगलों में स्थापित पुलिस पिकेट का नियमित रूप से सिक्युरिटी ऑडिट सुनिश्चित करना, पुलिस अधीक्षक, नक्सलियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान और सरेंडर पॉलिसी को और प्रभावी बनाने हेतु व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करना शामिल है।

इस बैठक में पुलिस महानिरीक्षक अभियान, झारखण्ड के अतिरिक्त अमित रेणु, पुलिस अधीक्षक अभियान, नाथु सिंह मीणा, पुलिस अधीक्षक (एसआईबी) भौतिक रूप से एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक पलामू, क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक पलामू एवं पुलिस अधीक्षक गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह, बोकारो , सरायकेला व खूंटी उपस्थित थे।

सुप्रभात
रांची, बुधवार
11.06.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 326




12 पाकिस्तान के अंदर तक हमला करेगा भारत

## न्यूज डायरी

### झाप्रसे के नौ अधिकारी बनेंगे एडिशनल सेक्रेटरी

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के नौ अधिकारियों को संयुक्त सचिव से अपर सचिव (एडिशनल सेक्रेटरी) रैंक के वेतनमान में प्रोन्नति मिलेगी। इस संबंध में डीपीसी बैठक कर अधिकारियों के नामों पर मंथन भी किया गया है। योग्य और वरीय पदाधिकारियों को प्रमोशन दिया जाना है। राजस्व पर्षद बोर्ड की मुहर लगने के बाद अधिकारियों के प्रमोशन की फाइल मुख्यमंत्री के समक्ष भेजी जायेगी। इसके बाद कार्मिक विभाग अधिसूचना जारी करेगा।

### डीएसपी राधा प्रेम किशोर को मिली अग्रिम जमानत

**रांची।** सीबीआई की विशेष अदालत ने जेपीएससी नियुक्ति घोटाला में चार्जशीटेड डीएसपी राधा प्रेम किशोर को अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। मंगलवार की सुनवाई के दौरान सीबीआई कोर्ट ने उन्हें पचास-पचास हजार रुपये के दो निजी मुचलके भरने की शर्त पर अग्रिम बेल दी है। मालूम हो कि जेपीएससी नियुक्ति घोटाला से जुड़े इस मामले में सीबीआई कोर्ट कई आरोपियों को अग्रिम बेल देने से इनकार कर चुका है। वहीं, कई आरोपियों को हाईकोर्ट से अग्रिम बेल मिल चुकी है।

### लोकसभा के उपाध्यक्ष का चुनाव कराये केंद्र : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर लोकसभा के उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया है। पत्र में उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार यह पद लगातार दो लोकसभा कार्यकालों के लिए खाली रहा है। 17वीं लोकसभा के दौरान कोई उपाध्यक्ष नहीं चुना गया था। यह चिंताजनक है और मौजूदा 18 लोकसभा में भी यह पद खाली है। यह भारत की लोकतांत्रिक राजनीति के लिए शुभ संकेत नहीं है और संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन करता है।

## कार्टून कोना




### पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गिनायीं उपलब्धियां

# मोदी सरकार ने 11 वर्षों में असंभव को किया संभव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि 11 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने असंभव को भी संभव किया है। वह मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत को सम्मान के साथ देख रही है। विकास के साथ विरासत प्रतिष्ठित हुआ है। उन्होंने कहा कि 50 करोड़ लोगों को जनधन खाता के माध्यम से देश की तिजोरी से जोड़ा गया। वहीं 45 लाख करोड़ रुपये सीधे डीबीटी के माध्यम से खाते में भेजे गये। उन्होंने कहा कि बहुआयामी गरीबी से उबारने के संकल्प के कारण आज 25 करोड़ नागरिक तीव्र गति से उन्नति के पथ पर अग्रसर हुये हैं। 81 करोड़ लोगों को प्रतिमाह 5 किलो मुफ्त अनाज मिल रहा है। इसके अलावा 4 करोड़ गरीबों के सिर पर पक्की छत की सुविधा मिली। नल से जल की सुविधा वहीं 15 करोड़ घरों तक पहुंचना सुशासन और कुशल नेतृत्व के कारण ही संभव हुआ है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 12 करोड़ गरीबों के घर शौचालय निर्माण ने महिलाओं बेटियों की इज्जत को सुरक्षित किया है। उज्ज्वला गैस योजना के माध्यम से महिलाओं को लाभ मिला।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा- गांव, गरीब, किसान, महिला और वंचित-शोषित वर्ग के लोग राष्ट्र के विकास की मुख्यधारा से जुड़ते गये



**झारखंड के सर्वांगीण विकास को समर्पित :** झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए मोदी सरकार समर्पित है। प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की धरती से 24 हजार करोड़ की जन मन योजना से आदिवासी गांव के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया है।

**ऑपरेशन सिंदूर से सैन्य ताकत दिखायी :** ऑपरेशन सिंदूर ने एक नये शौर्य, साहस और धैर्य को प्रकट किया है। भारत का स्वदेशी रक्षा तंत्र आज तेजी से आगे बढ़ रहा है। देसी रक्षा उपकरणों का निर्यात 34 गुना बढ़ गया है।

### नारी शक्ति को सशक्त करने पर दिया जोर

स्मृति ईरानी ने कहा कि मोदी सरकार ने नारी सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया है। आर्मी में स्थाई कमीशन की व्यवस्था से सेना में अधिकारी बनने का अवसर, सैनिक स्कूल में लड़कियों का नामांकन सार्थक कोशिश है। उन्होंने कहा कि संसद के नवनिर्मित भवन में पहला बिल महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा का रहा, जिसकी प्रतीक्षा लंबे समय से थी। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 4.25 करोड़ खाते खुले, स्तनपान कराने वाली और गर्भवती महिलाओं के लिए 18593 करोड़ रुपये खर्च किये गये। **स्वास्थ्य और शिक्षा में उपलब्धियां :** स्मृति ईरानी ने कहा कि मोदी सरकार ने सभी के लिए किफायती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई है। देश में 23 एम्स, 2,045 मेडिकल कॉलेज, 780 एलोपैथी, 323 डेंटल और 942 आयुष संस्थान खोले गए। उन्होंने कहा कि भारत ने कोविड काल में सिर्फ 140 करोड़ लोगों की जान नहीं बचाई, बल्कि 160 राष्ट्रों तक वैक्सीन देकर विश्व बंधुत्व की सोच को मजबूत किया।

# भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आंतरिक्ष स्पेस स्टेशन के लिए आज होंगे रवाना

### 1984 के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री बनेंगे

**एजेंसी**

**चेन्नई।** भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होंगे। इस मिशन में भारत, पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बताया कि एक्सिओम-4 मिशन अब भारतीय समयानुसार 11 जून, बुधवार को शाम साढ़े पांच बजे केप कैनेवरल के कैनेडी स्पेस सेंटर से भेजा



जायेगा। स्पेस एक्स ड्रैगन, कैनेडी स्पेस सेंटर के लॉन्च पैड-39 से अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना होगा। इसरो के अध्यक्ष ने कहा कि एक्सिओम-4 मिशन भारत के बढ़ते अंतरिक्ष सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि इसरो का यह मिशन पहले मंगलवार को लॉन्च किया जाना था, लेकिन सोमवार को घोषणा की गयी कि प्रतिकूल मौसम के कारण अब एक्सिओम-4 मिशन का प्रक्षेपण 11 जून को शाम 5:30 बजे के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। तीनों देशों के लिए यह आइएसएस के लिए उनका पहला मिशन है। इस मिशन में शामिल शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष की यात्रा पर 41 साल बाद जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे पहले सोवियत रूस के सोयुज अंतरिक्ष यान पर 1984 में राकेश शर्मा को भेजा गया था। वायु सेना प्रमुख एयर इधर चीफ मार्शल एपी सिंह ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की सुरक्षित और सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

**मिशन का उद्देश्य:** एक्सिओम-4 मिशन का उद्देश्य विविध हितधारकों देशों को शामिल करके, माइक्रोग्रैविटी अनुसंधान के लाभों को बढ़ावा देकर और अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग को मजबूत करना है। अध्ययनों से मानव स्वास्थ्य, पृथ्वी अवलोकन, जैविक और भौतिक विज्ञान जैसे क्षेत्रों में वैश्विक समझ का विस्तार की उम्मीद है।

# राहुल गांधी के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर रोक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने मंगलवार को लोकसभा सांसद राहुल गांधी को 6 अगस्त तक निचली अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया। साथ ही अदालत ने छह अगस्त तक के लिए राहुल गांधी के खिलाफ जारी गैरजमानती वारंट पर रोक लगा दी है। दरअसल चाईबासा सिविल कोर्ट के एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद राहुल गांधी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। चाईबासा कोर्ट द्वारा जारी किए गए गैर जमानती वारंट को निरस्त करने के लिए राहुल गांधी की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है। चाईबासा सिविल कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करते हुए उन्हें 26 जून 2025 को अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है।

# रिम्स में कोविड मरीज की मौत

### कई अन्य बीमारियों से ग्रसित था बोकारो निवासी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में मंगलवार को एक कोविड संक्रमित मरीज की मौत हो गयी। यह 2025 में झारखंड में कोविड से संबंधित पहली मौत है। 45 वर्षीय मृतक बोकारो का रहनेवाला था। उसका इलाज रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा था।

**कई अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित था मरीज :** रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिरेंद्र बिरुआ ने बताया कि मरीज कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित था। वहीं, ट्रॉमा सेंटर के प्रमुख डॉ. प्रदीप भट्टाचार्य ने स्पष्ट किया कि कोविड को मरीज की मौत का मुख्य कारण मानना उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि मरीज का ईलाज सीआईपी रांची में चल रहा था। कुछ दिन पहले उसे वेंटिलेटर सपोर्ट के साथ रिम्स लाया गया था। जांच में पता चला कि खाने के दौरान उसके फेफड़ों में भोजन चला गया था। इस कारण शरीर में विषाक्तता (सेप्सिस) फैल गया था। मरीज का हृदय काम नहीं कर रहा था। इस बीच उनकी कोविड जांच हुई, जो पॉजिटिव आयी। इसे इंसिडेंटल फाइंडिंग कहा जाता है। इसलिए उनकी मौत कोविड के कारण हुई कहना ठीक नहीं होगा, क्योंकि ऑक्सीजन की कमी से उनकी मृत्यु नहीं हुई है।

**रिम्स में भर्ती है एक और कोविड मरीज :** डॉ. भट्टाचार्य ने बताया कि रिम्स में एक और कोविड संक्रमित मरीज भर्ती है, जो हृदय, किडनी और अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित है। उसे आईसीयू में रखा गया है और उसकी कोविड रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है।

### भारत में अवैध रूप से प्रवेश का मामला

# फरार तीन बांग्लादेशी नागरिक फिर गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** फोरेनर्स होल्डिंग कैंप (डिटेंशन सेंटर) से फरार तीन बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने फिर से गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ सदर अमित आनंद के नेतृत्व में बनी विशेष टीम ने तीनों को प. बंगाल की सीमा से अलग-अलग स्थानों से धर दबोचा, जहां से वे फिर भागने की कोशिश में थे। तकनीकी इनपुट और मानवीय सूचनाओं के आधार पर गठित टीम को गिरिडीह, जामताड़ा, पश्चिम बंगाल और कोलकाता भेजा गया। कोलकाता रवाना हुई टीम ने डीएसपी टेक्निकल सेल और जीआरपी धनबाद की मदद से फिना देवी को धनबाद स्टेशन से दबोचा, जबकि निफा अख्तर और मोहम्मद नजमुल हलधर को पश्चिम बंगाल पुलिस और स्थानीय पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया।



गिरफ्तार तीनों बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से बिना पासपोर्ट और वीजा के अवैध रूप से भारत में घुसे थे। इन्हें अलग-अलग अपराधों में जेल भेजा गया था। सजा पूरी होने के बाद इन्हें हजारीबाग स्थित डिटेंशन सेंटर में रखा गया था, ताकि इन्हें बांग्लादेश वापस भेजा जा सके। इसके लिए भारत सरकार लगातार पत्राचार कर रही थी, लेकिन बांग्लादेश सरकार से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली थी।

शनिवार शाम तीनों ने सुरक्षा दीवार और खिड़की तोड़कर फरार हो गए थे। इसके बाद पुलिस ने सघन छापेमारी शुरू की और सीमावर्ती राज्यों से गिरफ्तार किया।

### नेक्सजेन के मालिक ने विनय चौबे की पत्नी को भेजे ₹1.26 करोड़

**रांची।** शराब घोटाले में फंसे निलंबित आइएएस विनय चौबे की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। एसीबी शराब घोटाले मामले की जांच कर रही है। इस जांच के दौरान जांच एजेंसी को ठोस सबूत मिले हैं। नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह ने विनय चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता के खाते में 1.26 करोड़ रुपये ट्रांसफर किये हैं। जांच में पाया गया है कि करीब सात साल के दौरान विनय सिंह की कंपनी के खाते से स्वप्ना संचिता के खाते में यह रकम ट्रांसफर किये गये हैं। ईडी ने इसीआइआर दर्ज करने के बाद तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे, रिश्तेदार शिपिज त्रिवेदी, नेक्सजेन के मालिक सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापा मारा था। छापेमारी में मिले दस्तावेज और बैंक खातों की जांच के दौरान विनय सिंह की कंपनी के खाते से विनय चौबे की पत्नी के खाते में पैसा ट्रांसफर होने का मामला पकड़ में आया।

### विश्व प्रसिद्ध पुरी में रथ यात्रा 27 जून से होगी शुरू, तैयारी जोरों पर

# स्नान पूर्णिमा आज, 108 घड़ों के सुगंधित जल से पवित्र स्नान करेंगे भगवान जगन्नाथ...

**महोत्सव**

**एजेंसी**

**पुरी।** ओड़िशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा से पहले स्नान पूर्णिमा उत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। रथ यात्रा 27 जून से शुरू होगी, जबकि बहुदा यात्रा 5 जुलाई को है। त्योहार के दौरान, तीन देवताओं- जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को भक्तों द्वारा तीन विशाल लकड़ी के रथों में गुंडिचा मंदिर तक खींचा जाता है, जहां वे एक सप्ताह तक रहते हैं और फिर जगन्नाथ मंदिर लौट आते हैं।

दैतापति सेवक बिनायक दास महापात्र ने मीडिया से बातचीत में इस पवित्र आयोजन के महत्व को साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत में पुरी एक अनूठी जगह है, जहां भगवान जगन्नाथ स्वयं अपने भक्तों के बीच आते हैं। स्नान पूर्णिमा और रथ यात्रा जैसे आयोजन भगवान और भक्तों के बीच गहरे रिश्ते को दर्शाते हैं।



फाइल फोटो

उन्होंने बताया कि 11 जून को स्नान पूर्णिमा उत्सव मनाया जायेगा। इस दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा रत्न सिंहासन से निकलकर स्नान बेदी की ओर बढ़ेंगे। यहां वे 108 घड़ों के सुगंधित जल से पवित्र स्नान करेंगे। दैतापति सेवक मंदिर में प्रवेश करेंगे और रथ यात्रा के समापन तक विशेष अनुष्ठान करेंगे। श्री दास ने बताया कि स्नान पूर्णिमा से पहले देर रात सेनापति लागी और बहुतकांता अनुष्ठान होंगे। इसके बाद स्नान मंडप तक पहांडी जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें भगवान को भव्य तरीके से ले जाया जाएगा।

आगामी रथ यात्रा की प्रशासनिक तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। मंदिर के सेवक अपने-अपने कार्यों में जुटे हैं, ताकि यह आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हो। स्नान पूर्णिमा और रथ यात्रा को देखने के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पुरी पहुंचने लगे हैं। प्रशासन भी सुरक्षा और व्यवस्था के लिए कड़े इंतजाम कर रहा है।




## स्पीड न्यूज

### पलामू डीआइजी से मिले पांकी विधायक



मेदिनीनगर। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पलामू के डीआइजी नौशाद आलम से मुलाकात की। इस दौरान पलामू क्षेत्र की कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और जनहित के विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। विधायक ने डीआईजी को पलामू के अपराधियों पर लगाम लगाने की अपील की ताकि पलामू में अमन–चैन का वातावरण बने। विधायक ने कहा कि बातचीत के दौरान डीआईजी का प्रशासनिक कार्य के प्रति समर्पण का भाव प्रशंसनीय है। उम्मीद है उनके नेतृत्व में पलामू में कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

### ज्योतिलाल रजवार बने शहर थाना प्रभारी



मेदिनीनगर। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने पलामू जिला के विभिन्न थाना एवं टीओपी के दर्जनाधिक पुलिस अधिकारियों का पदस्थापन एक से दूसरे स्थान पर किया है। इसी के तहत इंस्पेक्टर ज्योतिलाल रजवार को शहर थाना प्रभारी बनाया गया। श्री रजवार ने मंगलवार को शहर थाना पहुंच पूर्व थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार से प्रभार लिया। प्रभार ग्रहण के बाद श्री रजवार ने थाना में कार्यरत पुलिसकर्मियों से परिचय प्राप्त कर कहा कि शहर की विधि व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था को मजबूत रखा जायेगा। 2012 बैच के इंस्पेक्टर रजवार इसके पूर्व जमशेदपुर, गोड्डाबंधा एवं भारतीय रेल विभाग में अपनी सेवा दे चुके हैं।

### राकेश सिंह बने टीओपी टू के नये प्रभारी



मेदिनीनगर। टीओपी टू थाना में एएसआई राकेश कुमार सिंह को एसपी रीष्मा रमेसन ने पदस्थापित किया है। इसके बाद श्री सिंह ने पदभार ग्रहण किया। जिन्हें पुलिसकर्मियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके पूर्व राकेश सिंह टीओपी टू के इंचार्ज के रूप में कार्यरत थे। जिन्हें एसपी ने पदस्थापित किया। उन्होंने कहा कि टीओपी टू क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाया जायेगा। पुष्प गुच्छ भेंट करवालों में आरक्षी मुकेश सिंह, सूर्यनाथ सिंह, मिथलेश पासवान, विकास कुमार, धर्मेंद्र पासवान व अन्य शामिल थे।

### बिगेश राय ने पांडू थाना में दिया योगदान



पांडू, पलामू। नवपदस्थापित थाना प्रभारी बिगेश कुमार राय ने पांडू थाना में योगदान दिया। योगदान के बाद पूर्व थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने नव पदस्थापित थाना प्रभारी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। श्री सौरभ ने कहा कि पांडू काफी अच्छा जगह है, यहां के लोग बहुत अच्छे है। वहीं नव पदस्थापित थाना प्रभारी ने कहा कि पांडू में अमन चैन रखना हमारी प्राथमिकता होगी।

### आनंद कुमार ने तरहसी में दिया योगदान



तरहसी पलामू। तरहसी के थाना प्रभारी नीरज कुमार का तबादला होने के बाद नये थाना प्रभारी आनंद राम ने मंगलवार को योगदान दिया है। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर उन्हें स्वागत किया और लिखित योगदान करवाया। श्री राम ने कहा कि मेरे लिए तरहसी क्षेत्र नया है, कुर्सी और कार्य नया नहीं है। पुराने प्रभारी से मंत्रणा के बाद लंबित कार्य का निष्पादन करूंगा। मौके पर एसआई बालकृष्ण, अशोक कुमार, मनिंदर शर्मा, पंकज कुमार, चौकीदार शिव कुमार, गजेंद्र पासवान भी थे।

### शशि शेखर पांडेय पाटन और सतीश गुप्ता नावा जयपुर के थाना प्रभारी बने



पाटन पलामू। पाटन थाना के नये प्रभारी के रूप में शशि शेखर पांडेय व सतीश गुप्ता नावा जयपुर थाना प्रभारी के रूप में योगदान दिये। श्री पांडेय ने पाटन थाना के निवर्तमान थाना प्रभारी लालजी और सतीश गुप्ता ने कमल किशोर पांडेय से पदभार लिया। पुलिसकर्मियों ने नये थाना प्रभारी को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। नये थाना प्रभारी ने कहा कि कोई भी समस्या किसी की होती है तो वे बेझिझक आकर मिलकर अपनी समस्या रख सकते हैं। तत्काल जांचोपरांत कार्रवाई की जायेगी। निवर्तमान थाना प्रभारी के कार्य को लोगों ने सराहा तथा नये थाना प्रभारी से भी सहयोग की अपेक्षा की। मौके पर एएसआई संतोष कुमार, एएसआई धर्मेंद्र सिंह, मुखिया रंजीत सिंह व कर्मी मौजूद थे।

### सतबरवा के छात्रों ने निकाली प्रभातफेरी



सतबरवा पलामू। राजकीयकृत प्लस टू सर्वोदय उच्च विद्यालय सतबरवा के छात्रों ने प्रभात फेरी निकाली। रैली से मादक पदार्थ सेवन नहीं करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में 9वीं से 12वीं के छात्र–छात्राएं मौजूद थे। प्रभारी प्राचार्य अविनाश कुमार चौधरी व जिला प्रशिक्षक के रूप में अभिषेक तिवारी, दिलीप कुमार ने छात्रों को नहीं करने की शपथ दिलायी। छात्रों को तंबाकू और इससे उत्पादों से होने वाले नुकसान, ड्रग्स या नारकोटिक औषधियां नशीली दवा के प्रभाव बताये। मौके पर सत्य प्रकाश शर्मा, रवि रंजन कुमार, सुबोध कुमार, राहुल जायसवाल, रामरक्षा प्रसाद, नरेंद्र राम, भीम यादव भी थे।

### पीएम जन-मन के आवास पूर्णता में तेजी नहीं लाने पर कार्रवाई : डीडीसी



मेदिनीनगर। डीडीसी शब्बीर अहमद ने पीएम आवास योजना (ग्रामीण) एवं पीएम जन-मन की आवास पूर्णता में न्यूनतम प्रगति वाले 100 पंचायतों की समीक्षा की। समाहरणालय के डीडीसी सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने आवास पूर्णता में तेजी नहीं लाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने लक्ष्य के विरूद्ध अपेक्षित प्रगति लाने को कहा। डीडीसी ने हरिहरगंज, पिपरा, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, मनातू, छतरपुर, विश्रामपुर, नौडीहा बाजार, पांडू, नावा बाजार, उंटारी रोड, रामगढ़, पंडवा, पाटन, सतबरवा, तरहसी, नीलांबर–पीतांबरपुर, मेदिनीनगर एवं चैनपुर प्रखंड के कार्य प्रगति की समीक्षा की।

---

सांसद बीडी राम ने पाटन प्रखंड के कुम्हवा में लगाया चौपाल सुनी जन समस्याएं

# ग्राम स्तरीय समस्याओं के निराकरण को पंचायत चौपाल आवश्यक : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। सांसद विष्णुदयाल राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के तहत पंचायत चौपाल लगाकर वहां के लोगों की समस्याओं को सुना। इसी क्रम में सांसद ने मंगलवार को पाटन प्रखंड अंतर्गत कुम्हवा ग्राम पहुंचकर पीपल पेड़ की छांव तले चौपाल लगाया। मौके पर सांसद ने स्थानीय लोगों की समस्याओं से रू ब रू हुए तथा समस्याओं के निराकरण के संबंध में की जाने वाली कार्रवाई के बारे में भी उन्हें बताया।



**खास बातें :** चौपाल के दौरान श्री राम ने बताया कि इस प्रकार की चौपाल से वहां के स्थानीय लोगों तक जनप्रतिनिधियों की सीधी पहुंच होती है क्योंकि किसी गांव या पंचायत की क्या समस्या है वे वहां का स्थानीय लोगों से अच्छा कोई नहीं बता सकता है। उन्होंने लोगों को सरकार की ओर से चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजना से भी लोगों को अवगत कराया। कुड़वा मोड़ आगमन होते ही लोगों ने सांसद का भव्य स्वागत भी किया। स्थानीय लोगों ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर जागरूकता रैली भी निकाली। सांसद श्री राम ने उपस्थित लोगों को संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत विकसित भारत के लिए संकल्प भी दिलाया। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को नेतृत्व में भारत उल्लेखनीय रूप से विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की जोर अग्रसर है। मोदी सरकार के 11 वर्ष अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ पूरे हो रहे हैं। सांसद ने कहा कि सभी भारतवासी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के साथ सशक्त और समृद्धशाली भारत पर गौरवान्वित है।

# नावा बाजार के तुकबेरा में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में पलामू सांसद शामिल

- पलामू की अरहर पूरी एशिया में सबसे बेहतर : सांसद बीडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता

नावा बाजार पलामू। सांसद श्री विष्णु दयाल राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत नावाबाजार के तुकबेरा ग्राम में कृषि विज्ञान केंद्र पलामू के तत्वावधान में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित किसानों के साथ सीधा-संवाद, नई तकनीक एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी, किसानों का फीडबैक एवं नवाचार का डॉक्यूमेंटेशन आदि कार्यक्रम में शामिल होकर कृषकों को सरकार द्वारा चलाई जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। ताकि उन्हें उन्नत कृषि, फसल एवं तकनीकों के बारे में समझाया ताकि उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया जा सके। मौके पर सांसद ने कहा कि पलामू की अरहर पूरे एशिया की सबसे अच्छी क्वालिटी और गुणवत्ता वाली होती है।



**खास बातें :** कृषि विभाग के लोग सुनिश्चित करें कि अरहर की पैदावार कैसे बढ़े इसके लिए यहां के लोगों को जागरूक, प्रेरित और प्रोत्साहित करने की जरूरत है। उन्होंने श्रीधन योजना के तहत मोटे अनाजों की खेती पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व में पलामू की धरती पर मोटी अनाज जैसे जौ, बाजरा, तिल, मरुआ आदि की अच्छी पैदावार होती थी परंतु आजकल इसकी पैदावार काफी कम हो गयी है। लोगों को जागरूक करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने इसके अलावे महुआ की खेती पर भी अधिक बल दिया। कहा कि महुआ की खेती में लागत बहुत कम और मुनाफा अधिक है जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। किसानों के हित में अनेको योजनाएं चलायी जा रही है जिससे अधिक लाभ किसान उठायें, वे जागरूक बने एवं योजनाओं की जानकारी रखें। उल्लेखनीय है कि कृषि विज्ञान केंद्र पलामू (चियाकी) द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के निर्देश पर 29 मई से 12 जून तक जिले के विभिन्न क्षेत्रो में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

---

निषिद्ध मादक पदार्थों के सेवन से संबंधित प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित, उपायुक्त समीरा एस बोलीं

# प्रशिक्षण जरूरी, आमजनों में जागरूकता अभियान चलायें

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। समाहरणालय के दूसरे तल्ले पर स्थित सभागार में जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में निषिद्ध मादक पदार्थों के इस्तेमाल व इसपर रोक लगाने को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने की। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। मौके पर उपायुक्त श्रीमती समीरा ने कहा कि आज का यह प्रशिक्षण जो आप सभी ले रहे हैं, वह अत्यंत ही महत्वपूर्ण विषय से संबंधित है। उन्होंने कहा कि नशा का असर सीधे-सीधे समाज पर बुरा प्रभाव डालता है,ऐसे में इसे पूर्ण रूप से खत्म करने की जिम्मेदारी हमारी और आपसबों की है। उन्होंने कहा कि इसे जड़ से खत्म करने के लिए जरूरत है कि निषिद्ध मादक पदार्थों पर पूर्ण रूप से रोक लगाया जाये।



कर्मचारियों को शपथ दिलाते डीसी व उपस्थित अन्य।

उन्होंने कहा कि इस पर रोक लगाने के लिये यह आवश्यक है कि मादक पदार्थों के विरुद्ध जिले में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाये। उन्होंने कहा कि आज की तिथि में नशा एक महामारी की तरह फैलता ही जा रहा है और इसमें भी दुखद बात यह है कि स्कूली बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहें है जो हमारे देश के भविष्य है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी लोगों से प्रशिक्षण में बताये गये बातों को ध्यानपूर्वक सुनने और बतायी गयी सभी बातों को दूसरे लोगों को बताने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता से सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। इस अवसर पर उपायुक्त ने कार्यशाला में मौजूद सभी लोगों को नशा सेवन के विरुद्ध शपथ दिलायी।

# बैठक में अपडेट रिपोर्ट के साथ भाग लें पदाधिकारी : उपायुक्त

- अंतरविभागीय समन्वय से विकास कार्यों को दें गति
- उपायुक्त ने जिले के सभी तकनीकी पदाधिकारियों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। विभागीय पदाधिकारी बैठक में आने के पूर्व अपने विभाग से संबंधित कार्य, कितनी योजनाएं चल रही है। योजनाएं कब शुरू हुई और कबतक पूर्ण होगी। इससे संबंधित विस्तृत व अपडेट रिपोर्ट के साथ बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करें। योजनाओं की प्रगति को लेकर सक्रियता से कार्य करें। कार्य लंबित एवं शिथिल नहीं रखें। राज्य व विभागों को पत्र लिखने में नहीं तत्परता के साथ कार्य प्रगति लायें। अंतरविभागीय समन्वय से विकास कार्यों को गति दें। यह बातें पलामू उपायुक्त समीरा एस० ने कही। वे आज जिले के सभी तकनीकी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहीं थीं। उपायुक्त ने विभिन्न तकनीकी पदाधिकारियों के साथ उनके संबंधित विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं एवं कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की। कार्य समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने भवन निर्माण प्रमंडल द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान पाया कि दर्जनभर से अधिक योजनाएं क्रियान्वित नहीं हो रही हैं। उपायुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए भवन निर्माण प्रमंडल की जो योजनाएं अबतक क्रियान्वित नहीं हुआ है, उसे कैंसिल किया। कई योजनाएं ऐसे पाये गये, जो स्वीकृत तो हो गये लेकिन जमीन की उपलब्धता नहीं रहने के कारण पिछले दो-तीन वर्षों से लंबित हैं। इसके अलावा उपायुक्त ने अनटाइड फंड की राशि से स्वीकृत योजना के कार्यो की शुरूआत नहीं होने की स्थिति में 13 जून तक सूची तैयार करते हुए निर्गत राशि वापस करने का सख्त निदेश भवन प्रमंडल के अभियंता को दिया। उपायुक्त ने सभी तकनीकी पदाधिकारियों को पुरानी योजनाएं, जो हस्तगत करा दिए गये हैं उसे सूची से बाहर करने का निर्देश दिया।



बैठक में मौजूद डीसी व अन्य।

### नशा मुक्ति अभियान को लेकर निकली प्रभात फेरी



पाटन पलामू। उमवि बसदह से विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली गयी। इसका नेतृत्व प्रधानाध्यापक हरेंद्र कुमार सिंह ने किया। मौके पर जीसीआरपी फातिमा बेगम, वार्ड सदस्य सोनी देवी, शिक्षक अखिलेश कुमार सिंह एवं एसएचजी के एडब्लू और वीओ एसएसी भी शामिल हुए। छात्र–छात्राओं के द्वारा नशा मुक्ति पर हम सब का एक ही नारा, नशा मुक्त हो देश हमारा। जिसने नशे को गले लगाया, मौत ने उसको गले लगाया। जन–जन से आई आवाज, नशा मुक्त हो हर समाज आदि कई तरह के नारे लगाये गये।

### कृषि मित्र ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

चैनपुर पलामू। प्रखंड के सभी कृषि मित्र ने क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया को मानदेय लागु चालू करने व 15 माह से प्रोत्साहन राशि नहीं देने के संबंध में मांग पत्र सौंपा है। चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष संजू चौरसिया ने बताया की हम सभी कृषि मित्र मिलकर प्रखंड कृषि पदाधिकारी के निर्देश पर कार्य करते हैं तो प्रोत्साहन राशि में विलंब नहीं होनी चाहिए परंतु सरकार की निष्क्रियता के कारण कृषि मित्र आज तक न कोई मानदेय लागु न ही समय पर प्रोत्साहन राशि जो कि सरकार की विफलताओं का कारण है। इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवनारायण उरांव से बात करने पर बताया की मांग जायज है इसके पक्ष में कार्य होनी चाहिए। इस अवसर पर संजू चौरसिया, महेंद्र चौरसिया, नागराज प्रसाद गुप्ता, अखिलेश उरांव, बिनोद बैठा उपस्थित थे।

# किन्नी ग्राम में 16 जून को मनेगी अनिल चौरसिया की 13वीं पुण्यतिथि

- विधायक आलोक चौरसिया ने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों संग की बैठक
- विधायक ने चैनपुर की जनता से की पुण्यतिथि में शामिल होने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू)। सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय अनिल चौरसिया की 13वीं पुण्यतिथि मनाने को लेकर मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया ने अपने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ बैठक कर आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की। प्रत्येक वर्ष की भांति 16 जून को शाहपुर-गढ़वा रोड में किन्नी गांव स्थित स्व. अनिल चौरसिया की प्रतिमा के समक्ष पुण्यतिथि सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा। विधायक ने क्षेत्र की आम जनता से 16 को जून को किन्नी में स्व अनिल चौरसिया के पुण्य तिथि कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। विधायक आलोक ने कहा कि कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सह उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास की उपस्थिति में शोक सभा सह श्रद्धांजलि का कार्यक्रम किया जायेगा।



# 10 दिन से लापता बच्चा का अर्धनिर्मित कुआं से मिला शव

- सुआ का गौतम मानआहर गांव में एक जून को आया था बारात

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। 10 दिनों से लापता बच्चे का शव पड़वा थाना क्षेत्र के मान आहर गांव के एक अर्धनिर्मित कुंआ से बरामद हुआ है। जिस कुआं से शव मिला है वह सड़मा मवि के बगल में स्थित है। जानकारी के अनुसार एक जून को रामगढ़ थाना क्षेत्र के बेड़मा से पड़वा थाना क्षेत्र के मान आहर के अनील साव के घर आयी थी। उसी में मृतक गौतम अपने पिता कुलदीप गुप्ता के साथ आया था। सुबह बारात वापस हो गयी। तब तक बच्चे की कोई खोजबीन नहीं की। बारात जब बेड़मा वापस लौटी, कुलदीप अपने घर जाकर पुत्र को नहीं देखा तब खोजबीन कर मान आहर आया। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। उसने पड़वा थाना पुलिस को जानकारी दी। मंगलवार को एक महिला कुआं के बगल से गुजर रही थी तभी उसकी नजर कुआं में तैरते शव पर पड़ी।



### मालगाड़ी की चपेट में आने से ठेला चालक की मौत



हैदरनगर पलामू। हैदरनगर–कोशियारा रेलवे स्टेशन के बीच रेल फाटक संख्या 50 से पश्चिम दिशा हैदरनगर कोइरीडीह निवासी व ठेला चालक राम प्रवेश राम की मौत मालगाड़ी ट्रेन की चपेट मे आने से हों गई। जानकारी के अनुसार प्रवेश राम ने अपने परिजनों से यह कहकर शाम को घर से निकाला था कि वह एक घंटे के बाद घर आ जायेगा। देर रात तक परिजनों ने काफी खोज बीन की उन्हे प्रवेश राम का पता नहीं चला। सुबह में जानकारी मिली कि उनकी मौत ट्रेन की चपेट मे आने हो गयी। इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस और आर पी एफ को दी गयी। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। राम प्रवेश राम की मौत पर हैदरनगर के व्यसायी अनिल लाल, भाजपा नेता डॉक्टर अजय जसवाल, उप मुखिया पवन कुमार ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## आरसीयू से संचालित सभी कॉलेजों में चलाया जायेगा नशा मुक्ति अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विवि के सभागार में मंगलवार को एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। संचालन कुलपति डॉ संजय कुमार झा ने किया। बैठक में आरसीयू के सभी शासकीय पदाधिकारी शामिल हुये। बैठक में छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के सेवन से दूर रखने के विभिन्न उपायों पर चर्चा हुयी। इसके रोकथाम कैसे किया जाए इस पर भी गहन विमर्श हुआ। निर्णय लिया गया कि आरसीयू से संचालित सभी महाविद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान चलाया जायेगा। जिसकी शुरुआत बुधवार से होगी।

## स्नातक में ऑफलाइन नामांकन हुआ प्रारंभ

तरहसी पलामू। तरहसी प्रखंड में 2010 से स्थापित मात्र एक कॉलेज सुखदेव सहाय मधेश्वर सहाय जहां स्नातक स्तर की पढ़ाई होती है। आट्र्स (कला), कॉमर्स (वाणिज्य) एवं विज्ञान (साइंस) संकाय में सत्र 2025/2029 के लिए ऑफलाइन नामांकन प्रारंभ हो गया है। प्रो इंचार्ज प्रभाकर ओझा ने बताया कि ऑनलाइन में नामांकन प्रारंभ हो गया है, जो महाविद्यालय में किया जा रहा है। एनपीयू द्वारा पोर्टल भी खुल गया है। कॉलेज की चांसलर पोर्टल से 6 जून से 15 जुलाई तक ऑनलाइन नामांकन प्रारंभ है।

## नशा मुक्ति अभियान को लेकर छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी



खबर मन्त्र संवाददाता

हरिहरगंज पलामू। नशा मुक्ति अभियान के तहत स्थानीय बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं के द्वारा मंगलवार को प्रभातफेरी निकाली गई। इस दौरान छात्राओं ने अपने हाथों में लिए बैनर, पोस्टर व तख्ती पर लिखित नशा मुक्ति स्लोगन के माध्यम से नशा पान से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया। विद्यालय परिसर से निकाली गयी जागरूकता रैली मेन रोड होते हुए शहर के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरी। छात्राओं ने नारे लगाते हुए लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया। प्रभातफेरी में विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह, शिक्षक रंजीत सिंह, अनूप कुमार, अमित कुमार, सच्चिदानंद सिंह, संतोष पाठक शामिल थे।

---

# दलित महिला से मारपीट के आरोपी विद्यासागर की गिरफ्तारी की मांग तेज

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया थाना का घेराव

खबर मन्त्र संवाददाता

पांकी पलामू। प्रखंड के बांसडीहा की दलित महिला लछोइया कुंवर की बेरहमी से पिटाई के विरोध में जनाक्रोश लगातार तेज होता जा रहा है। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में आरोपी पारा शिक्षक विद्यासागर पांडेय की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पांकी थाना का घेराव किया। विधायक ने दलित सम्मान के पक्ष में खुलकर आवाज बुलंद की। घटना के बाद भुइयां समाज के लोगों में गहरा आक्रोश है। डॉ मेहता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पांकी विधानसभा में विशेष कर दलितों के प्रति अत्याचार बढ़ा है। दलित समाज का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। एक महिला के साथ जो अत्याचार हुआ है, वह पूरे समाज के खिलाफ अपराध है। प्रशासन अगर न्याय नहीं देता है तो हम चुप नहीं बैठेंगे। दोषी को सजा दिलाकर रहेंगे। विरोध मार्च में सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रशासन को 24 घंटे के भीतर विद्यासागर पांडेय की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का अल्टीमेटम दिया था। लेकिन पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी अभी तक नहीं की।



आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

पांकी थाना प्रभारी आरोपी को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। जिससे लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास खत्म हो गया है। यदि पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं करती है तो बीच सड़क पर उसे दौड़ा-दौड़ा कर पीटा जायेगा। अगर आरोपी को तुरंत नहीं पकड़ा गया तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा। दलित समाज के लोग अब चुप बैठने वाले नहीं हैं। विधायक के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रभात भुइयां, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, पांकी के विधायक प्रतिनिधि मिंटी वर्मा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, भाजपा नेत्री मंजू लता दुबे, रीमा शर्मा, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, सुनील गुप्ता, मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह, जसवंत सिंह, कार्तिक सिंह, राजेंद्र भुइयां, अमारिक भुइयां, संजय भुइयां, फौदी भुइयां, कमेश यादव, सुनील पासवान, रंजय भुइयां थे।

# मनातू में बिजली कटौती से परेशान लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता

मनातू (पलामू)। जिले के मनातू प्रखंड में बिजली विभाग की लापरवाही और भारी कटौती ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। भीषण गर्मी और गर्म हवाओं के बीच तापमान 40 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है, लेकिन बिजली आपूर्ति की स्थिति दयनीय बनी हुई है। 24 घंटे में महज 2 घंटे बिजली मिल रही है और कई बार पूरी रात बिजली गुल रहती है। इससे न केवल आम लोग रातभर नींद से वंचित हैं, बल्कि छोटे बच्चे, बुजुर्ग, और बीमार लोग सबसे ज्यादा परेशानी झेल रहे हैं। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया गया था, लेकिन स्थानीय अधिकारियों और पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण यह सुविधा लोगों तक नहीं पहुंच रही।

**कार्यक्रम की मुख्य बातें :** कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें मुफ्त बिजली का लाभ नहीं मिल रहा और बिजली बिल वसूले जा रहे हैं। यह स्थिति ग्रामीणों में आक्रोश को बढ़ा रही है, जो पहले ही बिजली कटौती से त्रस्त हैं। मनातू के निवासियों का कहना है कि बिजली की अनियमित आपूर्ति ने उनके दैनिक जीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। घरों में लगे पंखे, कूलर, और एयर कंडीशनर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बेकार पड़े हैं। गर्मी की तपिश में ये उपकरण केवल दिखावे की वस्तु बनकर रह गये हैं। छोटे बच्चों को रात में नींद नहीं आ रही, जिससे उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। बुजुर्ग और बीमार लोग गर्मी के कारण और अधिक असहज महसूस कर रहे हैं। एक स्थानीय निवासी, रामप्रसाद यादव ने बताया, रातभर बिजली नहीं रहती, बच्चे गर्मी में रोते रहते हैं। सरकार मुफ्त बिजली की बात करती है, लेकिन हमें तो बिजली ही नहीं मिल रही। बिजली कटौती का असर केवल घरों तक सीमित नहीं है। स्थानीय इलेक्ट्रॉनिक दुकानदारों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। दुकानदार राजेश कुमार ने कहा, बिजली के बिना ग्राहक दुकान तक नहीं आते। हमारा कारोबार ठप हो गया है। बिजली विभाग को शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं होती। इसके अलावा, छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है, खासकर उन छात्रों की जो परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।मनातू के लोग नियमित बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर कई बार आंदोलन कर चुके हैं, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिकारी उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेते।

## मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने की मनरेगा सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा

# कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने आज चतरा जिला का दौरा किया। मंत्री के चतरा आगमन पर उपायुक्त कीर्तिश्री ने आभार प्रकट करते हुए पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने परिसदन सभागार, चतरा में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंताओं, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की।

बैठक में मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा मनरेगा के अंतर्गत संचालित योजनाएं जैसे बिरसा हरित ग्राम योजना, खेल मैदान निर्माण एवं सिंचाई कूप संवर्धन योजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

मंत्री ने प्रखंडवार अबुआ आवास की समीक्षा की और वैसे प्रखंड जिनका आवास योजना में प्रगति किस्त एवं आवास पूर्ण कराने के मामले में अपेक्षाकृत नहीं है उनपर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधूरे आवास निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत पौधरोपण को प्राथमिकता देने एवं पौधों की देखभाल और सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना की समयबद्ध पूर्णता पर जोर दिया गया।

मंत्री ने पंचायती राज विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की भी समीक्षा करते हुए इनके सफल क्रियान्वयन के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। आगे जेएसएलपीएस से स्वयं सहायता समूहों से संबंधित जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को भी प्राथमिकता के आधार पर स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाए जिससे अधिक से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें।

### आर्मी जवान का इलाज के दौरान मौत

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत अड्डी बंगला रोड स्थित एक फल दुकान के पास सोमवार की सुबह बेहोशी की हालत में एक युवक मिला। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तिलैया स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति की गंभीरता को देख सदर अस्पताल रेफर किया गया, वहीं इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान मध्यप्रदेश निवासी आर्मी जवान कृष्णपाल सिंह के रूप में हुई है। प्रथमदृष्टया आशंका जतायी जा रही है कि वह ट्रेन में सफर के दौरान नशाखुरानी गिरोह का शिकार हुआ था। बताया जाता है कि बेहोशी की हालत में देख उसे स्थानीय दुकानदार ने अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## उपायुक्त ने नशामुक्त अभियान के तहत प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

# नशामुक्त समाज की दिशा में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं : ऋतुराज

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** राज्य सरकार द्वारा 10 जून से 26 जून तक प्रस्तावित राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष जागरूकता अभियान का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। इस मौके पर समाहरणालय परिसर में उपायुक्त ऋतुराज ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इसके उपरांत उन्होंने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये प्रचार वाहन जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर लोगों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराएंगे तथा जागरूकता संदेश प्रसारित करेंगे। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके भविष्य, परिवार एवं समाज को भी प्रभावित करता है। इससे मानसिक और शारीरिक दोनों प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस सामाजिक बुराई के खिलाफ हमें मिलकर जागरूकता फैलानी होगी। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे इस अभियान में भाग लें और नशामुक्त समाज की दिशा में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं।

## चतरा उपायुक्त ने जागरूकता रथ को किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** उपायुक्त कीर्तिश्री एवं पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने जिला जनसंपर्क कार्यालय चतरा द्वारा मादक पदार्थों के दुष्परिणाम के प्रति आमजनों को जागरूक करने हेतु तैयार किए गए दो हाइड्रोलिक एलईडी प्रचार रथ को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ जिले के चतरा एवं सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोस्टर अनुसार घूम-घूम कर आमजनों को जागरूक आमजनों को नशे के दुष्परिणाम के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगा। प्राप्त निर्देश के आलोक में यह रथ जिले भर में 10 जून से 26 जून तक चलाया जाएगा।

# उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के आईजी पहुंचे कोडरमा, एसपी कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक क्रांति कुमार गड़देशी ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में आईजी श्री गड़देशी ने विभिन्न प्रकार के अभिलेखों की जांच की और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं एसपी सभागार में बैठक कर थानावार, कार्यालय में पदस्थापित, प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों की समीक्षा की। बैठक के दौरान एससी, एसटी, पोक्सो से जुड़े मामलों के अलावे लंबे समय से लम्बित विभिन्न कांडों की समीक्षा कर जल्द से जल्द लम्बित कांडों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। आईजी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वैसे अपराधकर्मियों की सूची तैयार करें जो बार-बार आपराधिक घटनाओं का अंजाम दे रहे हैं, ऐसे अपराधियों पर कड़ी नजर रखें, संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर अविलंब कार्रवाई करें। बैठक में आईजी ने माननीय न्यायालय सुरक्षा, डायल 112, एसआईपीयू आदि की समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आईजी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखें, लम्बित अपराधों की विवेचना, महिला सुरक्षा और साइबर अपराध पर विशेष ध्यान दें। महिला सुरक्षा और साइबर अपराध से जुड़े मामले व पूर्व से लम्बित कांडों का त्वरित गति से निष्पादन करें। जन शिकायत कार्यक्रम में आने वाले मामलों का जल्द से जल्द समाधान करें। मौके पर पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, एसडीपीओ अनिल सिंह, डीएसपी रतिभान सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में आमजनों की सुनीं समस्याएं



**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, शिक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल हैं। जनता दरबार में मिलने आये सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमसंगत जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

### एसडीओ ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से नगर पर्षद की ओर से अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। अभियान झंडा चैक से होते हुए डॉक्टर गली और राजगढ़िया रोड तक चला। यहां सड़क किनारे फलों की टोकरी, सब्जी तोलने की वेट मशीन व अवैध रूप से खड़े टोटो को जब्त किया गया। अभियान के दौरान छह फल विक्रेताओं को थाना में बांड भरवाया गया, उनसे भविष्य में सड़क पर अतिक्रमण नहीं करने का लिखित वचन लिया गया। इसके अलावा, नो पार्किंग में खड़े कई टोटो को जब्त किया गया। वहीं अवैध रूप से सड़क पर लगे चाय स्टॉल को पूर्णिमा टॉकीज के समीप से हटाया गया। अभियान के दौरान एसडीओ ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि हर सड़क पर सख्ती से निगरानी होगी। वहीं नगर प्रबंधक लेमांशु कुमार ने कहा कि अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि जनहित में सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण से मुक्त कराना जरूरी है, ताकि आम नागरिकों को चलने में परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि नगर पर्षद का अभियान नियमित रूप से चलता रहेगा। अभियान में रेवेन्यू निरीक्षक शंभु कुमार रजक, अजित कुमार, अभिषेक कुमार मेहता, संतोष कुमार, मिल्टन टंडन, बिमल कुमार, दुलार चंद्र यादव, सुदर्शन श्रीवास्तव, लखन सिंह, बलराम कुशवाहा, मुकेश राणा, रौशन कुमार, नगर पर्षद के गृह रक्षक एवं पैंथर जवान शामिल थे।

## स्कूली बच्चों ने प्रभातफेरी निकालकर नशामुक्ति का दिया संदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** राज्य सरकार द्वारा 10 जून से 26 जून 2025 तक चलाए जा रहे राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत कोडरमा जिला के सभी सरकारी विद्यालयों में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने हाथों में जागरूकता से संबंधित पोस्टर, बैनर एवं स्लोगन लेकर गांव एवं मोहल्लों में भ्रमण किया तथा आमजनों की नशे की लत से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। बच्चों ने अपने नारों के माध्यम से यह संदेश दिया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। प्रभात फेरी का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति संवेदनशील बनाना और एक नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक प्रयासों को प्रेरित करना था। इस पहल में प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षा विभाग के अधिकारीगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई और बच्चों के प्रयासों की सराहना की।

### डोमचांच सीओ के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**कोडरमा।** डोमचांच अंचल के सीओ और जमीन माफियाओं की मनमानी के खिलाफ वाम जनवादी मोर्चा के द्वारा मंगलवार से समाहरणालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू हो गया। धरना को सम्बोधित करते हुए मोर्चा के नेताओं ने डोमचांच सीओ पर आरोप लगाते हुए कहा कि अंचलाधिकारी और भू–माफियाओं के गठजोड़ से जमीन का अतिक्रमण किया जा रहा है, जिस जमीन का अधिग्रहण किया गया है वह आम रास्ता है। बार बार आवेदन देने और मापी होने के बावजूद भी जमीन अतिक्रमणमुक्त नहीं हुआ, इससे साफ झलकता है कि डोमचांच सीओ और भू–माफियाओं की मिलीभगत है। सीपीआई नेता सह जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि धरगांव, मसनोडीह और खरखार पंचायत में जिन जमीनों को भूमाफियाओं के द्वारा कब्जा किया गया है, उसे कब्जा मुक्त होने तक आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर भाकपा माले जिला सचिव राजेन्द्र मेहता, भगीरथ सिंह, रमेश प्रजापति, ऐक्टू जिला सचिव विजय पासवान, संदीप कुमार, विनोद पांडेय, अशोक यादव, राजेन्द्र यादव, कौलेश्वर राणा, प्रेम प्रकाश पासवान, उदय द्विवेदी, कृष्णकांत मेहता, यशोदा देवी, फुलवा देवी, सकुंती देवी, गीता देवी पार्वती देवी आदि मौजूद थे।

# चतरा में टीएसपीसी का एक नक्सली गिरफ्तार

- देसी कट्टा सहित भारी मात्रा में गोली बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** आतंक का पर्याय बन चुके टीएसपीसी नक्सलियों के विरुद्ध एक बार फिर चतरा पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। टीएसपीसी के खूंखार नक्सली आक्रमण गंझू के सहयोगी अर्जुन गंझू को उसके घर से भारी मात्रा में हथियार व कारतूस के साथ दबोचा गया है।

चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के खूंखार नक्सली आक्रमण गंझू के सहयोगी अर्जुन गंझू लावालौंग थाना क्षेत्र के अपने गांव टिकदा में भारी मात्रा में अवैध गोली एवं हथियार रखे हुए है। सूचना के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन कर अर्जुन गंझू के घर पर छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान अर्जुन गंझू की तलाशी के क्रम में एक लोडेड देसी कट्टा बरामद कर अर्जुन गंझू को हिरासत में लिया गया। जिसके बाद अर्जुन गंझू की निशानदेही पर लावालौंग के टिकदा स्थित जंगल में जमीन के अंदर छुपाया हुआ इंसास रायफल की जिंदा गोली 477 राउंड एवं 303 राइफल का 246 राउंड कुल 727 राउंड जिंदा गोली बरामद किया गया। इसके बाद सभी हथियार एवं गोली को विधिवत जब्त किया गया। साथ ही अभियुक्त अर्जुन गंझू को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

### नशा मुक्ति को लेकर छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड में संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर के छात्र–छात्राओं ने मंगलवार को नशा मुक्ति को लेकर सुबह रैली निकाली जो विद्यालय से चलकर गिद्धौर क्षेत्र का पूरा भ्रमण किया। रैली के माध्यम से छात्र–छात्राओं ने लोगों से अपील की। रैली में शामिल छात्र–छात्राएं नशा छोड़ो जीवन बचाओ घर में सुख शांति बनाए रखो का नारा लगा रहे थे। इस रैली में विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार सिंह, शिक्षक सरोज कुमार, डॉ राजीव दास, राजीव नयन प्रकाश, संतोष सेठ, गोविंद रविदास, उमेश राज, किरण कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, राखी सिंह, जितेंद्र दास, डॉ कृष्ण कुमार, टिन्कू, लीना कुमारी, बीरबल प्रजापति, विपिन कुमार, बसंत मिश्रा, नरेंद्र सिंह, ब्यूटी कुमारी, उमेश पांडेय, पंकज कुमार, सत्येंद्र कुमार, मिनहाज अंसारी, शारदा साल सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं शामिल थे।


## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (आपूर्ति शाखा)

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, कोडरमा जिला से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में PHH, AAY एवं GREEN राशन कार्डधारियों अन्तर्गत विभिन्न कारणों से निम्न अयोग्य लाभुकों का नाम विलोपित करने का आदेश दिया जाता है :–

| क्र0 | कार्डधारी की श्रेणी | विलोपित किए जाने का कारण | विलोपन हेतु अयोग्य कार्डधारियों (लाभूकों) की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | NFSA अन्तर्गत PHH, AAY एवं GREEN राशन कार्डधारियों | आधार कार्ड से Link मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत होना (मृत लाभूक) | 4727 |
| 2 | | विवाह के पश्चात् अन्यत्र वासोवास करना | 14 |
| 3 | | eKYC नहीं किया जाना एवं विगत छः माह से राशन उठाव नहीं किया जाना | 186 |
| 4 | | सुखी सम्पन्न परिवार | 05 (सम्पूर्ण राशन कार्ड का विलोपन) |
| 5 | | सरकारी नौकरी | 08 (सम्पूर्ण राशन कार्ड का विलोपन) |
| कुल :– | | | 4940 |

विलोपन हेतु अयोग्य कार्डधारियों (लाभूकों) की विस्तृत विवरणी कोडरमा जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर उपलब्ध है।

ह0/–
जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कोडरमा।

PR.NO.354625 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26):D

## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा

(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**- बंदोबस्ती हेतु आम सूचना -**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला परिषद क्षेत्रान्तर्गत सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत निर्मित भारत माता कल्याण मण्डप को (Builtup Area- 4794.25 sqft) का आवंटन खुला डाक के माध्यम से तीन वर्षों (36 माह) के लिए किया जाना है। बन्दोबस्ती डाकवक्ता के द्वारा बोली गई अधिकतम डाक की राशि पर आवंटित किया जायेगा।

इच्छुक व्यक्ति दिनांक 12.06.2025 से 21.06.2025 तक "चतरा जिला परिषद कार्यालय" मो0 10,000/– (दस हजार रू0) की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो "DDC CUM CEO DISTRICT BOARD CHATRA" के नाम से भुगतेय हो जमा कर फार्म प्राप्त कर सकता है।

| भवन का नाम | न्यूनतम डाक की राशि (एक वर्ष के लिए) | जमानत की राशि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| भारत माता कल्याण मण्डप, सिमरिया | 300000.00 (रू0 तीन लाख) | 75000.00 (रू0 पचहत्तर हजार) |

नियम शर्तें –
1. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – दिनांक 23.06.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक।
2. डाकबोली की तिथि एवं समय – दिनांक 24.06.2025 के अपराह्न 02.00 बजे।
3. स्थान – जिला परिषद सभाकक्ष, चतरा
4. डाक बोली में उसी डाकवक्ता को भाग लेने की अनुमति दी जायेगी, जो वांछित कागजात (Technical Bid) की अहर्ता रखता हो। वांछित कागजात में सफल डाकवक्ता की सूची कार्यालय नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जायेगा।
5. बन्दोबस्ती की न्यूनतम डाक की राशि मो0 300000.00 (तीन लाख रू0) प्रति वर्ष (तीन वर्ष के लिए–900000.00 (नौ लाख रू0) के लिए निर्धारित की गयी है। उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST अतिरिक्त भुगतान करना होगा।
6. सुरक्षित/जमानत की राशि मो0 75000.00 (पचहत्तर हजार रू0) बैंक ड्राफ्ट द्वारा "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से जिला परिषद, चतरा कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्त्ताओं की जमानत की राशि डाक समाप्ति के तुरंत बाद वापस कर दी जायेगी।
7. डाकवक्ता को जिला के स्थायी निवासी होने पर वरीयता प्रदान की जायेगी।
8. जिला परिषद में किसी भी प्रकार का बकाया रखने वाले व्यक्ति/फर्म बन्दोबस्ती हेतु डाक में भाग नहीं लेगें।
9. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
10. अन्य डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट एवं www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है, जो इस सूचना का एक अभिन्न अंग होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा

PR 354573 District (25-26)_D


## ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधा समां

# जिस मिट्टी का बेटा एक दिन बीच समर सो जाता है, आंगन तो आंगन वह गांव अमर हो जाता है......

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिस मिट्टी का बेटा एक दिन बीच समर सो जाता है, आंगन तो आंगन वह गांव अमर हो जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में ओज कवि ओंकार कश्यप ने यह कविता पढ़ी तो श्रोताओं की भुजाएं राष्ट्रभक्ति में फड़कने लगीं। मेधा डेयरी के प्रोडक्शन अधिकारी और देश के चर्चित युवा कवि रवि कुमार गुप्ता के संयोजन में देशभर से आए कवियों ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को सराबोर कर दिया। देश के चर्चित भजनकार लखनऊ के प्रसिद्ध हास्य कवि शेखर त्रिपाठी ने अपने कुशल संचालन से कवि सम्मेलन की शुरूआत की, तो ठहाके गूंजने लगे। ओज कवि ओंकार कश्यप ने वीर रस, श्रृंगार रस के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द व सद्भावना, देश प्रेम को कवियों ने शब्द दिए, जिसका मौजूद श्रोताओं ने भरपूर समर्थन किया। हर प्रस्तुति के बाद तालियों की गड़गड़ाहट से कार्यक्रम स्थल गुंजता रहा। श्रोताओं ने भी जमकर आनंद उठाया तथा तालियों से हर कवि की रचनाओं का समर्थन किया।

वहीं फेमस कवयित्री अल्पना आनंद ने एक से बढ़कर एक गीत और मुक्तक से लोगों को भाव विभोर कर दिया। वहीं कवि चंदन प्रजापति के मर्म भरी कविता का श्रोताओं ने तालियों से सम्मान किया। वहीं कभी रवि गुप्ता ने अपने श्रृंगार गीतों से लोगों को मोहित किया तथा बाद में बच्चों में संस्कार भरने की बातें कहीं। श्रृंगार की नई वायरल कवयित्री लखनऊ की श्वेता शुक्ला ने अपने सटीक और कर्ण प्रिय छंदों से खूब वाहवाही बटोरी। अंत में झारखंड की अंतरराष्ट्रीय कवयित्री अंकिता सिन्हा ने अपने गजल मुक्तकों से कवि सम्मेलन को बुलंदी पर पहुंचा दिया। उन्होंने तू तू न रहे मैं मैं ना रहूं का मुक्तक पढ़ा और लोगों को मुग्ध कर दिया।

वहीं संचालक शेखर त्रिपाठी की कविताओं को श्रोताओं ने काफी पसंद किया। उन्होंने मजाक-मजाक में जीवन के कुछ ऐसे मूल्यों को बताया जो समाज के लिए हितकारी है। ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों पर पढ़ी गई कविता ने लोगों के रोंगटे खड़े कर दिए।


## झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), जिला कृषि कार्यालय, सिमडेगा।

**आवश्यक सूचना**

जिले के कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) निम्न प्रकार है:–

(in Rs.)

| Sl. No | Company | UREA | DAP | | MOP | SSP | Complex | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Ind./ Imp. | IND | IMP | | | 20:20:0:13 | 14:28:00 | 14:28:14 | 10:26:26 | 16:16:16 |
| 1 | IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | - | 1300.00 | - | - | 1720.00 | - |
| 2 | NFL | 266.50 | - | 1350.00 | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL/ KRIBHCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | 1350.00 | 1525.00 | 540.00 | 1325.00 | 1400.00 | 1650.00 | 1725.00 | - |
| 6 | IPL | 266.50 | - | 1350.00 | 1535.00 | 565.00 | - | - | - | - | 1475.00 |
| 7 | MATRIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | HURL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | PPL | - | 1350.00 | - | - | - | 1350.00 | - | - | - | - |
| 10 | SAI | - | - | - | - | 550.00 | - | - | - | - | - |
| 11 | BVFCL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 12 | BEC | - | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - | - |

नोट:– 1. यूरिया की प्रति बोरी 45KG Pack size की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 Kg Pack size होती है।
2. यदि किसी भी खुदरा उर्वरक विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिला कृषि कार्यालय में इसकी शिकायत की जा सकती है।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी।
4. अनुदानित उर्वरकों की बिक्री में पूर्णता डी0बी0टी0 लागु है अतएव बिना पॉस मशीन के बिक्री करते पाये जाने पर अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 354636 Simdega(25-26)D

## जनगणना जरूरी

देश की जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में देश के पहाड़ी इलाकों मसलन जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की जनगणना का काम 1 अक्टूबर, 2026 तक पूरा किया जाएगा। दूसरा चरण जिसे 1 मार्च, 2027 तक पूरा किया जाना है उसमें देश के बाकी हिस्सों की जनगणना की जाएगी। जनगणना का काम मूलतया 2021 में होना था। शुरूआत में इसे कोविड-19 महामारी के कारण टाला गया। यह जनगणना 16 वर्षों के अंतराल पर होने जा रही है और इसमें स्वतंत्रता के पश्चात पहली बार विस्तृत जाति जनगणना के आंकड़े भी शामिल किए जाएंगे। इससे पहले अंतिम जाति जनगणना 1931 में की गई थी। भारत जैसे तेजी से विकसित होते देश में दशकीय जनगणना अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। लंबे अंतराल को देखते हुए 2027 की जनगणना के आंकड़ों की उत्सुकता से प्रतीक्षा होगी। पिछली जनगणना के बाद से देश काफी बदल चुका है। उदाहरण के लिए देश का सकल घरेलू उत्पाद जो 2011 की जनगणना में करीब 1.8 लाख करोड़ डॉलर था उसके 2027 तक 5 लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर जाने का अनुमान है। देश में शहरीकरण की गति भी तेज हुई है। जो नीतियां बनाई जाती हैं, वे अब उतने विश्वसनीय नहीं रहे क्योंकि वे यह काम 2011 की जनगणना के आधार पर कर रहे हैं। कारोबार की बात करें तो जिस बिक्री को ग्रामीण माना जा रहा है और उस मद में डाला जा रहा है उसका कुछ हिस्सा शहरी हो सकता है। ऐसे में जनगणना स्पष्टता लाने में मदद करेगी। इसके अलावा यह जानना भी महत्त्वपूर्ण है कि आबादी का वास्तविक आकार क्या है। इसके बारे में अनुमान है कि यह चीन से अधिक हो चुकी है और हमारा देश दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला मुल्क हो गया है।

## आज का राशिफल

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )



*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# भारतीय किसानों को सशक्त बनाना ही सरकार का उदेश्य: मोदी

**किसानों की आय बढ़ाना, खेती की लागत कम करना, बीज से लेकर बाजार तक किसानों को आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है।**

**– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**




कृषि भारत की अर्थव्यवस्था और संस्कृति के केंद्र में है, जो लाखों लोगों को आजीविका प्रदान करती है और देश की पहचान को आकार देती है। पिछले ग्यारह वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत के कृषि क्षेत्र में एक गहरा परिवर्तन आया है, जो बीज से बाजार तक (सीड टू मार्केट) के दर्शन पर आधारित है।

यह परिवर्तन समावेशिता को बढ़ावा देता है, छोटे किसानों, महिलाओं के नेतृत्व वाले समूहों और संबद्ध क्षेत्रों का समर्थन करता है, जबकि भारत को वैश्विक कृषि नेता बनाता है। किसान नीति का केंद्र बन गया है, जिसमें आय सुरक्षा, स्थिरता और सुदृढ़ता सुनिश्चित करने वाला एक सक्रिय, प्रौद्योगिकी-संचालित दृष्टिकोण है।

आधुनिक सिंचाई और ऋण पहुँच से लेकर डिजिटल बाजारों और कृषि-तकनीक नवाचारों तक, भारत स्मार्ट खेती को अपना रहा है और बाजरा की खेती और प्राकृतिक खेती जैसी पारंपरिक प्रथाओं को पुनर्जीवित कर रहा है। डेयरी और मत्स्य पालन जैसे संबद्ध क्षेत्र भी फल-फूल रहे हैं, जिससे ग्रामीण समृद्धि और जलवायु-स्मार्ट कृषि को बढ़ावा मिल रहा है। सबसे बढ़कर, मानसिकता बदल गई है, किसानों को अब भारत के विकास के प्रमुख हितधारकों और चालकों के रूप में पहचाना जाता है। जैसे-जैसे भारत अमृत काल में प्रवेश कर रहा है, इसके सशक्त किसान देश को खाद्य सुरक्षा से लेकर वैश्विक खाद्य नेतृत्व तक ले जाने के लिए तैयार हैं।

### बढ़ा हुआ बजट आवंटन

कृषि भारत के अर्थव्यवस्था की रीढ़ के रूप में कार्य करती है, जो खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, रोजगार प्रदान करने और समग्र आर्थिक विकास में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह आबादी के एक महत्वपूर्ण हिस्से की आजीविका का समर्थन करती है और भारत के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने के लिए महत्वपूर्ण बनी हुई है। इसके महत्व को पहचानते हुए, भारत सरकार ने इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए विभिन्न पहलों को लागू किया है और बजट आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की है।



**- नरेन्द्र मोदी**

> दालें पिछले ग्यारह वर्षों में, सरकार दालों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाई है। पहले कम खेती, सीमित खरीद, उच्च आयात निर्भरता और उच्च उपभोक्ता कीमतों से ग्रसित यह क्षेत्र अब बढ़ी हुई खेती, उच्च एमएसपी द्वारा संचालित पर्याप्त खरीद, कम आयात निर्भरता और उपभोक्ताओं के लिए बेहतर मूल्य स्थिरता प्रदर्शित करता है।

कृषि और किसान कल्याण विभाग के बजट अनुमानों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो 2013-14 में 27,663 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 1,37,664.35 करोड़ रुपये हो गई है, जो इस अवधि में लगभग पाँच गुना वृद्धि है।

बजट आवंटन में इस पर्याप्त वृद्धि ने कृषि क्षेत्र को बदलने, बुनियादी ढांचे में अधिक निवेश, खेती के तरीकों के आधुनिकीकरण, सहायता योजनाओं के विस्तार और देश भर के किसानों के लिए आय सुरक्षा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि

भारत का खाद्यान्न उत्पादन 2014-15 में 265.05 मिलियन टन से बढ़कर 2024-25 में अनुमानित 347.44 मिलियन टन हो गया है, जो कृषि उत्पादन में मजबूत वृद्धि को दशार्ता है।

प्रमुख फसलों में चावल, गेहूं, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, जौ, चना, अरहर, दालें, मूंगफली, सोयाबीन, रेपसीड और सरसों, तिलहन, गन्ना, कपास, तथा जूट और मेस्टा शामिल हैं।

### एमएसपी में वृद्धि और किसानों के लिए समर्थन

2014-15 से 2024-25 की अवधि के दौरान, 14 खरीफ फसलों की खरीद 7871 एलएमटी थी, जबकि 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान खरीद 4679 एलएमटी थी।

### गेहूं एमएसपी वृद्धि और रिकॉर्ड खरीद

गेहूं के लिए एमएसपी 2013-14 में 1,400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2024-25 में 2,425 रुपये प्रति क्विंटल हो गई, जिससे गेहूं उत्पादकों को बेहतर रिटर्न सुनिश्चित हुआ। 2014-2024 के दौरान गेहूं के लिए एमएसपी भुगतान के रूप में कुल 6.04 लाख करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं, जो 2004-2014 के दौरान भुगतान किए गए 2.2 लाख करोड़ रुपये की तुलना में काफी अधिक है।

### धान एमएसपी वृद्धि और रिकॉर्ड खरीद

धान के लिए एमएसपी 2013-14 में 1,310 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2025-26 में 2,369 रुपये प्रति क्विंटल हो गई, जिससे लाखों धान किसानों को लाभ हुआ। 2014-15 से 2024-25 की अवधि के दौरान धान की खरीद 7608 एलएमटी थी, जबकि 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान धान की खरीद 4590 एलएमटी थी। 2014-15 से 2024-25 की अवधि के दौरान धान उत्पादक किसानों को भुगतान की गई एमएसपी राशि 14.16 लाख करोड़ रु. जबकि 2004-05 से 2013-14 की अवधि में किसानों को भुगतान की गई राशि 4.44 लाख करोड़ रुपये थी।

ग्रेड-ए धान के लिए एमएसपी 2013-14 में 1,345 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2025-26 में 2,389 रुपये प्रति क्विंटल हो गया

दालें पिछले ग्यारह वर्षों में, सरकार दालों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाई है। पहले कम खेती, सीमित खरीद, उच्च आयात निर्भरता और उच्च उपभोक्ता कीमतों से ग्रसित यह क्षेत्र अब बढ़ी हुई खेती, उच्च एमएसपी द्वारा संचालित पर्याप्त खरीद, कम आयात निर्भरता और उपभोक्ताओं के लिए बेहतर मूल्य स्थिरता प्रदर्शित करता है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर दालों की खरीद में 7,350% की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो 2009-2014 के दौरान 1.52 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) से बढ़कर 2020-2025 के दौरान 82.98 एलएमटी हो गई।

### एमएसपी पर तिलहन की खरीद

पिछले ग्यारह वर्षों में एमएसपी पर तिलहन खरीद में 1,500% से अधिक की वृद्धि हुई है, जो तिलहन किसानों के लिए सरकार के मजबूत समर्थन को दशार्ता है।

## लेटर टू एडिटर

### आतंक का मुकाबला

**शहीद** नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी ने उनके जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाकर देश को संदेश दिया कि आतंकवादियों को तो उनके किए की सजा मिलनी चाहिए। कुछ राजनेता आतंकी घटनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। आतंकवादियों को सजा तो मिले, परंतु गंगा- जमुनी संस्कृति के संरक्षण के साथ हमें आतंकवाद का डटकर मुकाबला करना है।

**–अनिल रांची**

### समता का संदेश

**लेखक,** स्वयं एक शिक्षाविद् होने के नाते, भारत के संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन व विचारों से समाज को अवगत करवा रहे हैं। उनके द्वारा प्रेरणादायक लेख और शिक्षाएं समाज के मार्ग को आलोकित करती हैं। साथ ही, बाबा साहेब अंबेडकर के सपनों का भारत बनाने की दिशा में जो भी बाधाएं हैं, उन्हें दूर किया जाना चाहिए।

**– अश्विनी सिंह, रांची**

## X ट्वीट

**उत्तम** चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है, क्योंकि धन संपदा आदि वसुधा के समस्त वैभव नैतिकता, सुसंस्कार एवं अच्छे चरित्र के अभाव में बेकार है।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

आज दुनिया के कई देशों में आर्थिक तंगी के हालात बन चुके हैं, वैश्विक अस्थिरता के कारण विकसित देशों की ईकोनॉमी भी हिचकोले खा रहा है।

वहीं, भारतीय अर्थव्यवस्था सभी चुनौतियों के बाद भी पूरी शक्ति के साथ डटी हुई है। राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक की मोदी सरकार की दमदार नीतियों और आर्थिक प्रबंधन की तारीफ कर रही हैं।

**– रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली**

# तलाक के कारणों की पड़ताल और बढ़ते मामलो की चिंता



**सोनाली भट्टाचार्य**

कानून

सबसे आम कारणों में से छः बताए गए हैं।

**बेवफाई:** बेवफाई तलाक का एक प्रमुख कारण है, चाहे शारीरिक या भावनात्मक विश्वासघात के माध्यम से। जब एक साथी को पता चलता है कि उनके जीवनसाथी ने किसी और के साथ भावनात्मक या यौन संबंध बनाए हैं, तो विश्वास और सम्मान हमेशा के लिए क्षतिग्रस्त हो सकता है।

भले ही भटकने वाला साथी माफी मांग ले और माफी की भीख मांग ले, लेकिन धोखा खाने वाला साथी इस कृत्य से आगे नहीं बढ़ सकता। यही कारण है कि व्यभिचार तलाक के लिए दूसरा सबसे ज्यादा उद्धृत आधार हुआ करता था (अनुचित व्यवहार के बाद) जिसका इस्तेमाल आप यह दिखाने के लिए कर सकते थे कि आपकी शादी पूरी तरह से टूट चुकी है।

**जुड़ाव और प्रतिबद्धता की कमी**

जबकि हजारों रोमांटिक कॉमेडी इस विचार पर आधारित हैं कि विपरीत लोग एक-दूसरे को आकर्षित करते हैं, वास्तव में, जोड़ों को यह महसूस करने की जरूरत है कि उनके और उनके साथी के बीच कुछ समानता है और वे एक खुशहाल, स्वस्थ विवाह के लिए वास्तव में प्रतिबद्ध हैं। जोड़ों को एक साथ रहने और रिश्ते में प्रयास करने के लिए ₹मन की बैठक की आवश्यकता होती है।

रोमांटिक जुनून की पहली लहर में नजरअंदाज किए जाने वाले मतभेद समय के साथ और भी स्पष्ट हो सकते हैं। अगर जोड़े काम नहीं करते और अपने मतभेदों को दूर करने के तरीके नहीं खोजते, तो उनके बीच का रिश्ता जल्दी ही खराब हो सकता है। एक बड़े पैमाने पर अमेरिकी सर्वेक्षण में पाया गया कि तलाक लेने वाले 73.2% जोड़ों ने प्रतिबद्धता की कमी को अपने वैवाहिक टूटने का मुख्य कारण बताया।

**पैसों की परेशानी**

लगभग 10 में से एक जोड़ा पैसों को लेकर झगड़े के कारण अलग हो जाता है । लेकिन यह पैसे की समस्या नहीं है जो जोड़ों को तलाक अदालतों की ओर धकेलती है - यह इसलिए है क्योंकि जोड़ों के पास परिवार के वित्त का प्रबंधन करने के तरीके के बारे में अलग-अलग विचार हैं। उदाहरण के लिए, एक साथी पैसे के मामले में गैर-जिम्मेदार हो सकता है और अपनी क्षमता से अधिक खर्च कर सकता है, जबकि दूसरा बुरे दिनों के लिए बचत करना पसंद करता है। या एक साथी अपने जीवनसाथी की खर्च करने की आदतों को नियंत्रित करने की कोशिश कर सकता है। लेकिन अगर उन्हें वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, तो मूल्यों में अंतर अधिक स्पष्ट हो सकता है। वित्तीय असंगतताएं तलाक में वित्तीय समझौतों पर बातचीत करने की प्रक्रिया को भी जटिल बना सकती हैं , जिससे जोड़ों के लिए विशेषज्ञ कानूनी सलाह लेना महत्वपूर्ण हो जाता है।

**. खराब संचार:** खराब संचार के कई रूप और रूप होते हैं, जिसमें लगातार बहस करना, समस्याओं को दबा देना या फिर झूठ बोलना शामिल है। लेकिन इसका एक ही नतीजा होता हैः जो जोड़े एक-दूसरे से बात नहीं करते, उनका रिश्ता जल्दी ही खराब हो जाता है।

संचार उन मुद्दों में से एक है जिसके परिणाम बहुत गंभीर होते हैं। यह असंगति, उपेक्षा, कड़वाहट और नाराजगी की भावनाओं को जन्म दे सकता है जो अनियंत्रित रहने पर भारी पड़ सकती हैं। कुछ मामलों में, जोड़े अपनी संचार समस्याओं पर काम करने और एक बार फिर से स्वस्थ संबंध विकसित करने में सक्षम होते हैं। दूसरों में, संचार की कमी इतनी गंभीर हो सकती है कि तलाक ही एकमात्र समाधान बन जाता है।

जहां संचार इतना खराब हो गया है कि उसे वापस नहीं लाया जा सकता, वहां दम्पतियों को तलाक की बातचीत में मध्यस्थता एक उपयोगी साधन लग सकता है।

**. अलग-अलग होना**

कई सालों से साथ रहने वाले जोड़े एक-दूसरे से दूर होते-होते खुद को अजनबी जैसा महसूस कर सकते हैं। लोग बदलते हैं, और वे गतिविधियाँ और रुचियाँ जो वे कभी साझा करते थे, अब उनके जीवन में कोई स्थान नहीं रखतीं, जिससे वे अकेला, उदास या अलग-थलग महसूस करते हैं। बच्चों के बड़े होने और परिवार के घर से चले जाने की प्रक्रिया अक्सर जोड़ों के लिए अपने रिश्ते की स्थिति का आकलन करने के लिए उत्प्रेरक का काम कर सकती है। जीवन के इस चरण को आमतौर पर 'खाली घोंसला सिंड्रोम' के रूप में जाना जाता है, जो जोड़ों को बहुत सारा खाली समय और माता-पिता की ज़िम्मेदारियों में कमी देता है। कुछ जोड़े इस समय का आनंद लेते हैं और गहरे स्तर पर फिर से जुड़ते हैं। दूसरों के लिए, यह पहले से मौजूद मुद्दों को बढ़ा सकता है।

# गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर: भारत की सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक

सामयिक

**- योगेश कुमार गोयल**


कोलकाता में साहित्यिक माहौल वाले कुलीन धनाढ्य परिवार में 7 मई 1861 को जन्मे रवीन्द्रनाथ टैगोर कवि, उच्च कोटि के साहित्यकार, उपन्यासकार और नाटककार के अलावा संगीतप्रेमी, अच्छे चित्रकार तथा दार्शनिक भी थे। टैगोर एशिया के प्रथम ऐसे व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें वर्ष 1913 में विश्वविख्यात महाकाव्य ह्यगीतांजलिह्न की रचना के लिए साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया था। हालांकि उन्होंने यह पुरस्कार स्वयं समारोह में उपस्थित होकर ग्रहण नहीं किया था बल्कि ब्रिटेन के एक राजदूत ने यह पुरस्कार लेकर उन तक पहुंचाया था। नोबेल पुरस्कार में मिले करीब एक लाख आठ हजार रुपये की राशि टैगोर ने किसानों की बेहतरी के लिए कृषि बैंक तथा सहकारी समिति की स्थापना और भूमिहीन किसानों के बच्चों की शिक्षा के लिए स्कूल बनाने में इस्तेमाल की।

टैगोर की महान रचना ह्यगीतांजलिह्न का प्रकाशन वर्ष 1910 में हुआ था, जो उनकी 157 कविताओं का संग्रह है। इसी काव्य संग्रह को बाद में दुनिया की कई भाषाओं में प्रकाशित किया गया। मार्च 1913 में लंदन की मैकमिलन एंड कंपनी ने इसे प्रकाशित किया और 13 नवम्बर 1913 को नोबेल पुरस्कार की घोषणा से पहले इसके दस संस्करण छापे गए। टैगोर की कुछ कविताएं तो बांग्लादेश के स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा भी हैं। जहां तक भारत के राष्ट्रीय गीत ह्यजन गण मनह्न की बात है कि इसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन के दूसरे दिन का काम शुरू होने से पहले 27 दिसम्बर 1911 को पहली बार गाया गया था। हालांकि उस दौरान इस बात को लेकर भी कुछ विवाद चला कि कहीं उन्होंने यह गीत अंग्रेजों की प्रशंसा में तो नहीं लिखा लेकिन इसके रचयिता टैगोर ने स्पष्ट करते हुए कहा था कि इस गीत में वर्णित ह्यभारत भाग्य विधाताह्न के केवल दो ही अर्थ हो सकते हैं- देश की जनता या फिर सर्वशक्तिमान ऊपर वाला, फिर चाहे उसे भगवान कहें या देव।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा रवीन्द्र नाथ टैगोर राष्ट्रीयता, देशभक्ति, तर्कशक्ति इत्यादि विभिन्न मुद्दों पर अलग-अलग राय रखते थे लेकिन दोनों एक-दूसरे का बहुत सम्मान भी किया करते थे। साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार मिलने के बाद टैगोर को गांधीजी ने ही सर्वप्रथम ह्यगुरूदेवह्न कहा था जबकि गांधीजी को महात्मा की उपाधि टैगोर ने दी थी। उन्होंने 12 अप्रैल 1919 को गांधीजी को ह्यमहात्माह्न का सम्बोधन करते हुए एक पत्र लिखा था, उसके बाद ही गांधीजी को महात्मा कहा जाने लगा। मात्र आठ वर्ष की आयु में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने अपनी पहली कविता लिखी थी और 16 वर्ष की आयु में कहानियां तथा नाटक लिखना शुरू कर दिया था। बैरिस्टर बनने के सपने के साथ वह 1878 में इंग्लैंड चले गए थे लेकिन दो ही वर्ष बाद डिग्री लिए बिना ही भारत लौट आए। 1901 में सियालदह छोड़ कर पश्चिम बंगाल के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शांति निकेतन में आने के बाद रवीन्द्रनाथ टैगोर ने वहां प्रकृति की गोद में खुले प्राकृतिक वातावरण में वृक्षों, बगीचों और एक लाइब्रेरी के साथ केवल पांच छात्रों के साथ छोटे-से ह्यशांति निकेतन स्कूलह्न की स्थापना की, जो 1921 में ह्यविश्व भारतीह्न नाम से एक समृद्ध विश्वविद्यालय बना।। 1919 में उन्होंने शांति निकेतन कला के एक स्कूल ह्यकला भवनह्न की भी नींव रखी, जो दो साल बाद विश्व भारती विश्वविद्यालय का हिस्सा बन गया।

शांति निकेतन में ही गुरूदेव ने अपनी कई साहित्यिक कृतियां लिखी और यहां मौजूद उनका घर आज भी ऐतिहासिक महत्व का है। उनका ज्यादातर साहित्य काव्यमय रहा और अनेक रचनाएं गीतों के रूप में प्रसिद्ध हैं। 1880 के दशक में उन्होंने कविताओं की कई पुस्तकें प्रकाशित की और 1890 में ह्यमानसीह्न की रचना की। कविता,

देश में प्रतिशिक्ष बुलेट ट्रेन की तैयारी अंतिम चरण में। **अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### सांसद प्रतिनिधि ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा मंडल के सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, भाजपा युवा मोर्चा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष अवितेश सिंह एवं भाजपा युवा नेता सलिल मोहन सिन्हा ने मंगलवार को पतरातू बीडीओ से मनोज कुमार गुप्ता से मुलाकात की। राकेश सिन्हा ने भुरकुंडा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर ज्ञापन बीडीओ को सौंपा ज्ञापन। उन्होंने क्षेत्र में सड़कों की जर्जर स्थिति, जलनिकासी की समस्या, साफ-सफाई की व्यवस्था, सामुदायिक भवनों की मरम्मत एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को दूर करने की मांग की। बीडीओ ने ने प्रतिनिधिमंडल को सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

### पीओ का धूमधाम से मना जन्मदिन



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी का जन्मदिन मंगलवार को पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। आयोजन बलकुदरा के सीनियर ओवरमैन पप्पू सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी ने केक काटकर की पप्पू सिंह ने परियोजना पदाधिकारी को केक खिलाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। बलकुदरा के सभी अधिकारी, माइनिंग स्टाफ तथा बीएमएस के महामंत्री शशि भूषण सिंह समेत बड़ी संख्या में कर्मियों ने सत्यार्थी को जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वस्थ, सफल एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। पूरा कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और सभी ने जन्मदिन की खुशियों को साझा की।

### वर्कर्स यूनियन का सम्मेलन आज



भुरकुंडा (रामगढ़)। रिभर साईड स्थित यूनियन कार्यालय में मंगलवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन भुरकुंडा शाखा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय सचिव व शाखा अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य नरेश मंडल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सुरक्षा समिति सदस्य विकास कुमार, शाखा सचिव लखेन्द्र राय उपस्थित थे। बैठक में 11 जून को ऑफिसर्स क्लब भुरकुंडा में होने वाले यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का 13वां केंद्रीय सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। मौके पर केंद्रीय सचिव व शाखा अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य नरेश मंडल ने बताया कि केंद्रीय सम्मेलन में झारखंड राज्य के सीसीएल, बीसीसीएल और ईसीएल कंपनी से करीब 300 प्रतिनिधि भाग लेंगे। जिसमें बरका-सयाल एरिया के 36 प्रतिनिधि और भुरकुंडा से 8 प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल होंगे। बैठक में अशोक राम, अनुज कुमार, प्रेम सिंह, जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार, विकास कुमार, आलोक पुरखत, अशोक कुमार, मदन मोहन ओझा, जोगेंद्र ठाकुर, दिवाकर पटेल, अशोक राम, रंजीत कुमार, छोटेलाल गुप्ता, विजय साव, सुनील मिश्रा, अफजल हुसैन, मंजूर अंसारी, अमित रविदास, पवन मौर्या, अमरनाथ चौधरी, देवन्द्र सिंह, ललित देवाणगा, जितेंद्र सिंह, जाफर आलम, राज किशोर यादव, विरेंद्र, नंदन नोनिया सहित कई लोग मौजूद थे।

### कुजू में लगा बगवानी मेला



कुजू। कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय के सभागार में मंगलवार को बिरसा हरित योजना के तहत आम उत्सव सह बगवानी मेला का उद्घाटन मांडू विधायक तिवारी महतो व मांडू बीडीओ ऋतिक कुमार, बीपीओ विजय कुमार, मुखिया ललिता देवी ने किया। मेला में प्रखंड के 12 पंचायत के बिरसा हरित योजना के लाभुकों ने विभिन्न किस्म के आमों का प्रदर्शन किया। लाभुकों ने अतिथियों के समक्ष आम के फसल में होने वाले परेशानी व लाभ के बारे में जानकारी दी। लाभुकों ने बीडीओ से आम बागवानी के विस्तार को लेकर लाभ देने का आग्रह किया। जिस पर अतिथियों ने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर पंचायत सचिव राजकुमार साव, चांदनी कुमारी, आजसू जिला उपाध्यक्ष तेजनाथ महतो, मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार, उप मुखिया कुमारी नीलम, संयोगिता देवी, महेश महतो, पंचित महतो, आशा देवी, राज लक्ष्मी, धनंजय कुमार, इनामुल हक, तीर्थलाल बेदिया, नरेश कुमार, बबलू मोदी, तरन्नुम सहित जेएसएलपीएस के सदस्य शामिल थे।

### बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने दिया धरना



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पीओ कार्यालय परिसर में सोमवार को झारखंडी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने दिया धरना। धरना का नेतृत्व कर रहे मोर्चा के अध्यक्ष किशुन नायक ने कहा कि भुरकुंडा परियोजना क्षेत्र के स्थानीय युवाओं को वर्षों से रोजगार से वंचित रखा जा रहा है। पहले भी विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन सीसीएल प्रबंधन ने लगातार अनदेखी की। मजबूरीवश एक बार फिर संगठन को धरना का रास्ता अपनाना पड़ा है। धरना के दौरान परियोजना पदाधिकारी राकेश सत्यार्थी खुद प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। उन्होंने संगठन के सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल की जाएगी। साथ ही यह भी कहा कि जब तक सभी संबंधित पक्षों के बीच आपसी सहमति नहीं बनती, तब तक लोकल सेल चालू नहीं होगी। प्रभावितों ने कहा कि प्रदूषण, सड़क दुर्घटनाएं, विस्थापन जैसी समस्याओं का सामना करने के बावजूद रोजगार से वंचित रहना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बेरोजगारी के कारण स्थानीय लोग पलायन को मजबूर हैं। कुछ पुराने समितियों के नाम पर कुछ लोगों ने निजी स्वार्थवश हिस्सेदारी पर कब्जा जमा रखा है, जिससे असली प्रभावित आज भी हाशिये पर हैं। धरना में लखन पासवान, जगतार सिंह, बिक्रम कुमार, बबलू ठाकुर, संतन सिंह, अमन कुमार सहित कई स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया और एकजुट होकर सीसीएल प्रबंधन से भुरकुंडा लोकल सेल में स्थानीय बेरोजगारों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की।

# लंबित कांडों का शीघ्र करें निष्पादन

## अपराध गोष्ठी में रामगढ़ के एसपी ने दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय रामगढ़ स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी हुयी। उन्होंने कोर्ट से संबंधित मामलों, लंबित कांडों, अतिसंवेदनशील कांडों (हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एनडीपीएस, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी आदि) की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में टीएसपीसी/पीएलएफआई के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाईल तैयार करने, संवेदनशील कांडों में जेल से बाहर निकले अभियुक्तों का सत्यापन कर निगरानी रखने / प्रत्येक दिन थाना/ओपी प्रभारी द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करने हेतु निर्देश दिया। साथ ही जन शिकायत के प्राप्त मामलों पर अविलंब कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारंट, कुर्की, पासपोर्ट, चरित्र सत्यापन, पीजी पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों, लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों का 02 माह के अंदर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपायों एवं जागरूकता अभियान चलाने, दागियों, गिरोह के सदस्यों का सत्यापन करने, सीसीटीएनएस अन्तर्गत -1 जव 7 फॉर्म को अद्यतन करने, दुकानदारों से अनुरोध कर धारा-144 सीआरपीसी या 163 बीएनएसएस का उपयोग करते हुए दुकानों के सामने सीसीटीवी लगवाने, हिट एण्ड रन मामलों के पीड़ितों को ससमय मुआवजा दिलवाने, डायल 112 में प्राप्त होने वाले शिकायतों का स-समय निपटारा करने, गिरफ्तार आरोपियों के फिंगर प्रिंट को एनएएफआईएस पर अपडेट करने, पुराने मामलों में आरोपियों को स-समय अदालत में उपस्थित कराने, अस्पतालों की सुरक्षा, न्यू क्रिमिनल ला के तहत ई साक्ष्य ऐप का उपयोग, यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूकता अभियान चलाकर आमजनता को जागरूक करने के लिए निर्देश दिया गया। सभी थाना/ओपी प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर वाहन चेकिंग करने तथा आसूचना संकलन करते हुए चोरी, लूट, गृहभेदन एवं डकैती के कांडों को अंजाम देने वाले गिरोह के संबंध में जानकारी एकत्रित करते हुए साक्ष्य के अधार पर गिरफ्तार करें। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक (मु०), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु/रामगढ़, लोक अभियोजक रामगढ़, परिचारी प्रवर / परिचारी पुलिस केन्द्र रामगढ़, पुनि-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़ /रजरप्पा, सभी थाना/ओपी प्रभारी एवं सभी शाखा प्रभारी बैठक में उपस्थित रहें।

**बेहतर कार्य के लिए दरोगा दिगंबर पांडेय को किया सम्मानित :** अपराध गोष्ठी के उपरांत महानिदेशालय केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा पुलिस आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक-2022 से सम्मानित किये गये पुअनि दिगंबर पांडेय को मेडल प्रदान कर अलंकृत किया गया। साथ ही विगत माह में पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों, 03 या 03 से अधिक विशेष/अविशेष लंबित कांडों के निष्पादन, समकालीन अभियान के दौरान वारंटियों का निष्पादन, संगठित अपराधिक गिरोह के राहुल दूबे गैंग के 04 सदस्यों को हथियार के साथ गिरफ्तार करने के मामलों में कुल 31 पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# हजारीबाग में नशामुक्ति अभियान शुरू

## डीसी ने दिलायी शपथ और रवाना किया जागरूकता रथ

खबर मन्त्र संवाददाता




हजारीबाग। राज्य सरकार द्वारा 10 से 26 जून तक चलाए जा रहे राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों को नशामुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई। इसके बाद उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर से तीन जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में घूमकर आम जनता को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेंगे। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि नशा न केवल शरीर, बल्कि व्यक्ति के भविष्य और सपनों को भी खत्म कर देता है। इससे युवाओं में मानसिक और शारीरिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को वेबिनार के माध्यम से अपने-अपने स्तर पर ठोस कदम उठाने का निर्देश भी दिया। जिलेवासियों के नाम अपने संदेश में उपायुक्त ने अपील की कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जिसे मिटाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखने, बच्चों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति शिक्षित करने और समाज को एकजुट कर नशामुक्त वातावरण बनाने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी नागरिकों के सहयोग से हजारीबाग को नशामुक्त और स्वस्थ समाज में बदला जा सकता है।

### हजारीबाग के उपायुक्त ने सुनी जनता की फरियाद

हजारीबाग। समाहरणालय सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले भर से आए लगभग दो दर्जन फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र जांच कर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार में प्रस्तुत मुख्य समस्याओं में भूमि पर अवैध कब्जा, एलपीसी निर्गत करने, पारिवारिक पेंशन, जन वितरण प्रणाली की दुकान आवंटन, मारपीट, पेयजल की समस्या और दिव्यांगों को नौकरी देने से संबंधित आवेदन शामिल थे। प्रमुख आवेदकों में चौपारण की गीता देवी ने बैट्री साइकिल की मांग की। बरही की अंबिया देवी ने खरीदी गई जमीन पर कब्जे की शिकायत की। इचाक से ईश्वर लाल ने दिव्यांगों को चौकीदार की नौकरी देने की मांग की।

### कुजू : ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल



कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के सांडी स्थित प्रेम लाइन होटल के पास से पुराना एनएच 33 सड़क पर ट्रक की चपेट में आकर एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए कुजू पुलिस द्वारा रामगढ़ सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया। जहां उसकी हालत चिंता जनक बनी हुई है। बताया जाता है कि कोयला लोड ट्रक संख्या जेएच02बीएन-6237 रामगढ़ से कुजू की ओर आ रहा था। इसी बीच पल्सर बाइक संख्या जेएच24जी-7361 को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना के बाद ट्रक के चालक व उपचालक फरार हो गया। समाचार लिखे जाने तक घायल का पहचान नहीं हो पाया था।

## उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष ने 51 महिलाओं को दिया खाद्य सामग्री




जन्मदिन पर खाद्य सामग्री वितरित करते जगेश्वर प्रजापति।

खबर मन्त्र संवाददाता

कुजू। बोंगाबार स्थित जेपी रेस्टोरेंट में मंगलवार को उज्जवला फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति के अध्यक्षता में बैठक हुयी। बैठक में फाउंडेशन के विस्तार को लेकर चर्चा हुयी। फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि फाउंडेशन अभी और आगे ले जाना है, ताकि इससे जुड़े सभी महिलाओं को विकास हो। जगेश्वर प्रजापति ने अपने 66 वां जन्मदिवस पर 51 महिलाओं के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया। वहीं मौजूद लोगों ने उनके दीर्घायु होने की कामना किया। मौके पर तोकेश सिंह, रतन प्रसाद, अशोक कुमार, डिंपल प्रजापति, दशरथ प्रसाद केशरी, जनक प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद, नरेश प्रजापति, पिंटू प्रजापति, सुखदेव सोनी, कृष्ण कुमार, आशा देवी, शांति देवी, वीणा देवी, कौशल्या देवी, सुमन देवी, मनसरी देवी, अनिता देवी, छोटन प्रजापति समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### प्रेम मुंडा व राजकुमार ने मुंडा वुशू में जीता स्वर्ण पदक



भुरकुंडा (रामगढ़)। ओडिशा के बड़बिल जिंदल स्पोर्ट्स हॉस्टल के दो प्रतिभाशाली वुशु खिलाड़ी प्रेम मुंडा और राजकुमार मुंडा ने रूस के मास्को में 1 से 7 जून तक आयोजित मास्को वुशु स्टार इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। पुरुषों के वरिष्ठ वर्ग में प्रेम ने 48 किलोग्राम वजन श्रेणी और राजकुमार ने 52 किलोग्राम वर्ग में मेजबान रूस के शीर्ष खिलाड़ियों को हराकर यह शानदार उपलब्धि हासिल की। यह जीत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय वुशु के लिए एक बड़ी उपलब्धि और प्रेरणा का स्रोत है। जिंदल स्पोर्ट्स हॉस्टल, बड़बिल, जिन्दल स्टील एंड पावर की सीएसआर इकाई जिंदल फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और आदिवासी बच्चों की खेल प्रतिभा को तराशना है। यह संस्थान शालू जिन्दल के मार्गदर्शन में संचालित होता है। इस उपलब्धि पर जिन्दल स्टील एंड पावर के चेयरमैन और हरियाणा के कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। जिंदल फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने कहा कि इनकी सफलता गांव से वैश्विक मंच तक पहुंचने की प्रेरणादायक कहानी है। हम अपने हर खिलाड़ी के सपनों को उड़ान देने में विश्वास रखते हैं। ये स्वर्ण पदक इनकी कड़ी मेहनत और लगन को समर्पित है।

# तोपा : कोयले के स्टॉक में आग हुयी विकराल

ज्योति सिन्हा



रामगढ़। रामगढ़ जिला अंतर्गत सीसीएल कुजू क्षेत्र के तोपा परियोजना स्टील टू ग्रेड कोयले के भारी स्टॉक में लगी आग बुझने के बजाय विकराल रूप धारण करता जा रहा है। वहीं प्रबंधन द्वारा आग पर काबू पाने के लिए पाइप लाइन बिछाकर आग पर पानी डालने का काम मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। कोयले के स्टॉक को डोजर, पोकलेन सहित अन्य उपकरणों के माध्यम से काटकर अलग करने का अभियान जारी है। लेकिन प्रबंधन का हर प्रयास नाकाफी साबित हो रहा है।सीसीएल के कोलियरी कोयला स्टॉक में आग लगने की घटना अब आम बात हो गई है। हर वर्ष गर्मी के मौसम में सीसीएल के किसी न किसी कोलियरी के कोयले के स्टॉक में आग लगने की घटना होती है। आग लगने की घटना के बाद कोयला अधिकारी सहज भाव से यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं कि कोयले का स्टॉक अधिक होने तथा डिस्पैच नहीं होने के कारण आग लगी है।आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है। लेकिन इतना मात्र कहकर अधिकारी इससे बच नहीं सकते।आग न लगे इसपर अधिकारी को सतर्क रहने की आवश्यकता है।और अगर कोयले के स्टॉक में आग लगती है तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। क्योंकि यह राष्ट्रीय संपत्ति है,जिसकी हिफाजत की जिम्मेदारी भी संबंधित अधिकारी पर होनी चाहिए। कोयला उत्खनन के लिए कोयला कामगार कठिन परिश्रम करते हैं, लेकिन प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में कोयले के स्टॉक में आग लगने की घटना होती है।अक्सर देखा जाता है कि सीसीएल के कोलियरी कोयला स्टॉक में हीं आग लगती है। जबकि

**गर्मी में हर वर्ष लगती है आग**

कई अन्य निजी कोयला उत्खनन कंपनियों में सीसीएल से अधिक कोयला उत्खनन होता है लेकिन वहां आगजनी की घटनाएं नहीं होती। कारण स्पष्ट है कि निजी कंपनियों में कार्यरत अधिकारियों को उनकी नौकरी जाने का भय रहता है। जिसके कारण उत्खनित कोयला की पूरी सुरक्षा की जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन वहां के अधिकारी करते हैं। लेकिन सीसीएल के अधिकारी की बात निराली है। जब यह सर्व विदित है कि कोयले के भारी स्टॉक होने पर आग लगने की संभावना बढ़ जाती है तो फिर हजारों लाखों मिट्रिक टन कोयले के स्टॉक को एक ही जगह क्यों रखा जाता है। उसे छोटे छोटे डंप कर रखा जा सकता है। लेकिन कोयला अधिकारी ऐसा नहीं करते। और न हीं सतर्कता बरती जाती है।

## एक नजर में

### चरही में ज्योति कलश रथ यात्रा का स्वागत



चरही। हरिद्वार शांतिकुंज से निकली ज्योति कलश रथ यात्रा मंगलवार को चरही पहुंची, जहां पूजा-पाठ और प्रसाद वितरण के साथ नगर भ्रमण का आयोजन हुआ। इस आध्यात्मिक यात्रा का उद्देश्य देशभर के शहरों और गांवों में धर्म, मानवता और सद्भाव का संदेश फैलाना है। चरही पहुंचने पर रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया और स्थानीय ग्रामीणों ने श्रद्धा के साथ इसमें भाग लिया। गायत्री परिवार से जुड़े भक्तों के नेतृत्व में चरही, चनारो, सर्वाहाँ, भेलवाटांड सहित आसपास के क्षेत्रों में रथ का भ्रमण कराया गया। शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रमुख आचार्य झा श्री नरेंद्र विद्यार्थी, शिवानंद पांडे, लक्ष्मण प्रजापति और कमल जी झा ने यात्रा का संचालन किया। उन्होंने बताया कि इस रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रेम, भाईचारा, धर्म के प्रति जागरूकता और मानव कल्याण का प्रसार करना है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भागीदारी की। प्रमुख उपस्थित लोगों में बलराम सिंह, उमेश सिंह, संजय सिंह, रणविजय सिंह, सत्येंद्र सिंह, रमेश यादव, सत्येंद्र सोनी, सुरेश राय, रविंद्र ठाकुर, कमल पंडित, शंभू प्रसाद और लालचंद महतो शामिल थे। महिला मंडल की ओर से अंजू सिंह, माधुरी देवी, रेखा देवी, सविता, पूनम समेत कई महिलाएं मौजूद रहीं।

### हजारीबाग के आदर्श ने फ्रांस में किया शोध



दारू। हजारीबाग के आदर्श कुमार ने फ्रांस में यूरोपियन मैटेरियल्स रिसर्च सोसायटी सम्मेलन में शोध से भारत का नाम रोशन किया। उन्हें विश्व स्तर पर तीसरा स्थान मिला और उनका शोध रॉयल सोसाइटी ऑफ साइंस जैसी प्रतिष्ठित पत्रिका में प्रकाशित किया गया। इस वैश्विक मंच पर 800 से अधिक शीर्ष वैज्ञानिकों के बीच आदर्श के काम को विशेष मान्यता मिली। उनकी सफलता पर पूरे इलाके में खुशी की लहर है। आदर्श की इस उपलब्धि से न सिर्फ हजारीबाग, बल्कि पूरे झारखंड को गर्व हुआ है। उनके घर और मोहल्ले में बधाइयों का तांता लगा हुआ है। आदर्श की मेहनत, लगन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ने यह सिद्ध कर दिया कि छोटे शहरों से भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का परचम लहराया जा सकता है। वे आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणा बन चुके हैं।

### मुखिया का भूख हड़ताल बीडीओ ने तोड़वाया



दारू। हरली गांव में बंद पड़े सीएचसी को चालू करने व प्रखंड के कई समस्याओं जैसे अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार, झुमरा व दारू में अतिक्रमण हटाने, दारू प्रखंड के जर्जर रोड की मरम्मति, मनरेगा में हो रही भ्रष्टाचार व झारखंड आवासीय विद्यालय में शिक्षकों की कमी को भरने जैसे मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी के इकाई जवाहर बाल मंच व हरली मुखिया ने अपने समर्थकों के साथ मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय के मैन गेट के सामने दो दिवसीय धरना में बैठ गए। धरना में बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह भी शामिल हुए। भूख हड़ताल की सूचना पाकर बीडीओ हारून रशीद व पीएचसी प्रभारी डॉ अमरेश कुमार ने धरना स्थल पहुंचे धरनार्थियों से वार्ता की। प्रशासन व धरनार्थियों के द्वारा संतोषजनक वार्ता के बाद बीडीओ हारून रशीद ने जवाहर बाल मंच के जिला अध्यक्ष रिंकू कुमार व हरली मुखिया फरजाना खातून को जूस पिलाकर भूख हड़ताल को तोड़वाया। हरली सीएचसी को चालू करने के मांग पर प्रभारी डॉ अमरेश कुमार ने आश्वासन देते हुए कहा कि इस सीएचसी केंद्र को सोमवार से ही चालू कर दिया गया है।

### बंदखारो में शहीद रामधनी मंडल को दी गयी श्रद्धांजलि



विष्णुगढ़। झारखंड आंदोलन के महान सेनानी शहीद रामधनी मंडल की 44वीं पुण्यतिथि मंगलवार को उनके पैतृक गांव बंदखारो में झामुमो विष्णुगढ़ प्रखंड समिति के तत्वावधान में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी ने कहा कि रामधनी मंडल झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अग्रणी योद्धाओं में से एक थे। वे साधु, सैनाथ, शनिचर महतो और स्व. टेकलाल महतो के साथ मिलकर सामंतवाद के खिलाफ आवाज उठाते रहे और गरीबों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करते रहे।सोशल मीडिया प्रभारी संजय पटेल ने कहा कि शहीद मंडल आम जनों की लड़ाई लड़ते हुए शहीद हुए और झामुमो उनकी विरासत को कभी भूलने नहीं देगा। इस मौके पर देवी राम हेमरम, शेखर महतो, विनोद महतो, नीलकंठ महतो सहित कई लोग मौजूद रहे।

### बड़कागांव में बिजली संकट पर भड़के विधायक

बड़कागांव। बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड में जारी बिजली संकट को लेकर विधायक रोशन लाल चौधरी ने प्रेस वार्ता कर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि 5 घंटे से भी कम बिजली और वह भी लो वोल्टेज के साथ मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक ने 12 जून कोसंबंध मनीष जायसवाल के साथ बिजली विभाग को ज्ञापन सौंपकर 24 घंटे का अल्टीमेटम देने की घोषणा की है। उन्होंने चेताया कि यदि बिजली आपूर्ति दुरुस्त नहीं हुई तो न्ह कार्यालय में तालाबंदी और आंदोलन किया जाएगा। विधायक ने कोयला ट्रांसपोर्टिंग रोकने तक की चेतावनी दी। इस प्रेस वार्ता में भाजपा, आजसू और अन्य संगठनों के कई पदाधिकारी शामिल थे। जन प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर बिजली संकट पर निर्णायक लड़ाई का ऐलान किया।

### बड़कागांव में तीन दुकानों में भीषण आग

बड़कागांव। मंगलवार दोपहर बड़कागांव मुख्य चौक स्थित मधुबन डेकोरेशन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे तीन दुकानों में लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। मधुबन डेकोरेशन के चंद्रदेव गुप्ता के घर से शुरू हुई आग ने पास की दुकानों तक फैलाव कर लिया। सौभाग्य से सभी परिजन सुरक्षित निकल आए, लेकिन भारी नुकसान हुआ। पुलिस, एसडीपीओ, थाना प्रभारी और अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचे। त्रिवेणी सैनिक और एनटीपीसी के दमकलकर्मियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने में स्थानीय युवाओं ने भी मदद की। विधायक रोशन लाल चौधरी ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

### बूथों के पुनर्गठन को लेकर बीडीओ ने की बैठक

बरही। बीडीओ जयपाल महतो की अध्यक्षता में बरही प्रखंड सभागार में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण और चिन्हीकरण को लेकर सर्वदलीय बैठक हुई। बीडीओ ने बताया कि 1200 से अधिक मतदाताओं वाले केंद्रों को पुनर्गठित करने और दूरी वाले क्षेत्रों में नए केंद्र स्थापित करने की योजना है। भौतिक सत्यापन के आधार पर मतदान केंद्रों को आवश्यक सुविधाओं से लैस किया जाएगा और जर्जर भवनों को बदला जाएगा। उन्होंने कहा कि कोशिश की जाएगी कि एक ही परिवार के सभी सदस्य एक मतदान केंद्र पर वोट डाल सकें। बैठक में भाजपा, झामुमो और अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल थे।

### ज्ञान गंगा स्कूल में मैट्रिक के छात्रों को दी गयी विदाई

दारू। ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल में मंगलवार को मैट्रिक में उत्तीर्ण छात्रों को दी गयी विदाई। वद्यालय के डायरेक्टर शशि भूषण प्रसाद ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को मेडल और उपहार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जैक बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का प्रदर्शन शत-प्रतिशत परिणाम आया। अभिमन्यु कुमार ने 91.60 फीसदी अंक लाकर टॉपर बने, महेंद्र कुमार (87.40फीसदी), शबा परवीन (83.20फीसदी) सहित अन्य छात्रों ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए।

## स्पीड न्यूज

### मतदान केंद्रों के रेशनेलाइजेशन एवं आइडेंटिफिकेशन को लेकर बैठक



गुमला। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में मतदान केंद्रों के रेशनेलाइजेशन एवं आइडेंटिफिकेशन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा ने डीसी को सभी प्रखंडों से प्राप्त कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बारह सौ से अधिक की आबादी वाले क्षेत्र में रेशनेलाइजेशन की प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए मतदान केंद्रों को सुव्यवस्थित एवं सुलभ बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों की दूरी दो किमी के अंदर होने चाहिए। बैठक में डीसी द्वारा मुख्य रूप से सभी बीडीओ को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। यह निर्देश दिया गया कि यदि किसी मतदान केंद्र में मिनिमम फैसिलिटी की सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो वहां आवश्यकतानुसार सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही जिन क्षेत्रों में मतदान केंद्रों की दूरी अधिक है, वहां अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को भी कहा गया। बैठक में एसडीओ सदर राजीव नीरज, एसडीओ बसिया जयवंती देवगम,सभी बीडीओ व अन्य सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

### पीवीटीजी परिवार वाले पीएम जन मन योजना का उठा सकते हैं लाभ : बीडीओ

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के मालम पंचायत के सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के परिवारों के बीच महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बीडीओ यादव बैठा, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी राममोहन साहू, पंचायत सचिव महताब आलम और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बीडीओ यादव बैठा ने लोगों से सीधा संवाद करते हुए भारत सरकार की महत्वाकांक्षी 'प्रधानमंत्री जनमन' योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने पीवीटीजी परिवारों को आश्वस्त किया कि वे इस योजना के तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के हकदार हैं। बीडीओ ने उन्हें इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया, ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार आ सके। इस अवसर पर बीडीओ ने ग्रामीणों को नशा मुक्ति हेतु शपथ भी दिलवाई। यह पहल न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए बल्कि सामुदायिक उत्थान के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे इन परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### किसानों को खरीफ और बागवानी फसल उत्पादन की दी गयी जानकारी



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के नौ पंचायत में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें प्रखंड के बरवेनगर, बेंदोरा, चैनपुर, बामदा, मालम, रामपुर, छीछवानी, कातिंग और जनावल में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को खरीफ फसल व बागवानी की ओर बढ़ने और विभिन्न प्रकार की सब्जियां उगाने के बारे में जानकारी दी गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों में तीन-तीन बीटीएम, एटीएम, कृषि मित्र और प्रगतिशील किसान शामिल थे। इन टीमों ने पंचायतों का दौरा किया, किसानों से सीधी बातचीत की, उनकी समस्याओं को समझा और उनके समाधान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर संबंधित पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य और उप प्रमुख भी उपस्थित थे, जिन्होंने किसानों के साथ मिलकर इस पहल की सराहना की। आईसीएआर प्लांडू रांची के प्रधान वैज्ञानिक डॉ बीरेंद्र यादव व कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को खेती के रख-रखाव, फसल प्रबंधन और उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के टोटाम्बी गांव निवासी 24 वर्षीय कविता यादव ने अल्बेस्टर छत में लगे पाइप पर तौलिया के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना मंगलवार सुबह करीब 7 बजे की है। घटना के संबंध में मृतका की चाची सास रोशनी देवी ने बताया की कविता सुबह-सुबह मेरे पास आई। अपने 6 महीने के अबोध बालक को गोद में देकर बोली की रात भर शरीर दर्द दे रहा था। इसलिए दवा लेने जा रही हूं। लेकिन बच्चे को नहीं ले जा पाएंगे। इधर कुछ देर बीत जाने के बाद रोशनी बच्चे की मां को देखने अपने घर से बाहर निकली तो देखा की कविता के घर का मुख्य द्वार ढका हुआ है। जिससे लगा की कविता दवा लेकर वापस नहीं लौटी होगी। पड़ोस के एक बच्चे ने घर के अंदर झांका तब जाकर पता चला कि कविता अपने घर के अल्वेस्टर छत में लगे पाइप में तौलिया के सहारे फांसी पर लटकी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही घाघरा थाना प्रभारी पुनीत मिंज घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेजा दिया। वहीं मामले की छानबीन में जुट गए हैं। मृतका के जेठ सोनू ने बताया कि कविता को सरकारी आवास मिला था। जिसका निर्माण करने के लिए वह माइक्रोफाइनेंस कंपनी से लोन लेकर उक्त पैसे को मिलाकर घर का निर्माण कराई। खुद से स्वालंबन बनने के उद्देश्य से एक छोटा सा किराना का दुकान और सिलाई मशीन भी खरीदी थी। लेकिन ऋण की राशि जमा करने में कठिनाइयां आने लगी। शायद यही कारण रहा होगा कि कविता अपने पीछे 6 महीने का अबोध बालक और अपने पति को छोड़कर जीवन लीला समाप्त कर ली।

---

### गुमला जिले में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान की हुई शुरूआत

# नशामुक्ति के प्रति सकारात्मक माहौल सृजित हो : डीसी

**डीसी ने जागरूकता वाहनों को दिखाई हरी झंडी**



जागरूकता रथ को रवाना करती डीसी प्रेरणा दीक्षित व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिले में 10 से 26 जून तक निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। समाहरणालय परिसर से आयोजित उदघाटन समारोह में डीसी प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक गुमला हारिस बिन जमान द्वारा संयुक्त रूप से जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित 04 जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान जिले में नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता को बढ़ावा देने एवं युवाओं में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। जागरूकता रथ द्वारा प्रत्येक प्रखंडों में 10 जून से लेकर 26 जून तक भ्रमण करते हुए स्थानीय नागरिकों को निषेद्य मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूक किया जाएगा। अभियान के तहत जिले भर में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से परियोजना निदेशक आईटीडीए, सिविल सर्जन गुमला, जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। डीसी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि अभियान को प्रभावी बनाने हेतु सभी विभागीय स्तर पर समन्वय स्थापित करते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि समाज में नशामुक्ति के प्रति सकारात्मक माहौल सृजित हो।

---

# पीएम नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल ने देश को एक नयी दिशा प्रदान की : ओम प्रकाश सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 वर्ष पूरा होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भाजपा नेतृत्व को बधाई देते हुए इन वर्षों को देश के लिए स्वर्णिम तथा अमृतकाल बतलाया। उन्होंने कहा है कि इन 11 वर्षों में देश ने सभी मापदंडों को पूरा किया है, विश्व पटल पर देश ने एक अमिट छाप छोड़ी है, देश ने विश्व में चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में सबके सामने खड़ी है, मोदी सरकार तथा भाजपा ने जो देश से वादे किए थे वह पूरा हो रहे हैं। आराध्य देव भगवान श्री राम का भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है,आज कश्मीर के लोग धारा 370 के समाप्त होने पर देश के साथ मुख्य धारा से जुड़ गए हैं, तीन तलाक जैसे कानून को समाप्त कर महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय को समाप्त किया गया है। महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत से योजनाओं पर कार्य हो रहे हैं। श्रीनगर से लेकर कन्याकुमारी तक आज संपूर्ण देश रेलवे से जुड़ गया है, विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे पुल के निर्माण से देश का प्रत्येक नागरिक गौरवान्वित महसूस कर रहा है। मोदी सरकार ने आतंक पर कड़ा प्रहार कर दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए हैं। पुलवामा घटना के उपरांत सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने की शुरूआत कर पहलगाम में हुए जघन्य घटना पर ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से उसे नेस्तानाबुद करने की कार्रवाई की गई है। आज यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इन 11 वर्षों के कार्यकाल ने देश को एक नई दिशा प्रदान की है और देश विश्व गुरु बनने की ओर तेजी से बढ़ता दिखाई दे रहा है।

---

### डीसी ने जागरूकता रथ को किया रवाना, युवाओं को दी सलाह

# नशा से रहें दूर, इससे जीवन होता है बर्बाद : डॉ ताराचंद

खबर मन्त्र संवाददाता



जागरूकता रथ को रवाना करते डीसी डॉ ताराचंद।

**लोहरदगा।** डीसी डॉ ताराचंद ने जिला में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाने के लिए जिला जनसम्पर्क कार्यालय के दो जागरूकता रथों को नगर भवन परिसर लोहरदगा से रवाना किया। जागरूकता रथ के द्वारा एलईडी के माध्यम से वीडियो फिल्म के द्वारा राज्य सरकार की ओर से निषिद्ध किये गये मादक पदार्थों से बचाव, नशा से दूर रहने, नशे के दुष्प्रभाव से संबंधित जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि आज नशाखोरी बहुत बड़ी समस्या है। इससे समाज के विशेषकर युवा वर्ग ग्रसित है। नशा के विभिन्न संसाधन इनकी पहुंच में हैं जिससे निजात दिलाना हमारा कर्तव्य है। जिला प्रशासन की ओर से लोहरदगा जिला के गांवों, पंचायतों में जागरूकता रथ के द्वारा लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसमें विभिन्न निषिद्ध मादक पदार्थ के अधिनियमों की भी जानकारी दी जाएगी जिसके तहत निषिद्ध पदार्थो का भंडारण, सेवन व विक्रय दण्डनीय अपराध है। यह राज्यव्यापी जागरूकता अभियान 10 से 26 जून तक चलेगा। राज्य सरकार के निर्देश पर लोहरदगा जिला में भी यह जागरूकता अभियान सभी पंचायतों में चलाया जा रहा है। इस अवसर पर डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसडीओ, अमीत कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनन्दन बड़ाईक व अन्य उपस्थित थे।

---

### विधानसभा की प्रत्यायुक्त समिति ने गुमला जिले के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# नागरिकों के अधिकारों की रक्षा को सुनिश्चित करना उद्देश्य : सरयू राय

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** परिसदन सभागार में झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त समिति द्वारा एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सभापति सरयू राय ने की, जबकि बैठक में सदस्य देवेंद्र कुंवर भी उपस्थित रहे। बैठक में डीसी प्रेरणा दीक्षित, एसपी हारिस बिन जमान, डीडीसी दिलेश्वर महतो, अपर समाहर्ता गुमला, एसडीओ सदर, एसडीओ बसिया, एसडीओ चैनपुर सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा निर्धारित विभिन्न योजनाओं और सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के क्रियान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन करना था। सरयू राय ने कहा कि यह बैठक नागरिकों को शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए आयोजित की गई थी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभागों को अपनी सेवाओं की समयसीमा स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए ताकि जनता को उनके काम के होने की निश्चित अवधि का पता चल सके। यदि सेवाएं निर्धारित समय में पूरी नहीं होती हैं, तो नागरिक उच्च अधिकारियों के पास अपील कर सकते हैं और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने कार्यालयों के बाहर सूचना पट लगाते हुए उसमें सेवा की गारंटी अधिनियम 2011 एवं इससे संबंधित नियमावली से संबंधित जानकारी लिखने की बात कही। सभापति ने निर्देश दिया कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरे का वर्गीकरण और निस्तारण की व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। इस प्रक्रिया से न केवल पर्यावरणीय लाभ होगा बल्कि रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। इसके अलावा उन्होंने अन्य विभागों अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। सभापति राय ने कहा कि यह समीक्षा बैठक शासन व प्रशासन की पारदर्शिता व नागरिकों के अधिकारों की रक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

---

## बाजार में खपाये जा रहे नकली नोट, लोगों की बढ़ी चिंता

**गुमला।** गुमला में एक बार फिर से नकली नोटों का प्रचलन बढ़ गया है। इसकी शिकायत चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने की है। उन्होंने कहा कि गुमला मुख्यालय के अलावे बसिया प्रखंड में इस तरह का मामला सामने आ चुका है। विशेषकर 500 के नकली नोट बाजार में खपाए जा रहे है। इससे दुकानदारों व आमजनों में चिंता का माहौल है। चुंकि सभी लोग इतने समझदार नहीं है कि खुद से नकली और असली नोटों की पहचान कर सकें। जिस कारण नकली नोट आसानी से बाजार में खपाए जा रहे है। उन्होंने व्यापारियों व आमजनों से भी नकली नोट मिलने पर बैंक व प्रशासन के समक्ष शिकायत करने की अपील की है। साथ ही पुलिस प्रशासन से इस गोरखधंधे पर रोक लगाने के लिए गंभीरता दिखाने का अनुरोध किया है। ताकि नकली नोटों का धंधा फल फूल नहीं सके। वही नकली नोटों की पहचान व सतर्कता के लिए बैंक व प्रशासन से पहल कर जागरूकता अभियान आयोजित करने की आवश्यता जताई है।

---

## गमहरिया चौक स्थित मोबाइल और जूता दुकान में चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के गमहरिया चौक स्थित बीएस मोबाइल दुकान और बिमला शू हाउस से अज्ञात चोरों ने लगभग चार लाख से अधिक रुपए के सामानों का चोरी कर लिया। इस संबंध में बीएस मोबाइल दुकान के संचालक बालेश्वर साहू ने बताया कि दुकान का शटर को उठाकर अज्ञात चोर अंदर घुसे। इसके बाद दुकान के अंदर से बाहर का दरवाजा खोलकर चोरों ने दुकान पहुंचे और दुकान में रखे करीब 35 नए मोबाइल सेट और पुराने कुछ बनाने आए मोबाइल की चोरी कर ली। इस चोरी की घटना में लगभग चार लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उक्त चोरी में कई ब्रांडेड महंगी मोबाइल थी। वहीं दूसरी घटना मोबाइल दुकान से लगभग 20 फीट की दूरी पर अल्बेस्टर उठाकर बिमला शू हाउस में भी चोरी की घटना को अंजाम अज्ञात चोरों द्वारा दी गई है। दुकान की संचालिका विमला देवी द्वारा बताया गया कि अज्ञात चोरों द्वारा लगभग 15000 रुपए के जूते चप्पल की चोरी कर ली गई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंच मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

**डरे सहमे है दुकानदार**

बता दे की इस बड़े चोरी की घटना से कई दुकानदार डरे सहमे हुए हैं। लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

लोग पुलिस के पेट्रोलिंग पर भी सवाल उठाते नजर आए।

**पुलिस को दे रहे है चुनौती**

इसके साथ ही अज्ञात चोर द्वारा घाघरा नेतरहाट रोड स्थित मिशिका ट्रेडर्स दुकान में एक दिन पहले चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें सीसीटीवी के डिबियार सहित एलसीडी व दुकान में रखे पैसे की भी चोरी कर ली गई थी। अब चोर पुलिस को चैलेंज करते हुए दिख रही हैं और प्रत्येक दिन चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है।

---

### सांसद सुखदेव भगत ने शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की



लोहरदगा। शहर के हटिया गार्डन निवासी सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सहभागिता निभाने वाले राजेंद्र खत्री की पत्नी का निधन हो गया है वे कुछ महीनो से बीमार चल रही थी। लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत दिल्ली से लोहरदगा पहुंचने पर राजेंद्र खत्री की आवास पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख के घड़ी में वे शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में सांसद के निजी सचिव आलोक कुमार साहू, जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य कुणाल अभिषेक, रवि रोशन बेक भी शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत

कुडू। एन एच 75 कुडू चानहों सिमाना झिबरी मोड के समीप टेंपो और बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चानहों थाना क्षेत्र के पाटू गांव निवासी बुद्धेश्वर उरांव के पुत्र पवन उरांव और बाबूराम उरांव के पुत्र कर्म उरांव स्प्लेंडर बाइक संख्या जे एच 01ए सी 9375 में कुडू की तरफ आ रहे थे और टेंपो से टक्कर हो गई। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू लाया गया जहां उन्हें मृत घोषित किया गया।

### नशापान के खिलाफ स्वास्थ्य सहिया और कार्यकर्ताओं ने निकाली जागरूकता रैली



घाघरा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नशा पान के खिलाफ स्वास्थ्य सहिया और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घाघरा मुख्यालय में जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा परिसर से शुरू हुई। जो प्रखंड मुख्यालय के कई गली टोला होते हुए पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा परिसर पहुंच समापन किया गया। रैली में सभी शामिल सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने नशा मुक्त समाज की आवश्यकता पर बल देते हुए आमजन से अपील किया वह नशे की लत से दूर रहे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। नशा मुक्त समाज की ओर बढ़े कदम नशा छोड़ो जीवन सवारो जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। सहिया ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए उन्हें बताया कि नशा केवल शरीर को ही नहीं बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि शराब, गुटखा, तंबाकू, खैनी जैसी चीज धीरे-धीरे शरीर को नुकसान पहुंचाती है और इसके कारण कई गंभीर बीमारियां जन्म लेती है। लोग इससे दूर रहे। मौके पर बीपीएम ज्ञान रंजन, अजय तिर्की, विनय कुमार, संदीप कुमार, बीटीटी सीमा कुमारी, बबीता देवी, हेमंती देवी, संजयोती देवी, सरिता देवी, कविता देवी, पूनम देवी, संगीता देवी, जानकी देवी, पुष्पा देवी सहित कई सहिया और स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### योग करने से चित्त भटकता नहीं, एकाग्रता आती है: गुप्ता

गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में आयोजित 6 दिवसीय प्रात:कालीन समर कैंप के दूसरे दिन पतंजलि योग समिति गुमला के आनंद प्रसाद गुप्ता ने बच्चों को योग का अभ्यास कराया। उन्होंने बच्चों को सहजासन, सिद्धासन, पद्मासन की जानकारी दी और कहा कि योग करने से चित्त भटकता नहीं, एकाग्रता आती है।

---

## इंटक यूनियन का मजदूर हित सर्वोपरि : आलोक

खबर मन्त्र संवाददाता



श्रम अधीक्षक से मिलते आलोक कुमार साहू।

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के हेसल मंगल टोली के रहने वाले मजदूर बेंजामिन लकड़ा पिता विनोद लकड़ा केरल काम करने ट्रेन से जा रहा था। आंध्र प्रदेश में सोमवार को वह ट्रेन से गिर गया, जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गया। कुजी के सामाजिक कार्यकर्ता रफीक अंसारी एवं बेंजामिन लकड़ा के परिजन लोहरदगा इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू से संपर्क कर बेंजामिन के शव को आंध्र प्रदेश से लाने के लिए सरकार से राशि उपलब्ध कराने की मांग किया। साहू ने परिजनों से कहा कि इंटक यूनियन के लिए मजदूर हित सर्वोपरि है। शव लाने के लिए राशि उपलब्ध करायी जाएगी। साहू ने इसकी सूचना सांसद सुखदेव भगत को दिया। सुखदेव भगत ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डीसी डॉ ताराचंद को जानकारी देते हुए शोकाकुल परिवार को राशि उपलब्ध कराने को कहा। डीसी ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रम अधीक्षक को शीघ्र राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आलोक साहू लोहरदगा श्रम अधीक्षक दिनेश भगत से मुलाकात कर मुख्यमंत्री झारखंड प्रवासी श्रमिक दुर्घटना कोष से पचास हजार रूपए देने की बात कही। श्रम अधीक्षक ने साहू को बताया कि मृतक मजदूर के पिता के खाते में आज पचास हजार रूपए की राशि चला जाएगा। कल स्व बेंजामिन लकड़ा का शव मंगन टोली पहुंच जाएगा।

---

## सांसद प्रतिनिधि ने छात्रा को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**भंडरा।** इंटरमीडिएट कला की परीक्षा में भंडरा प्रखंड के बेदाल गांव निवासी छतन साहू व रेखा देवी की पुत्री चंचल साहू 442 अंक 88.4% अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी है। सांसद सुखदेव भगत के प्रतिनिधि राधेश्याम साहू व विजय चौहान ने मेधावी छात्रा चंचल साहू घर जाकर बधाई दी साथ ही छात्रा को सम्मानित किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि पहले 65 या 70 प्रतिशत अंक मिलना बड़ी बात होती थी। सफलता पाना दूसरी बात है, लगातार उस पर आगे बढ़ते रहना बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि ऐसे कुछ मेधावी बच्चों जिनके पास संसाधनों की कमीं है उसके बाद भी वे कड़ी मेहनत से सफलता हासिल कर रही है। सांसद प्रतिनिधि ने छात्रा को अपने कार्य को ज्यादा से ज्यादा बेहतर करने का प्रयास करने की बात कही। उन्होने कहा की राहे यूहीं नहीं मिलती है, उसके लिये कड़ा संघर्ष, ललक, जुजून से मंजिल मिलती है। आज के दौर में पुरुष महिलाएं बराबर कदम से कदम मिलाकर चल रही है। बेटियां क्षेत्र में हर कदम में आगें बढ़कर नाम रोशन कर रही हैं।

---

# गुमलाः 14 मेधावी बच्चों का अजीम प्रेमजी विवि में चयन

**बच्चों ने डीसी एवं एसपी से की मुलाकात**

खबर मन्त्र संवाददाता



बच्चों के साथ डीसी प्रेरणा दीक्षित व एसपी हारीश बिन जमान।

**गुमला।** जिले के 14 मेधावी बच्चों का चयन अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलुरु एवं भोपाल कैंपस में उच्च शिक्षा के लिए हुआ है। चयनित छात्र बीएससी, बीए एवं बीटेक जैसे विषयों में शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति के माध्यम से निःशुल्क शिक्षा ग्रहण करेंगे।

इन छात्रों ने अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित ब्रिज प्रोग्राम के माध्यम से प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की है। गुमला जिले से ऐसे विद्यार्थियों का चयन न केवल जिले के शैक्षणिक विकास का प्रमाण है, बल्कि यह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा। इस अवसर पर डीसी प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमान ने चयनित विद्यार्थियों से मुलाकात कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि यह सफलता न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि जिले के शिक्षा जगत के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। डीसी ने विद्यार्थियों के अभिभावकों से भी बातचीत कर उनकी प्रेरणा एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। डीसी प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि गुमला जैसे आदिवासी बहुल जिले के बच्चों का राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता अर्जित करना अत्यंत प्रशंसनीय है। इससे यह सिद्ध होता है कि जिले के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नई जगहों पर सजग रहने, आत्मनिर्भरता बनाए रखने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में जिला प्रशासन से तुरंत संपर्क करने की सलाह दी।

---

## रायडीह प्रखंड के कोंडरा की समस्या को लेकर मुखिया ग्रामीणों के साथ डीसी से मिले



डीसी से मिलते हैं कोंडरा पंचायत का मुखिया व अन्य।

**गुमला।** क्षेत्र की जानता की समस्या को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों के साथ कोण्डरा मुखिया लंकेश चीख बडाईक डीसी से मुलाकात की। मुखिया ने कहा कि सूदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों तक मुलभूत सुविधाएं नहीं पहुंच पाती है। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली, पानी, गांव तक पहुंच पथ सुविधा नहीं है। मुखिया ने ग्राम पंचायत क्षेत्र की समस्या से डीसी को अवगत कराया। मुखिया ने डीसी को रामरेखा धाम पथ, कुकुरडुबा गढ़ा से पंडरीपानी, डोगीयारी होते हुए लोहराडेरा तक तथ निर्माण की मांग की। जिससे ग्रामीणों को आने जाने में शुविधा हो। क्षेत्र में एयरटेल तथा जियो का भी नेटवर्क की सुविधा की मांग की। मौके पर अशोक सिंह, अमित कुमार विश्व हिन्दू परिषद, बजरंगदल तथा ग्रामीण बाबूलाल चीक बड़ाईक, लखन चीक बड़ाईक सहित कई लोग उपस्थित थे।

---

# मेगा हेल्थ कैंप में 184 मरीजों का हुआ जांच

**रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों की टीम के द्वारा लोहरदगा रांची लातेहार आदि जिलों के तकरीबन 50 गांव के ग्रामीणों का चिकित्सा जांच किया गया**

खबर मंत्र संवाददाता



मरीजों की जांच करते डॉक्टर।

**लोहरदगा।** कल्याण विभाग द्वारा वित्त पोषित सह विकास भारती विशुनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेंसल बसारडीह में एक दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों की टीम के द्वारा लोहरदगा रांची लातेहार आदि जिलों के तकरीबन 50 गांव के ग्रामीणों का चिकित्सा जांच किया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में हड्डी जोड़ नस रोग विशेषज्ञ ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ विजय प्रसाद, एमडी फिजिशियन डॉक्टर शिव शंकर मुंडा, दंत रोग विशेषज्ञ अनुभव कुमार, जनरल फिजिशियन डॉक्टर दिलीप खेस, डॉ पी पी सिन्हा, आंख रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजू कुमारी गुप्ता के द्वारा मरीज का चिकित्सीय जांच एवं परामर्श दिया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में नस एवं हड्डी रोग के 52, आंख रोग के 41, दंत रोग के 10, सामान्य बीमारी के 80, स्त्री रोग के 8 कुल 184 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। जिसमें सात मरीजों का एक्स-रे, सिकल सेल एनीमिया टेस्ट 12 ,29 मरीज का 72 पैथोलॉजिकल टेस्ट किया गया साथ ही सभी मरीजों को निशुल्क औषधि वितरण भी किया गया। मेगा हेल्थ सिविल को संपन्न करने में प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, राजीव रंजन, मुकेश साहू ,जमुना देवी, शिवम राय, अरुण राम, वरुण सिंह, अंशु कुमारी, सीमा कुमारी, सावित्री कुमारी, अनीता देवी, फारूक अंसारी, लक्ष्मी देवी, सुखमय कुंडू आदि का योगदान रहा।

झामुमो नेता सह मुखिया रंजीत उरांव ने आदिवासी जमीन को जबरन हड़पने का लगाया आरोप, दर्ज कराई प्राथमिकी

# जमीन हड़पने एवं जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर गाली गलौज करने का लगाया आरोप

खबर मंत्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा में इन दिनों जमीन दलाल व बिचौलिए काफी हावी नजर आ रहे है, जिसका परिणाम है कि चंदवा अंचल में आए दिन जमीन संबंधी विवाद के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जमीन विवाद जिस प्रकार बढ़ रहा है, कभी भी खूनी संघर्ष हो सकती है। ताजा मामला चंदवा अंचल अंतर्गत हल्का 3 मौजा बोरसीदाग से आया है, जिसमें झामुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष सह चंदवा पूर्वी पंचायत के मुखिया रंजीत उरांव (कुसुमटोली चंदवा) ने चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार को आवेदन देकर आदिवासी जमीन को जबरन हड़पने, जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में रंजीत उरांव ने कहा है कि बोरसीदाग चंदवा अवस्थित नया खाता संख्या 16, प्लॉट स. 417, 379, 465 व 468 में कुल रकबा 1.98 एकड़ जमीन खतियानी रैयत चैतू उरांव की बेटी कंदरी देवी से निबंधित केवला स. 26800/2023 के माध्यम से खरीद किया हूं, तथा खरीदगी के दिन से ही मैं उपरोक्त जमीन पर दखल कब्जे में हूं, उक्त जमीन का दाखिल खारिज भी मेरे नाम से है और रसीद भी निर्गत हो चुका है। अपर समाहर्ता एवं उपायुक्त लातेहार से इससे संबंधित पारित आदेश भी मेरे पक्ष में है। लेकिन संजय कुमार गुप्ता पिता स्व. देवनारायण साहू, निखिल प्रसाद पिता उमेश प्रसाद (दोनों चंदवा) मेरे उपरोक्त जमीन को हड़पने के नीयत से बदमाशी कर रहे हैं, एवं बाजबरजस्ती निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं। मेरे द्वारा मना करने पर जाति सूचक गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी। मुझे आदिवासी व कमजोर समझ कर मेरे साथ अन्याय किया जा रहा है। मामले में इन्होंने दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। इधर रंजीत उरांव के आवेदन के आधार पर चंदवा थाना में 123/25 में बीएनएस एक्ट एवं एसटी एससी एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर चंदवा पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

➲ चंदवा में जमीन बिचौलिए हावी, कभी भी हो सकती है खूनी संघर्ष


मुखिया रंजीत उरांव जानकारी देते हुए।

# एक तरफा प्यार में युवती के भाई की हत्या, तीन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के आरा ग्राम में सोमवार को विजय पथ 17 वर्ष पिता बसंत आनंद ग्राम चमातू टोला ओझा का शव बरामद किया गया था। इसके बाद पुलिस ने 24 घंटे के अंदर मामला को खुलासा कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। मंगलवार को बालूमाथ थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी ने बताया कि विगत 7 जून को विजयपथ के पिता गुमसुदगी का आवेदन दिया था इस संबंध में पुलिस ने टेक्निकल सेल के माध्यम से छानबीन किया जहां 8 जून को लापता विजय का मोटरसाइकिल टुंडी स्थित सीसीएल कार्यालय के सभी बरामद किया गया है। वहीं जांच के क्रम में 9 जून को मगध कोलयरी के समीप बिजय का शव बरामद किया गया। इसके बाद परिजनों ने अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया । तथा मगध कोलयरी को ठप कर दिया था। पुलिस द्वारा काफी समझाने बुझाने के बाद सोमवार की रात्रि 8:00 बजे 24 घंटे के अंदर अपराधी को गिरफ्तार करने का आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया था। उसके बाद बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार एवं अमरावा डीह पिकेट प्रभारी अभिनव सिन्हा के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। जिसमें पुलिस ने 24 घंटा में सफलता हासिल करते हुए हत्या के मुख्य मुख्य अभियुक्त रोशन कुमार 19 वर्ष पिता राजेंद्र साव ग्राम चमातू को गिरफ्तार किया है । एवं कड़ाई से पूछताछ करने के बाद मृतक ने हत्या की बात को स्वीकार करते हुए बताया कि वह मृतक की बहन से प्यार करना चाहता था। जिसमें रोशन बाधक बन रहा था। वही रोशन की एक गर्लफ्रेंड थी जिसे मृतक विजयपथ ने दूसरे लड़का से बातचीत करवाना आरंभ कर दिया था। इसी दोनों बात से आक्रोशित होकर रोशन ने समझौता के लिए साजिश के तहत 6 जून को हहुरवा बाईपास जाने वाले रास्ता के पास विजय को बुलाया एवं मौका पाते ही रोशन कुमार ने उसे गड्ढे में धकेल दिया ।जहां अपने मित्र जयवीर भुइयां के सहयोग से रोशन को अपने साथ लाये चाकू से गर्दन व पेट में दर्जनों बार वार कर दिया। जिससे मृतक ललुहान होकर गड्ढे में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के शव को छुपाने के लिए रोशन अपने दोस्त कृष्णा कुमार उम्र 24 वर्ष पिता स्व. हुलास साव(सीसीएल कर्मी) ग्राम चमातू को अपनी मारुति एस कार्स कार जेएच01एफजे0977 को लेकर घटना स्थल पर उसी दिन रात्रि करीब 10:00 बजे पहुंचा ।और रोशन एवं जयवीर भुइयां के द्वारा मृतक के शव को गड्ढे से निकालकर कृष्णा कुमार के कार में लोड कर मगध कोलयरी खदान में फेंक दिया। इस मामले में पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। वहीं घटना में प्रयुक्त चाकू खून सने मिट्टी, मृतक का चप्पल, मोटरसाइकिल व मोबाइल, कार भी बरामद कर लिया है। इस छापामारी दाल में एसडीपीओ विनोद रवानी, पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, अमरवाडीह पिकेट प्रभारी अभिनव सिन्हा, एस.आई विकास कुमार, होसेन डांग, सत्यदेव कुमार समेत कई पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## पंचायत में मनरेगा योजना का ऑडिट शुरू हुआ, मनरेगा योजना की खुलेगी पोल



**लातेहार।** प्रखंड के पंचायतो में मनरेगा योजना से संचालित योजनाओं का ऑडिट शुरू हो गया है। 18 पंचायतों में मनरेगा की एक वर्ष की पूर्ण, अधूरी और संचालित सभी योजनाओं की सोशल ऑडिट की जाएगी। बीपीओ रतन शाहदेव ने बताया कि मनरेगा योजनाओ के ऑडिट के लिए ऑडिट टीम पंचायत भवन पहुंच गए हैं। और अपने कार्य आरंभ कर दिया हैं। प्रखंड के 18 पंचायतो में मंगलवार से ऑडिट शुरू हो गया है। ऑडिट टीमों के द्वारा 15 जुन तक योजनाओं का ऑडिट करेंगे, योजनाओं का सामाजिक ऑडिट में योजना के कार्यान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ऑडिट किया जा रहा है। ऑडिटर टीम ने योजना स्थलों पर जाकर कार्य का आंकलन करना शुरू कर दिया है। एक वर्ष की सभी संचालित, पूर्ण और अपूर्ण योजनाओ की ऑडिट करनी है, उन योजनाओ से सम्बंधित रेकर्ड की छायाप्रति और एमबी बुक रोजगार सेवकों के द्वारा ऑडिटर टीम को सुपुर्द कर दी गई है। 16 जुन को योजनाओ की ऑडिट रिपोर्ट को ऑडिटर टीम द्वारा ग्राम सभा में रखी जायेगी। तत्पश्चात पंचायत स्तरीय जन सुनवाई होगी जिससे पता चलेगा कि पंचायत में कितना घोटाला हुआ है।

## शुद्ध जल की व्यवस्था से ग्रामीणों में खुशी


पीएचडी विभाग ने लगाया चापानल।

**बरवाडीह।** प्रखंड के चुंगरू पंचायत स्थित अति सुदूरवर्ती हेहेगड़ा चिरईकटवा टोला के ग्रामीणों के लिए राहत की खबर है। पिछले करीब पांच से छह महीनों से पेयजल संकट से जूझ रहे इस टोले में मंगलवार को पीएचईडी विभाग द्वारा बोरिंग कराकर पानी की आपूर्ति शुरू कर दी गई। इससे स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार लंबे समय से नल और चापाकल सूख चुके थे, जिससे लोग दूषित जल पीने को मजबूर थे। इस समस्या की जानकारी स्थानीय युवक सोनू कुमार ने खबर मंत्र के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचाई थी। सूचना मिलते ही पीएचईडी विभाग ने संज्ञान लिया और सहायक अभियंता प्रशांत कुमार पांडेय के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बोरिंग की व्यवस्था कराई गई। अब टोले के लोगों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिलने लगी है। दीपक राज ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या को प्राथमिकता देना हमारा दायित्व है। चिरईकटवा टोला जैसे सुदूर क्षेत्र में पानी पहुंचना प्रशासनिक इच्छाशक्ति का उदाहरण है। सोनू कुमार जैसे जागरूक युवाओं की सक्रियता से विकास कार्यों में गति आती है। वहीं सोनू राम समेत स्थानीय ग्रामीणों ने विभाग और प्रशासन के प्रति आभार जताया है।

## खबर मन्त्र मे छपा खबर का हुआ असर कुआं का पानी सूखने से ग्रामीण पेयजल के लिए है परेशान शीर्ष नामक से छपी थी खबर

➲ खबर मन्त्र ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, खबर छपते ही प्रशासन बघौता पंहुचा, कुआं मरम्मती करवाने का ग्रामीणों को दिया भरोषा


सुखते कुआं को देखते पदाधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा के टोला बघौता मे पुरण राम के घर के पास गर्मी मे कुआं का पानी सूख गया जिससे लोगों को पेयजल के साथ अन्य दैनिक कार्य के लिए काफी परेशानी का सामना को लेकर 10 जून को खबर मन्त्र हिंदी दैनिक मे खबर छपी थी। खबर का असर से बीडीओ अमित कुमार पासवान ने प्रखंड कर्मी प्रभार पंचायत सेवक प्रकाश कुमार व प्रखंड सामन्यवक पंचायती राज पंकज कुमार पांडेय को बघौता टोला भेजकर पेयजल समस्या से अवगत कराये। उक्त टोला मे पहुंच कर जांच किया तो एक कुआँ मे थोड़ा बहुत पानी था परन्तु पूरण राम, भुनेश्वर राम के घर के पास कुआं सूखने की स्थिति व गंदे पानी देखकर ग्रामीणों को कुआं मरम्मत करवाने का आश्वासन दिया। मौके पर वार्ड सदस्य रामशंकर रविदास, रुपेश कुमार,धीरंजन कुमार,रोहित कुमार, लीलू देवी, अशोक राम, निकेश कुमार, किरन्ती देवी, आरती देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने कुआं मरम्मत करवाने की मांग की। इसपर पंचायत सेवक प्रकाश ने कहा की संबंधित पंचायत मुखिया से योजना को ऑनलाइन करवा लें। यहां पेयजल समस्या है रिपोर्ट अधिकारी को भेजा जायेगा और कुआं मरम्मत करवाने के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा।

## पति ने पत्नी पर किया हमला

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बलबल ग्राम में मंगलवार को पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जगमनिया देवी 67 वर्ष पति अर्जुन भगत ग्राम बलबल थाना बारियातू निवासी दोनों पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हुआ था। जिसके बाद पति ने चाकू से पत्नी पर हमला कर दिया। जिसमें जगमनिया देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं इस दौरान बीच बचाव करने के दौरान उनका पुत्र मुन्ना भगत 25 वर्ष भी घायल हो गया।

## चंदवा : विश्व रक्तदाता दिवस को लेकर बैठक


रक्तदान शिविर लगाया गया।

**चंदवा।** विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर की सफलता को लेकर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी की अध्यक्षता में स्वयं सेवी संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़ कर रक्त वीरों की भागेदारी, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं चंदवा में ही ब्लड बैंक स्थापित करने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज, युवा भारत चंदवा के कुमार नवनीत, अंकित कुमार, निष्ठा फाउंडेशन के चंद्रभूषण केसरी मंटू, विवेकानंद किशोर संस्थान के मोहनीश कुमार, हिंडालको कोल सीएसार, मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रकाश, डॉ तरुण जोश लकड़ा, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार सिंह, एमटीएस कृष्णाकांत कुमार, लिपिक बिनीता देवी, विकास रंजन, रमेश राम समेत अन्य मौजूद थे।

## महिला ने युवक पर लगाया यौन शोषण का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के बेतर पंचायत के जमुवारी ग्राम निवासी महिला ने बेतर ओपी में यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए ओपी प्रभारी किशोर मुंडा को आवेदन दी है। आवेदन के आलोक में चंदवा थाना कांड संख्या 119/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है, दिए गए आवेदन में कहा गया है कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के उपेंद्र गंझू पिता प्रयाग गंझू जमुवारी ग्राम की महिला से पिछले 3 साल से संपर्क में था महिला द्वारा शादी करने की बात कहने पर उसने इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि पिछले 3 वर्ष से उसने शादी का झांसा दे कर यौन शोषण किया। गौरतलब हो कि बेतर ओ पी का यह पहला मामला है।

## कल चंदवा में लगेगा प्रकाश राम का जनता दरबार

**चंदवा।** लातेहार विधायक प्रकाश राम ने 12 जून दिन गुरुवार को दोपहर 11 बजे से चंदवा प्रखंड मुख्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया है। उक्त जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज ने बताया कि जनता दरबार में पूर्व के जनता दरबार में आए आवेदनों की समीक्षा होगी, कार्य प्रगति की रिपोर्ट मांगी जायेगी इसके साथ ही जनता के नयी समस्याओं को सुना जाएगा एवं उसके समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए जायेंगे। विधायक प्रतिनिधि रविराज ने आम लोगों से आग्रह किया है कि जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत कराये ताकि उसका जल्द निराकरण किया जा सके।

# लातेहार में भाजपा ने प्रोफेशनल मिट कार्यक्रम का किया आयोजन

➲ नरेंद्र मोदी के सरकार में देश विकास भी करता है और दुश्मनों का विनाश भी: प्रदीप वर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रोफेशनल मिट कार्यक्रम में शामिल लोग।


प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा का स्वागत करते हुए।

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में विकसित भारत के अमृतकाल सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष होने पर दिन सोमवार को (सिद्धि से समृद्धि) प्रोफेशनल मिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा लातेहार जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा उपस्थित हुए। वहीं कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। जिसके बाद वन्दे मातरम गीत का गायन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर डॉक्टर प्रदीप वर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के नेतृत्व में सशक्त भारत व सुरक्षित भारत का सपना साकार हुआ है,इनके कार्यकाल में आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ कठोर और निर्णायक कार्रवाई की गई है। वहीं रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सामरिक शक्ति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाकर भारत ने अपनी सुरक्षा को अटूट बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नीतियों ने भारत को वैश्विक मंच पर एक प्रभावशाली और सम्मानित सुरक्षा स्तम्भ के रूप में स्थापित किया है और यही सशक्त भारत व सुरक्षित भारत का सच है। जहां विकास और सुरक्षा एक साथ मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। एन.सी.एसी संस्थाओं की स्थापना ने देश के महत्वपूर्ण ढांचों को साइबर हमलों से सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि आकाश, ब्रह्मोस, अग्नि फाइव, और निर्भय जैसे मिसाइलों का सफल परीक्षण भारत की बढ़ती सामरिक ताकत, रक्षा और आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। राफेल विमानों के आगमन और एस-400 प्रणाली की तैनाती से भारत की वायु सुरक्षा अजय बनी है। साथ ही यह एक ऐसा भारत है जो न केवल सीमाओं की रक्षा कर सकता है बल्कि शांति बनाए रखने के लिए सक्षम शक्ति के रूप में भी खड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 11 वर्षों में भारत ने दिखा दिया कि अब देश विकास भी करता है और दुश्मनों का विनाश भी क्योंकि यही है सशक्त भारत, सुरक्षित भारत एवं विकसित भारत। वहीं वक्ता के रूप में उपस्थित युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनय चौबे ने कहा कि जब पहलगाम में निर्दोष पर हमला हुआ भारत ने केवल शोक नहीं जताया बल्कि ठोस और सख्त रणनीति अपनाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीरो टॉलरेंस नीति ने आतंक के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई को राष्ट्रीय संकल्प बना दिया है। साथ ही 11 वर्षों में नरेंद्र मोदी ने संवेदनशीलता के साथ-साथ कठोर फैसले लेने की अपनी प्रतिबद्धता बार-बार साबित की है। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा,पूर्व विधायक सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरिकृष्ण सिंह, मुकेश कुमार पांडेय, राजीव रंजन कुमार पांडेय, सीतामणी तिर्की, इंद्रजीत यादव, समेत अन्य वक्ताओं ने विकसित भारत अमृतकाल सिद्धि से समृद्धि तक के इस कार्यक्रम में अपना वक्तव्य रखा।

मौके पर जिला महामंत्री बंशी यादव, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश पाण्डेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष यादव, अयोध्या प्रसाद, राज किशोर प्रसाद, मनमोहन राम, गया प्रसाद, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## चंदवा: स्व. प्रभाकर मिश्रा दिवा रात्रि कैनवास क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न, कमांडो क्लब बनी विजेता



**चंदवा।** हाई स्कूल खेल स्टेडियम में चल रहे स्व. प्रभाकर मिश्रा दिवा रात्रि कैनवस क्रिकेट टूर्नामेंट का सोमवार की रात्रि समापन हो गया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आर आर सी और कमांडो क्लब चंदवा के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कमांडो क्लब ने निर्धारित दस ओवरों में 99 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरआरसी की टीम महज 57 रनो पर ढेर हो गई। कमांडो ने फाइनल मुकाबला 42 रन से जीत कर स्व प्रभाकर मिश्रा मेमो कप पर कब्जा जमाया। इसके पूर्व दीप प्रज्वलित व स्व प्रभाकर मिश्रा के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया तत्पश्चात आतिशबाजी के साथ फाइनल मुकाबले का आगाज किया गया। फाइनल मैच में लेपा को मैन ऑफ द मैच व अशफाक खान को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया वहीं बेस्ट बॉलर भोला व बेस्ट बैट्स मैन अनुप को चुना गया। अंपायर की भूमिका विजय सिंह व प्रशांत सिंह तथा स्कोरर दीपू ने निभाई। विजेता टीम को अतिथियों द्वारा 31 हजार रुपये व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 21 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा के अलावे चंद्रभूषण केसरी मंटू, राजेंद्र यादव, संजीव आजाद, अजय वैद्य, विभाकर मिश्र, सुधाकर मिश्रा, अनिकेत भाष्कर, दारा सिंह, अजय समेत हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## प्रमुख चंद्रावती देवी ने डीसी से की मुलाकात, मनरेगा योजनाओं में पारदर्शिता की मांग


डीसी के मिलती प्रमुख।

**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने गढ़वा के नवपदस्थापित डीसी दिनेश कुमार यादव से शिष्टाचार भेंट कर प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं और मनरेगा से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने डीसी का स्वागत करते हुए केतार ब्लॉक की जमीनी स्थिति से अवगत कराया। श्रीमती देवी ने विशेष रूप से इस बात पर चिंता जताई कि प्रखंड में कई मनरेगा योजनाएं पंचायत समिति के अनुमोदन के बिना ही संचालित की जा रही हैं, जो मनरेगा आयुक्त द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। उन्होंने डीसी से आग्रह किया कि आयुक्त के निर्देशानुसार सभी योजनाओं को पंचायत समिति की स्वीकृति के उपरांत ही मंजूरी दी जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित हो। प्रमुख ने भरोसा जताया कि डीसी के नेतृत्व में प्रखंड के विकास कार्यों में तेजी आएगी और नियमानुसार योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा।

## मजदूर के डिमांड के पहले ही मनरेगा तालाब पूर्ण

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड में मनरेगा योजना में अनियमितता का आलम ऐसा है कि रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मजदूर के डिमांड डालने के पहले ही तालाब खुदा हुआ और पूर्ण देखा जा रहा है। बरडीहा प्रखंड मुख्यालय से महज 200 मीटर की दूरी पर बरडीहा पंचायत में मनरेगा योजना से स्वीकृत पुष्पा चौबे के खेत में तालाब निर्माण (3407010002 /आईएफ/7080904129902) कार्य योजना स्थित है। इसका मजदूर के लिए 09 जून 25 को मनरेगा कर्मियों द्वारा डिमांड डाला गया है। बताया जाता है कि मजदूर का डिमांड डालने के बाद तालाब निर्माण के लिए मजदूर से खुदाई करवाया जाता है। लेकिन इस प्रखंड में ठीक इसका उल्टा देखने को मिल रहा है,और सरकार के सारे नियम कानून ताक पर रखकर काम किये जा रहे और करवाये जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार तालाब को जेसीबी मशीन से खुदवाने के बाद मजदूर लगाकर मशीन का निशान मिटा दिया गया है।

# आईसीटी के डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर का ऑडियो वायरल

## मनचाहे जगह पर नौकरी देने की पेशकश, डिग्री की कमी को भी पूरा करने का वादा

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ मनचाहे जगह पर नौकरी देने की पेशकश, डिग्री की कमी को भी पूरा करने का वादा


आईसीटी के डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर विवेक सिन्हा।

गढ़वा। झारखंड में आईसीटी (सूचना और संचार प्रौद्योगिकी) का मुख्य उद्देश्य शिक्षा तंत्र को मजबूत करना और छात्रों को आधुनिक तकनीक से लैस करना है. आईसीटी के जरिए शिक्षण को रोचक बनाना है जबकि वही कुछ लोगों द्वारा शिक्षा में भी व्यवसाय के रूप में इस्तेमाल कर सरकार तथा छात्रों का उम्मीदों पर पानी फेरा जा रहा है। हाल ही में एक ऑडियो वायरल हुई है जिसमें गढ़वा जिला में बीसीसीएल कंपनी के डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर विवेक सिन्हा आईटीसी में नौकरी देने से संबंधित एक कैंडीडेट से बात कर रहे हैं। जिसमें वह कैंडीडेट से पूछ रहे हैं कि आप क्हां नौकरी करना चाहती हैं। वहां कर देंगे लेकिन आप कीजिएगा कैसे। फिर उन्हांने कहा कि आप भंडरिया जाइए वहीं कर देंगे। प्रतिउत्तर में कैंडीडेट कहती है कि मेरा कांडी कर दीजिए। फिर कहती है कि आप चाहिएगा तो गढ़वा में भी कर सकते हैं और आप कराते भी हैं। इसके लिए मैं खर्चा देने के लिए तैयार हूं। इस पर विवेक सिन्हा ने सहमति जताई। बातचीत के दौरान उन्हांने कैंडिडेट से कम्प्यूटर की जानकारी पूछी। कैंडिडेट ने कहा कि उसके पास एडीसीए की डिग्री है। इस पर विवेक सिन्हा ने कहा कि पीजीडीसीए की डिग्री चाहिए। कैंडिडेट ने कहा कि हमारे पास तो डिग्री नहीं है। विवेक सिन्हा ने कहा कि डिग्री हम करवा देंगे। जिसमें 25 खर्च होंगे। कैंडिडेट ने कहा कि 25 नहीं हम 30 करा देंगे लेकिन हमें जल्दी चाहिए। ऑडियो वायरल में हुई बातचीत से यह प्रतीत होता है कि गढ़वा जिले में आईसीटी का उद्देष्य बच्चों को कम्प्यूटर की आधुनिक षिक्षा नहीं देकर पैसे कमाने की रह गई है। पैसे कमाने के लिए वैसे कैंडीडेट यानी कम्प्यूटर षिक्षक की नियुक्ति की जा रही है जिनके पास न तो कम्प्यूटर षिक्षा की पर्याप्त जानकारी है न ही बच्वों की पढ़ाने की रूचि। डिस्ट्रिक्ट कॉ-ऑर्डिनेटर ऐसे षिक्षक ढूंढते रहते हैं जिसकी नियुक्ति में मोटी अवैध कमाई हो और नियुक्त षिक्षक उनके प्रति समर्पित भी हों। हालांकि खबर मंत्र इससे ऑडियो वायरल की पुष्टि नहीं करती है, लेकिन सोषल मीडिया में वायरल इस ऑडियो को षिक्षा से खिलवाड़ से जोड़कर देखा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार विवेक सिन्हा पर भ्रष्टाचार का आरोप और घूस लेकर क्वेश्चन पढ़ाना तथा नौकरी देने का आरोप लग चुका है। एक बार फिर एक वायरल रिकॉर्डिंग के माध्यम से पता चल रहा है कि विवेक सिन्हा द्वारा पैसा लेकर सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया जा रहा है।

## सीएचसी में डिजिटल एक्स-रे मशीन खराब, एसडीओ ने की जांच

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में 19 माह पूर्व स्थापित की गई डिजिटल एक्स-रे मशीन के खराब होने की खबर अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए गढ़वा डीसी दिनेश कुमार के निर्देश पर मंगलवार को श्री बंशीधर नगर एसडीओ भवनाथपुर सीएचसी पहुंचे। उन्होंने मौके पर पहुंचकर अस्पताल कर्मियों से मशीन की स्थिति और संचालन में आ रही समस्याओं की जानकारी ली।

## राज्यकीय मवि सिलीदाग में फिर चोरी, पेयजल व्यवस्था प्रभावित



**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत अंतर्गत राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग 02 में असामाजिक तत्वों ने सोमवार की रात पेयजल नल की चोरी कर ली। इससे विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पीने के पानी के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानाध्यापक नंदकिशोर चौबे ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि मैं इस विद्यालय की अव्यवस्था को सुधारते-सुधारते थक गया हूं। यहां के लोगों से मेरा निवेदन है कि एक-एक सामान चुराने की जगह एक बार में ही सारा सामान उठा ले जाएं। बताया कि ब्रिटिश काल में स्थापित यह विद्यालय आज तक चारदीवारी, भूमि सीमांकन और सुरक्षा व्यवस्था से वंचित है। विद्यालय परिसर में स्कूली समय के बाद असामाजिक लोगों का जमावड़ा लगा रहता है, जो भवन और संसाधनों को नुकसान पहुंचाते हैं। अभी कुछ दिन पहले ही बच्चों के लिए पेयजल टंकी और नल की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, जिसे कुछ ही दिनों में असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। इस संबंध में पुलिस को सूचना दी गई थी, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। विद्यालय प्रशासन ने कई बार पुलिस और अंचल कार्यालय को भूमि सीमांकन व सुरक्षा की मांग को लेकर आवेदन दिया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोग विद्यालय भवन में मवेशी बांधने और गंदगी फैलाने से भी बाज नहीं आते।

स्पीड न्यूज



## सोनारी में तीन दिवसीय कबीर प्रकटोत्सव संपन्न

**जमशेदपुर।** सी पी धर्मदास कबीर मंदिर सोनारी में चल रहे तीनदिवसीय कबीर प्रगटोत्सव संत समागम का आज सात्विक चौका आरती के साथ समापन हुआ। चौका आरती को संपन्न कराने में महंत सन्मुख दास, महंत माता सुशीला माता, महंत सत्सरण साहेब, प्रकाश साहेब, अटल साहेब, संत साहेब, चंदन दास के तत्वावधान में संपन्न करायी गयी। इस दौरान 60 आरती सजायी गयी थी जो अब तक मंदिर के इतिहास में सबसे अधिक है। मौके पर हजारों कबीरपंथी भाईयो, माताओ और बहनों ने शामिल होकर पुण्य के भागी बने। अध्यक्ष कुंज बिहारी दास ने बताया कि आरती कबीर के भक्तों द्वारा सद्गुरू कबीर के सम्मान में तैयार करवाई जाती है। संत कबीर के दोहे लोगों को सात्विक और शांत जीवन जीने की कला समझाता है। तीन दिवसीय सत्संग समारोह को सफल बनाने में अध्यक्ष कुंज बिहारी दास, पुहुप दास, चेतन साहू, चन्द्रिका साहू, बाबू साहू, टीकम मानिकपुरी, हरीश साहू, घनश्याम दास, श्रवण साहू, अमर दास, तुलसी दास का योगदान रहा।

## पी बाबूराव विकलांगता बोर्ड के सलाहकार बने



**जमशेदपुर।** पैरेंटस एसोसिएशन ऑफ मेंटली हैंडिकैप्ट पीएएमएचजे के संस्थापक एवं जमशेदपुर के नामी समाजसेवी पी. बाबू राव को झारखंड राज्य विकलांगता बोर्ड में सलाहकार सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है, जो आरपीडब्लुडी अधिनियम, 2016 के अंतर्गत गठित किया गया है। यह नियुक्ति पीएएमएचजे के सचिव तथा पी. भारती के विधिक संरक्षक के रूप में उनकी प्रभावकारी भूमिका को ध्यान में रखते हुए की गई है। बोर्ड की कार्यावधि तीन वर्ष की होगी, जो 06/06/2025 को प्रकाशित परिपत्र की तिथि से प्रभावी होगी। राव ने खबर मन्त्र से कहा कि वे इस नयी भूमिका में सार्थक योगदान देने के लिए तत्पर हैं।

## चांडिल बाजार में निकली तिरंगा यात्रा



**चांडिल।** मंगलवार को चांडिल बाजार में आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पप्पू वर्मा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाला। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के पराक्रम को सम्मान देने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा चांडिल डैम रोड स्थित पोस्ट ऑफिस के पास से चांडिल बस स्टैंड होते हुए तांती बांध तक पहुंचा। इस दौरान आपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। भाजपा नेता पप्पू वर्मा ने कहा ऑपरेशन सिंदूर नये भारत की नई तस्वीर है। मौके पर भाजपा नेता राकेश वर्मा, रामकृष्ण महतो, खुदी सिंह सरदार, चांडिल मुखिया मुखिया मनोहर सिंह सरदार, बोनू सिंह सरदार, मनोहर दास गोस्वामी, प्रभात पोद्दार, मृत्युंजय सिंह, दिवाकर सिंह व कई लोग थे।

## नीमडीह में विधायक ने किया उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास

**चांडिल।** नीमडीह प्रखंड के गुण्डा में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने शिलापट्ट अनावरण कर शीलान्यास किया। इस दौरान विधायक ने कहा 52 लाख रुपये की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण होगा। उन्होंने कहा भवन का निर्माण होने से ग्रामीणो को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर कार्तिक महतो, काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष सचीन गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

# नगर निगम विस्तारीकरण : विरोध में माझी परगना महाल ने डीसी ऑफिस घेरा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष हम माझी परगना महाल, पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था, जुगसलाई तोरोप, धाड़ दिशोम जिला पूर्वी सिंहभूम की ओर से प्रास्तावित जमशेदपुर नगर निगम विस्तारीकरण योजना को निरस्त करने, झारखंड राज्य में पेसा कानून अविलंब लागू करने एवं आदिवासियों का सारना धर्म कोड लागू करने के मांग को लेकर एक दिवसीय आक्रोश विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम के माध्यम से राष्ट्रपति, राज्यपाल, झारखंड, गृह मंत्री नई दिल्ली, मुख्यमंत्री झारखंड सरकार अध्यक्ष जनजाति आयोग, नई दिल्ली को ज्ञापन भेजा गया।




डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन करते माझी परगना महाल के लोग।

मौके पर कान्हु मुर्मू, महासचिव, मुखिया संघ जमशेदपुर ने कहाः यह आंदोलन हमारे अस्तित्व और अधिकारों की रक्षा के लिए है। नगर निगम के विस्तार के नाम पर हमारे जल-जंगल-जमीन को हड़पने की कोशिश हो रही है, जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं। सुमी केराई, मुखिया संघ के संगठन सचिव ने कहा कि सरना धर्म कोड और ढएरअ कानून हमारी अस्मिता की ढाल हैं। इन अधिकारों को टालने का मतलब है हमारे अस्तित्व से खिलवाड़। धन्नामुनी मार्डी, उपाध्यक्ष ने कहा कि ग्राम सभा हमारी लोकतांत्रिक संसद है। ये खत्म हो गया तो हमारे गांवों की आत्मा को कुचल दिया जायेगा।

सुनील किस्कू, सचिव : हम माझी-परगना महल के साथ कंधा मिलाकर खड़े हैं। यह लड़ाई सिर्फ आज की नहीं, बल्कि आनेवाली पीढ़ियों की रक्षा की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में नीनू कूदादा, मनोज मुर्मू, सुनील किस्कू : सचिव, जोबा मार्डी कोषाध्यक्ष, बसंती गुप्ताः प्रेस प्रवक्ता, सोनिया मुर्मू ,नागी मुर्मू ,पानो मुर्मू, सरस्वती टुडू, जमुना हांसदा, कालिदास टुडू, राखी सिंह, सोनिका सिंह, चांदमुनी बरदा, गिलवाला देवी तथा अन्य कई पंचायत प्रतिनिधि व ग्राम सभा के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### महाल की आपत्तियां और सुझाव

**1. संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन :** पूर्वी सिंहभूम जिला पूर्णतः पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 जेड सी के अनुसार, अनुसूचित क्षेत्रों में नगर पंचायत, नगर पालिका व नगर निगम का गठन असंवैधानिक है। अतः जिले में पहले से बने सभी शहरी निकायों को रद्द किया जाये और प्रस्तावित नगर निगम विस्तार योजना को तुरंत निरस्त किया जाये।

**2. पारंपरिक आदिवासी शासन प्रणाली पर खतरा :** ग्रामीण क्षेत्रों में आदिवासी समुदाय आदिकाल से निवास करते आ रहे हैं। इन क्षेत्रों में आदिवासियों की अपनी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था, धार्मिक व सामाजिक रीति-रिवाज, जल-जंगल-जमीन पर स्वामित्व, न्याय व्यवस्था आदि लागू है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13 (3) (क) व पेसा कानून 1996 द्वारा संरक्षित है।

**3. सीएनटी एक्ट व पांचवीं अनुसूची का उल्लंघन :** नगर निगम विस्तार से सीएनटी एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन होगा, जिससे आदिवासियों की जमीन अधिग्रहण की आशंका है। इससे न केवल हमारे जीवन, संस्कृति और पहचान पर संकट उत्पन्न होगा बल्कि संविधान में प्रदत्त अधिकारों की अवहेलना होगी।

**4. हमारे अस्तित्व पहचान समाप्त होने का खातरा :** नगर निगम बनने से जमीन व मकान का लगान / होल्डिंग टैक्स काफी ज्यादा हो जाएगा, जो गरिब गुरबा, आदिवासी/मूलवासी कार्ज तले दाब जाएंगे, घर बार, जमीन जायदाद बेचकर पलायन को मजबूर हो जाएंगे, हमारा अस्तित्व पहचान समाप्त हो जाएगा।

**5. झारखंड प्रदेश में पेसा कानून अविलंब लागू किया जाए :** झारखंड राज्य में पेसा कानून लागू नहीं होने के कारण राज्य में बाहरी आबादी गैरकानूनी रूप से पांचवीं अनुसूचित क्षेत्रों में बाढ़ते जा रहे हैं। जिससे आदिवासी, मूलवासियों के संवैधानिक हक, हिस्सेदारी वअधिकारों छिना जा रहा है। राज्य के खनिज संपदा जल जंगल जमीन का लूट हो रहा है। ग्राम सभा को पूर्ण रूप से कानूनन अधिकार स्वतंत्र रूप से नहीं मिलने से गांव का विकास धरातल पर नहीं हो रहा है। इसलिए पेसा नियमावली को अविलंब लागू किये जायें।

**6. सरना धर्म को अविलंब मान्यता दिया जाए :** देश में हुए 1941 तक की जनगणना में आदिवासियों की इंडीजीनस, ट्राईब, आदिवासी धर्म में गिनती की जाती थी। मगर एक साज़िश के तहत आदिवासियों के धर्म कोड को जनगणना प्रपत्र से हटा दिया गया। उसके बाद आदिवासी समाज को अन्य दूसरे धर्म में शामिल करने की होड़ सी लग गयी। आदिवासी न हिंदू है न सिख, इसाई, मुस्लिम, बौद्ध जैन है। आदिवासी प्रकृतिवादी है। 2011 की आम जनगणना में 50,00,000 पचास लाख लोगों ने सारना धर्म को अपना धर्म के रूप में अंकित किया है। अतः आदिवासियों का सारना धर्म को मान्यता देते हुए जनगणना प्रपत्र में कोड व कोलम शामिल किया जाये। ताकि आदिवासी समाज अपनी परंपरा के साथ अस्तित्व और पहचान को बचाया जा सके।

# सर्पदंश से भतीजी की मौत, फूफा गंभीर

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**पोटका।** पोटका थाना क्षेत्र के हाता के समीप प्रेमनगर में जहरीले सांप के काटने से 13 वर्षीय भतीजी पवंति सरदार की मौत हो गयी। एवं फूफा श्रवण मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें इलाज के लिए एमजीएम रेफर कर दिया गया था। जहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें एटीएम रेफर कर दिया गया।

घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि सोमवार की देर रात फूफा एवं कोवाली थाना क्षेत्र कि भतीजी पवंति सरदार भतीजी जो हाता आश्रम स्थित विद्यालय में पढ़ने को लेकर फूफा के घर रहती थी । दोनों फूफा - भतीजी अलग-अलग रूम में सोए हुए थे कि देर रात जहरीले सांप के काटने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार जब सुबह देर तक फूफा एवं भतीजी नहीं उठे तो स्थानीय लोगों द्वारा घर जाकर देखा तो दोनों अचेत अवस्था में पड़े हुए थे। उन्हें स्थानीय लोगों द्वारा नजदीकी नर्सिंग होम में ले जाया गया जहां भतीजी को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया जबकि फूफा गंभीर रूप से घायल थे। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए टीएमएच भेज दिया गया है।





मृत पावंती सरदार और सर्पदंश से गंभीर फूफा श्रवण मुंडा (फाइल फोटो)।

## दिवंगत कांग्रेसी राजकुमार को सांसद ने दी श्रद्धांजलि



**चाईबासा।** जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी राजकुमार रजक के आकस्मिक निधन पर सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने शोक व्यक्त किया है। निधन की सूचना मिलने पर मंगलवार को सांसद जोबा माझी राजकुमार रजक के नीमडीह स्थित आवास पहुंच अंतिम दर्शन किये और पार्थिव देह पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सांसद ने राजकुमार के परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। सांसद ने कहा राजकुमार हमेशा समाजसेवा के कार्यों में व्यस्त रहते थे। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति हैं।

## एक नजर में

### नशे की लत ने महेंद्र को भेजा सलाखों के पीछे



**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के दिगडी मोड से सटे शंखोडीह गांव में बीते दिनों 55 वर्षीय वृद्ध महिला सुधा देवी दास अपने घर में देर रात्रि सोई हुई थी। दरवाजा खुला देख आरोपी महेंद्र गोप ने अपनी पहचान छिपाने के लिए नकाब पहनकर व हाथ में कटारी लेकर घर में घुस गया। इस दौरान बेड पर रखे 1000 रुपये लेकर भाग गया। भागने के क्रम में उसका नकाब गिर गया व पीड़ित महिला सुधा देवी दास ने आरोपी महेंद्र गोप गाजुडीह निवासी के रूप में उसकी पहचान कर ली। जिसकी लिखित शिकायत थाना को दी गयी जिस पर थाने के एएसआई आनंद मरांडी ने कार्रवाई कर आरोपी महेंद्र गोप को धर दबोचा। आनंद मरांडी ने कहा कि पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी महेंद्र गोप को हिरासत में लेकर घाटशिला जेल भेज दिया गया है। उसके पास से घटना में इस्तेमाल की गयी कटारी भी बरामद कर ली गयी है।

### सामर्थ्य वेल्फेयर ट्रस्ट ने स्कूली बच्चों के लिए मीडिया लिटरेसी पर आयोजित किया सेमिनार



**जमशेदपुर।** सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से बिष्टुपुर साउथ पार्क स्थित सरदार माधो सिंह मेमोरियल मध्य विद्यालय में मीडिया लिटरेसी के ऊपर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का उद्देश्य सोशल मीडिया का हमारे जीवन पर प्रभाव, मीडिया किसको कहते हैं यह हमारे जीवन में कैसे काम करता है फेक न्यूज को कैसे पहचाने इसके बारे में बताना। इंटर्न के रूप में संत जोसेफ यूनिवर्सिटी से वंशिका आनंद, जोसेफ मोरेरा, एलाइंस यूनिवर्सिटी से संतोषी महतो, एसआरएम यूनिवर्सिटी से दर्शिता उदानी तथा डीएवी बिस्टुपुर से प्रज्ञा शर्मा, अनन्या, श्रेया दास वालंटियर के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पल्लवी दीप , प्रिंसिपल बलवीर कौर, रजनी संधू , हेमा, दीपमाला, वंशिका आनंद, संतोषी महतो, दर्शिता उदानी, जोसेफ मोरेरा, प्रज्ञा, श्रेया, अनन्या इत्यादि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### एनआइटी जमशेदपुर पहुंची जलपाईगुड़ी इंजीनियरिंग कॉलेज की 94 शोध छात्र-छात्राएं



**जमशेदपुर।** एनआईटी जमशेदपुर ने गत 9 जून को जलपाईगुड़ी सरकारी अभियांत्रिकी महाविद्यालय के 94 शोध प्रशिक्षुओं (जिसमें 14 छात्राएं शामिल हैं) का 4 से 6 सप्ताह की ग्रीष्मकालीन शोध इंटर्नशिप के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 10 :00 बजे सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिससे दिन का वातावरण शांत और पावन बन गया। इसके बाद मंच पर आगंतुक गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया। विभागाध्यक्षगण प्रो संजय कुमार (कंप्यूटर विज्ञान), प्रो प्रह्लाद प्रसाद (सिविल), प्रो रेशमी सिन्हा (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार), और प्रो परमानंद कुमार (मैकेनिकल) ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए अभियांत्रिकी शिक्षा में अनुसंधान और नवाचार के महत्व पर बल दिया। मुख्य अधीक्षक प्रो लालजी प्रसाद और डीन (शैक्षणिक एवं अनुसंधान) प्रो एमके सिन्हा ने परिसर की सुविधाओं और शैक्षणिक अवसरों की जानकारी साझा की। डॉ अभिजीत गौतम ने कठिन अकादमिक कार्यक्रमों के दौरान मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विचार रखे। उपनिदेशक प्रो आरवी शर्मा ने प्रेरणादायक संबोधन दिया, जिसके पश्चात निदेशक प्रो गौतम सूत्रधर ने इंटर्नशिप के लाभ, अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं, स्टार्टअप इनक्यूबेशन और भावी करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला। अनुसंधान एवं परामर्श (आर एंड डी) प्रभाग द्वारा, डॉ अशोक कुमार मंडल के समन्वय में आयोजित यह कार्यक्रम धन्यवाद ज्ञापन, राष्ट्रगान और जलपान के साथ संपन्न हुआ।

### जन सुविधा मंच जमशेदपुर के कर्मठ सहयोगियों की बैठक प्रीतम पार्क मैदान भुईयांडीह में संपन्न



**जमशेदपुर।** प्रीतम पार्क भुइयांडीह में आज जन सुविधा मंच की एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में शहर के सभी क्षेत्रों से युवा साथियों और सहयोगी शहर वासी उपस्थित हुए। इस बैठक में शहर की कई ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई, उसके निराकरण हेतु आंदोलन आत्मक रूपरेखा तैयार की गयी। बैठक मे जमशेदपुर में विकराल रूप से फैल रहे, नशे के जाल को ध्वस्त करने में विफल जिला प्रशासन और सभी थाना क्षेत्र के थाना प्रभारीओं के क्रियाकलापों पर विस्तृत चर्चा हुई। आज युवा परेशान है, शहर में छिंताई गैंग सक्रिय है। माता बहने घर से निकलने के पहले अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं और और शहर के थानेदार सिर्फ वसूली और उगाही में व्यस्त है, इन्हीं सब ज्वलंत मुद्दों, साकची थानेदार की कारगुजरियों पर चर्चा के उपरांत एक स्वर से निर्णय लिया गया जमशेदपुर के हृदय स्थल साकची थाना से आंदोलन की शुरूआत होगी। सबने एक स्वर में 12 जून दिन 10 बजे साकची थाना के समक्ष प्रदर्शन का निर्णय लिया। इस आंदोलन का मूल उद्देश्य शहर के सभी थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध कार्यों को अभिलंब बंद करने, थाना को दलालों का अड्डा ना बनाये सहित विभिन्न मुद्दों पर जिला के वरीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करते हुए कार्रवाई करने की मांग प्रदर्शन के माध्यम से हम सब करेंगे। इस आंदोलन में शहर के तमाम युवाओं सहित सभी प्रबुद्ध जनों की भागीदारी सुनिश्चित हो ऐसा प्रयास सामाजिक संस्था जन सुविधा मंच के द्वारा किया जायेगा। नशा मुक्त जमशेदपुर नशा मुक्त युवा यह संकल्प सभी साथियों ने लिया।

## लायंस क्लब और मां काली संकल्प सेवा समिति ने बारीडीह गोलचक्कर पर बांटा चना, गुड़ और शरबत



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आज बड़ा मंगलवार के पावन अवसर पर लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत और माँ काली संकल्प सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक जनसेवा कार्यक्रम का आयोजन जमशेदपुर के बारीडीह गोलचक्कर में किया गया। मौके पर लगभग 3000 लोगों के बीच चना-गुड़ एवं शरबत निःशुल्क बांटा गया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह समाजसेवी श्री भरत सिंह जी के द्वारा किया गया। समिति की ओर से श्री भरत सिंह जी को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में भरत सिंह ने मां काली संकल्प सेवा समिति के संस्थापक करण गोराई एवं समिति के समस्त सदस्यों को इस नेक कार्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाजसेवा ही सच्ची सेवा है और इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं। मौके पर करण गोराई, संजय कुमार सेन, विप्लव चंद्रा, आकाश रजक, अरूप गोराई, रविंद्र मौर्या, राजकुमार वर्मा, राजीव कुमार, अमित कुमार थे।

# 14 से लगेगा हरिणा मेला

- तैयारियों का विधायक संजीव सरदार ने लिया जायजा
- स्वच्छता, पेयजल, बिजली, सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था में चूक न हो इसका खास ध्यान रखें : विधायक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/ पोटका।** कोल्हान का प्रसिद्ध हरिणा मेला आगामी 14 जून से पोटका प्रखंड के मुक्तेश्वर धाम हरिणा मंदिर परिसर में शुरू होने जा रहा है। इस पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को पोटका विधायक संजीव सरदार ने मेला कमिटी के साथ मेला स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और विधि-व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

विधायक ने मंदिर परिसर, मीना बाजार, पार्किंग एरिया और निर्माणाधीन बायो डायवर्सिटी पार्क का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, पेयजल, बिजली, सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था में कोई चूक न हो इसका खास ख्याल रखा जाए। निरीक्षण के बाद आयोजित बैठक में विधायक ने मेला समिति को प्रशाशन से समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा, हरिणा मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा देने का अवसर भी है।

इस निरीक्षण और बैठक में मंदिर कमिटी के सागर शीट, दीपंकर शीट, बजरंग दंडपात, मौथो नायक, भुवनेश्वर सरदार, फूलचंद सरदार समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।



मेला स्थल का निरीक्षण करते विधायक संजीव सरदार।

# झारखंड के अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा हर स्तर पर होगी : राजेश शुक्ल

- चांडिल अनुमंडल बार एसोसिएशन ने स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन राजेश शुक्ल का किया अभिनंदन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/चांडिल।** मंगलवार को चांडिल अनुमंडल बार एसोसिएशन ने झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन और सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल का चांडिल बार भवन में भव्य अभिनंदन किया। इस अवसर पर चांडिल अनुमंडल के अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते हुए झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन और राज्य के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ताओं ने कठिन परस्थितियों में भीअपने दायित्व का निर्वहन करना नहीं छोड़ा है । आज चांडिल बार भवन में आधारभूत संरचना का घोर अभाव है। न तो शौचालय हैऔर न ही शुद्ध पेयजल की व्यवस्था ही है। इस भीषण गर्मी में अधिवक्ताओं को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

श्री शुक्ल ने कहा है कि झारखंड एक मात्र ऐसा राज्य है जहा सबसे ज्यादा अधिवक्ताओं के कल्याण की योजनाए हैं।



श्री शुक्ल का अभिनंदन करते अधिवक्तागण।

## नियमित होगी पोटका में कार्यरत दैनिक कर्मी राधेश्याम की सेवा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पोटका।** पोटका प्रखंड में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत दैनिक कर्मी राधेश्याम मंडल की सेवा नियमित किया जाएगा। राधेश्याम द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय में एक रीट याचिका दायर किया गया था। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आनंद सेन के कोर्ट में यह मामला स्वीकृत किया गया था।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि प्रार्थी 10 साल से अधिक समय से अस्थाई रूप से कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर अपनी सेवा दे रहा है। इसलिए उसे नियमित किया जाये। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृताश वत्स ने कोट को बताया कि प्रार्थी पोटका ब्लॉक में 2 मार्च 2007 से दैनिक कर्मी के रूप में कार्य कर रहा है। वह कंप्यूटर ट्रेंड है। सरकार के किसी अन्य विभाग में उसे समायोजित किया जाये।



# जुस्को श्रमिक यूनियन के फिर से अध्यक्ष चुने गये रघुनाथ पांडेय

## देर रात आया परिणाम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील की शत प्रतिशत स्वामित्व वाली कंपनी टाटा स्टील यूआइएसएल की अधीकृत यूनियन टाटा स्टील यूटिलिटी एंड सर्विसेस श्रमिक यूनियन (पूर्व में जुस्को श्रमिक यूनियन) का मतदान मंगलवार की शाम 4 बजे संपन्न हो गया। 639 मतदाताओं में से करीब 97 फीसदी मतदाताओं ने खुलकर मतदान किया। इस दौरान लंबी लंबी कतारे में लगकर यूनियन सदस्यों ने मतदान किया। सदस्यों का मतदान को लेकर जोश देखते ही बन रहा था। कुल 17 कमेटी मेंबर के सीट पर करीब 40 प्रत्याशी और 10 पदो के प्रत्याशी का भाग्य मतपेटियों में बंद हो गया है। देर रात तक मतगणना चल रही थी जिसका रिजल्ट अब सामने आने का इंतजार किया जा रहा है। अध्यक्ष पद पर रघुनाथ पांडेय की जीत लगभग तय मानी जा रही है जबकि महासचिव के पद पर गोपाल जायसवाल की जीत का दावा किया जा रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर गोविंद झा की जीत बतायी जा रही है। यद्यपित देर रात तक ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी। मालूम हो कि तीन कमेटी मेंबर निर्विरोध चुने जा चुके हैं. इस बार चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कुल 4 प्रत्याशी मैदान में है। रघुनाथ पांडेय और परमानंद सिंह में कड़ी टक्कर होने की बात कही जा रही है. चंद्रशेखर भूमिज व राजेश कुमार भी अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। महामंत्री के पद पर वर्तमान महासचिव सीडीएस कृष्णनन को गोपाल जायसवाल टक्कर दे रहे हैं। इस पद पर विनय कुमार भी चुनावी मैदान में हैं। कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी और गोविंद झा के बीच सीधी टक्कर है। पिछले चुनाव में कुछ ही वोट से अमरनाथ तिवारी जीते थे. दो कमेटी मेंबर प्रत्याशी (चुनाव क्षेत्र संख्या-5 से हृदय कुमार घोष और क्षेत्र संख्या-10 से राकेश बहादुर) ने अपने नाम वापस ले लिए थे। इस तरह 17 सीटों के लिए कुल 40 प्रत्याशी मैदान में हैं।



रघुनाथ पांडेय।

### बवाल के बीच राजद के जमशेदपुर जिलाध्यक्ष बनाये गये शंभू चौधरी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में विधानसभा चुनाव लड़ने वाले शंभू चौधरी राजद के जमशेदपुर जिलाध्यक्ष बनाये गये। शंभू पहले आम आदमी पार्टी (आप) और फिर भाजपा में थे। जमशेदपुर के सर्किट हाऊस में राजद के पर्यवेक्षक जनार्दन कुमार की देखरेख में मीटिंग हुई, जिसके बाद उन्हें जिलाध्यक्ष घोषित कर दिया गया। उनको जिलाध्यक्ष घोषित करने के बाद हंगामा होने लगा। कार्यकर्ताओं का कहना था कि जुमा-जुमा दो दिन भाजपा छोड़ आये चौधरी को अध्यक्ष कैसे बनाया जा सकता है। यह तो समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी है। दरअसल, राजद के नेताओं ने कहा था कि जब चुनाव को ही स्थगित कर दिया गया था, तो फिर नये जिलाध्यक्ष को कैसे बनाया जा सकता है।

# बोकारो : सेल को अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर-टियर-कक की मिली मान्यता

>> केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा शुरू किया गया यह कार्यक्रम-वैश्विक व्यापार को सुगम बनाने और एक सुरक्षित व्यापारिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय नयी दिल्ली ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर टियर-कक की मान्यता प्रदान की है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा शुरू किया गया यह कार्यक्रम- वैश्विक व्यापार को सुगम बनाने और एक सुरक्षित व्यापारिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह उन कंपनियों को लाभ प्रदान करता है जो कड़ी आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों और सीबीआईसी के कानूनों के अनुपालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती हैं।

यह प्रमाणन दुनिया भर में स्वीकार्य है और यह किसी भी संगठन के लिए अनुपालन व सत्यनिष्ठा और आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा के प्रति उसकी निष्ठा का प्रमाण है। सेल के कार्यकारी निदेशक-लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर ने 9 जून को अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय नई दिल्ली के प्रधान आयुक्त से यह महत्वपूर्ण प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

इस प्रमाणन से सेल को कई फायदे मिलेंगे जिनमें बेहतर आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा अंतरराष्ट्रीय मान्यता ज्ञान साझा करने के अवसर और नेटवर्किंग के लाभ शामिल हैं। यह सेल को प्रतिस्पर्धी बढ़त भी प्रदान करेगा।

# शिकारीपाड़ा का ऐसा विद्यालय जहां मैट्रिक परीक्षा में सभी विद्यार्थी हुए फेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



उत्क्रमित उच्च विद्यालय कजलादहा।

**शिकारीपाड़ा।** विद्यालय जहां देश का भविष्य गढ़ा जाता है विद्यालय से पढ़कर जो छात्र-छात्रा निकलते हैं वह भविष्य में अपने समाज के साथ साथ देश का भी नाम रोशन करते हैं। लेकिन आज हम आपको एक ऐसे विद्यालय के बारे में बता रहे हैं। जहां 2025 में मैट्रिक दिए सभी विद्यार्थी फेल हो गए यानि रिजल्ट का प्रतिशत शून्य रहा। हम बात कर रहे हैं दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय कजलादहा की जहां 2025 में मैट्रिक परीक्षा में शामिल हुए सभी विद्यार्थी फेल हो गए हैं , यहां आपको बता दे 2025 में विद्यालय की और से 2 ही विद्यार्थी मैट्रिक परीक्षा में शामिल हुए थे।इससे आप सोच सकते हैं विद्यालय में किस प्रकार से पढ़ाई लिखाई होता है इस संबंध में हम जब विद्यालय पहुंचे और विद्यालय के शिक्षक से बात की तो उन्होंने कहा कि जी हां 2025 मैट्रिक में शामिल हुए सभी विद्यार्थी फेल गए हैं ,और 2025 में मात्र दो ही विद्यार्थी शामिल हुए थे, और दोनों ही फेल हो गए हैं। शिक्षक ने साफ तौर पर कहा कि विद्यालय में शिक्षक की कमी के कारण ही ऐसा हुआ है कारण पहला से दसवीं तक वर्ग है लेकिन मात्र उस समय दो ही शिक्षक थे , हालांकि अभी के समय में विद्यालय में तीन शिक्षक है, विद्यालय में शिक्षक की कमी के कारण कक्षा 8 के बाद सभी दूसरे विद्यालय चले जाते है।

यानी कहे तो सरकार विद्यालय में कक्षा 10 तक तो अपग्रेड कर दी है लेकिन शिक्षक की कमी के कारण उसी विद्यालय में विद्यार्थी दसवीं तक नहीं पड़ते है। ऐसे में आप सोच सकते है विद्यालय की शिक्षा व्यस्था कैसी होगी। और बच्चों का भविष्य कैसा होगा।

## एक नजर में

### गोड्डा डीसी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक



**गोड्डा।** डीसी अंजली यादव की अध्यक्षता में गोड्डा एवं महागामा नगर निकाय अन्तर्गत जलश्रोतों के अतिक्रमण से संबंधित टास्क फोर्स की हुई बैठक। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि शहरी क्षेत्र में अवस्थित वैसे जलस्त्रोत जिसका अतिक्रमण कर लिया गया है, उसे नक्शे के आधार पर सर्वे कर चिन्हित करते हुए अविलंब अतिक्रमण मुक्त एवं प्रदूषण मुक्त करना सुनिश्चित किया जाय। साथ हीं अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर नोटिस निर्गत करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में अवस्थित सभी जलस्त्रोतों का भौतिक निरीक्षण करते हुए अतिक्रमण मुक्त करने तथा शहरी क्षेत्र में अवस्थित तालाबों का सौन्दर्गीकरण करने हेतु कार्य योजना तैयार किया जाए।

### सेवानिवृत कर्मियों के लिये 'एक नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का आयोजन




**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से जून' 2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 27 कार्मिकों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से आज मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के द्वारा-एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक-मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। मेडिकल ऑफिसर-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ जया लक्ष्मी और योग विशेषज्ञ श्रीकृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। उप महाप्रबंधक-वित्त एवं लेखा अनुपम शी ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन तथा नगर प्रशासन विभाग से सहायक प्रबंधक दिवाकर सरन ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बंधन बैंक के ब्रांच हेड अमरेंद्र कुमार सिन्हा एवं सौरव कुमार के टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनो को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। अनीता झा ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक कल्पना के धन्यवाद ज्ञापन से किया गया।

### डीसी के निर्देश पर सिंगारी जोरिया की हुई सफाई



**बोकारो।** मानसून में नगर निगम चास क्षेत्र में जलजमाव की समस्या नहीं हो-इसे लेकर प्रशासन सतर्क है। डीसी अजय नाथ झा के निर्देश पर चास नगर निगम द्वारा सिंगारी जोरिया की सफाई के लिए नगर निगम कर्मियों की टीम द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। उधर चास उप-नगर के विभिन्न नालों की साफ-सफाई का काम तेजी से समाप्त करने के लिए नगर निगम की ओर से कार्य जारी है। बारिश में शहरवासियों को होने वाली समस्याओं के निजात के लिए शहर के विभिन्न बड़े नालों/जोरिया से जमे गाद/गंदगी को निकाला जा रहा है ताकि विभिन्न वार्डों में जलजमाव न हो और बारिश के पानी की निकासी सुगमता के साथ हो सके। स्वयं अपर नगर आयुक्त चास पूरे मामले की निगरानी स्वयं कर रहे हैं। सफाई कार्य में मजदूरों के अलावा जेसीबी व ट्रैक्टर एवं अन्य वाहन लगाए गए हैं।

### शिकारीपाड़ा : सोसाइटी फॉर पीपल्स अवेयरनेस ग्रामीणों को किया जागरूक

**शिकारीपाड़ा।** सोसाइटी फॉर पीपल्स अवेयरनेस शिकारीपाड़ा संस्था के द्वारा बाल श्रम मुक्त भारत, यह अभियान 12 जून तक चलाया जाना है। उसी के तहत सोसाइटी फॉर पीपल्स अवेयरनेस शिकारीपाड़ा के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सोनाढाप पंचायत के बास्केंद्री गांव गांव में बैठक कर लोगों को जागरूक किया गया , और बताया गया कि नाबालिक बच्चों से बाल श्रम नहीं कराए, समय पर बच्चों को शिक्षा जरूर दे। जिससे बच्चे का विकास हो और जीवन में सफल हो पाए। बाल श्रम ही बाल विवाह का कारण भी बनता है। बाल श्रम गैर कानूनी है यह भी बताया गया। बाल श्रम को लेकर स्पेन एनजीओ के प्रतिनिधि रेखा टोप्पो, राजकुमार मंडल के द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### बोकारो डीसी से मिले अनिल अग्रवाल



**बेरमो।** बोकारो जिला के डीसी अजय नाथ झा से झामुमो नेता सह अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल बोकारो डीसी कार्यालय में मिलकर उसको अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिवादन किया तथा समाज सेवा से जुड़े आगामी कार्यक्रम की भी जानकारी दी।

### बोकारो : बीएसएल की टीम ने जीता चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स 2024-25



**बोकारो।** एमटीआई रांची में आयोजित 21वें चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स 2024-25 प्रतियोगिता के फाइनल में बीएसएल की टीम ने प्रतिद्वंदी टीमों को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम करने का गौरव प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में बोकारो स्टील प्लांट की टीम का प्रतिनिधित्व सहायक महाप्रबंधक-मानव संसाधन शिप्रा एन हेमरोम व वरीय प्रबंधक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड दूरसंचार वाईएसएन रेड्डी और उप प्रबंधक-अग्निशमन सेवा डी रामटेके ने किया। बोकारो इस्पात संयंत्र की शीर्ष प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर टीम को बधाई दी है। 21वें चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स 2024-25 प्रतियोगिता में भिलाई स्टील प्लांट की टीम को द्वितीय तथा इस्को बर्नपुर की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स सेल के युवा प्रबंधकों के लिए आयोजित एक प्रतिष्ठित स्पर्धा है जिसमें प्रतिभागी टीमें निर्धारित थीम पर अपनी प्रविष्टियां प्रस्तुत करती है। 21वें चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स 2024 25 के लिए-ट्रांसफॉर्मिंग सेफ्टी कल्चर इन सेल थीम तय की गई थी।

### सड़क हादसे में दो बच्चे समेत चार लोग घायल

**बेरमो।** कसमार थाना क्षेत्र के कसमार-पेटरवार मुख्य मार्ग में मंगलवार को दो मोटरसाइकिल के बीच जोड़दार टक्कर में दो बच्चे समेत चार लोग घायल हो गए। घटना मंगलवार सुबह 9 बजे की बताई जा रही है।

## स्पीड न्यूज

### पारसनाथ रेलवे पार्किंग में मिला अज्ञात शव

बेरमो। डुमरी के पारसनाथ रेलवे स्टेशन में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना निमियाघाट थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि सुबह पार्किंग परिसर में एक व्यक्ति का अज्ञात शव पड़ा था। इसके बाद गाड़ी चालकों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया है। हालांकि उसके मौत के करणों का पता अब तक नहीं चल पाया है और ना ही मृत व्यक्ति की पहचान हो पाई है। इधर आसपास के लोग बता रहे हैं कि पिछले कई दिनों से वह पारसनाथ स्टेशन के आसपास घूमते हुए देखा गया था। लोगों का कहना है कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं लग रहा था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

### जरीडीह थाना क्षेत्र में जमीन विवाद में बंधक बनाकर की मारपीट

बेरमो। जरीडीह अंचल क्षेत्र के बांधडीह उतरी पंचायत अंतर्गत भुचूंगडीह में जमीनी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई जिसमें चार व्यक्ति बुरी तरह से जख्मी हो गया। पीड़ित रामबिलास महतो ने बताया कि रिश्ते के विष्णु भगवान नामक व्यक्ति हमारा जमान पर कब्जा करने का मंसूबा लेकर कार्य करवा रहे थे। जब इस बात के लेकर पूछताछ करने गया तो बहस हो गई जो झड़प में तब्दील हो गई और जो लोग बीच बचाव के आए उसके साथ भी दुर्व्यवहार किया। पीड़ित ने कहा कि गोपाल महतो, शत्रुघ्न महतो, पूजा कुमारी को घर में बंधक बना कर रॉड आदि चीजों से जमकर पीटा गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को उठाकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल जैनामोड ले आई।

### बेरमो प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन



फुसरो (बेरमो)। डीसी बोकारो के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार का लगाने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत बेरमो प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार लगाया गया। इस दरबार में बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह, बीडीओ मुकेश कुमार तथा बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी उपस्थित थे। सभी ने जनता की समस्याओं को सुना तथा इसका निष्पादन करने हेतु पहल की। इसके लिए बेरमो प्रखण्ड अन्तर्गत सभी विभागों मनरेगा, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी केन्द्र, ऑनलाइन रसीद, एलपीसी, जाति प्रमाण पत्र, मईया सम्मान योजना से जुड़े मामले के लिए अधिकारी और कर्मी उपस्थित रह त्वरित निष्पादन किया। सीओ ने बताया कि जनता दरबार में लोगों की जो भी शिकायत होती है उस पर अंचल द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाती है। लोगों को समस्या से निजात दिलाया जाता है। जनता दरबार में प्रखंड से जुड़े विकास योजनाओं से संबंधित लोगों ने आवेदन किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार ने कहा कि इस तरह का आयोजन पंचायत स्तर पर पहले भी किया जाता रहा है। इस कारण ज्यादा शिकायतें नहीं आई है। प्रखंड से सम्बंधित आवास, कल्याणकारी योजना, पेंशन, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना आदि की जितनी भी शिकायती थी उसका निराकरण किया जा चुका है। जो भी शिकायतें आई है उसका त्वरित कार्रवाई किया गया है। हम सभी का प्रयास होता है कि जो भी जरूरतमंद लोग हैं उनके कार्यों का त्वरित निष्पादन करें। मौके पर प्रखंड कार्यालय के सभी विभागों के पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

# रजिस्ट्रेशन एक्ट एवं सरकारी निर्देशों के आलोक में ही निबंधन का कार्य करें संपादित : अभिजित सिन्हा

अनियमितता पाये जाने पर दोषी के खिलाफ होगी कार्रवाई

### दुमका डीसी ने किया निबंधन कार्यालय का निरीक्षण



निरीक्षण करते डीसी अभिजीत सिन्हा।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** डीसी अभिजीत सिन्हा ने मंगलवार को निबंधन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निबंधन कार्यालय में किसी भी परिस्थिति में बिचौलियों एवं दलालों की उपस्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम नागरिकों को निर्बाध, पारदर्शी एवं सुगम सेवा प्रदान करना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि केवल अनुज्ञप्तिधारी डीड राइटर ही निबंधन कार्यालय के परिसर में रहेंगे। डीसी ने निबंधन कार्यालय में रखे गए सभी संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से कार्यालय परिसर के सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर अग्निशमन यंत्र लगाए जाने का निर्देश दिया।

साथ ही क्षतिग्रस्त दीवारों, दरवाजों एवं खिड़कियों की मरम्मति कराते हुए कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि निबंधन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन एक्ट, रजिस्ट्रेशन मैन्युअल एवं समय-समय पर सरकार एवं विभाग द्वारा निर्गत सर्कुलर, निर्देशों से संबंधित दस्तावेज अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों। निबंधन संबंधी सभी कार्य इन्हीं के अनुरूप निष्पादित करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि रजिस्ट्रेशन एक्ट एवं सरकारी निर्देशों के आलोक में ही सभी निबंधन का कार्य संपादित किया जाये। यदि किसी भी प्रकार की अनियमिता की शिकायत प्राप्त होती है एवं जांच में सही पाया जाता है, तो दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

डीसी ने कहा कि कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, दुमका के माध्यम से निबंधन कार्यालय के समीप निर्मित भवन एवं शौचालय की मरम्मति कराते हुए उसे शीघ्र क्रियाशील बनाया जाये।

### श्रावणी मेला के तैयारियों को लेकर की बैठक

**दुमका।** राजकीय श्रावणी मेला को लेकर समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों संग जिला प्रशासन ने मंगलवार को बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता डीसी अभिजीत सिन्हा ने किया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को श्रावणी मेले से पहले कार्य को दुरुस्त करने का निर्देश डीसी ने दिया। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। जिससे बासुकीनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेले में बासुकीनाथ धाम आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिव गंगा की साफ-सफाई जल्द पूरा करने, कांवरिया पथ में सभी चापानला की मरम्मती, बायो टॉयलेट की व्यवस्था, लाईट की व्यवस्था करने समेत कई निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक, आईटीडीए निदेशक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

### मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता रथ को किया रवाना

# नशा व्यक्ति के सपनों व उसके भविष्य को भी नष्ट कर देता है : अंजली यादव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** राज्य सरकार द्वारा 10 जून से 26 जून तक प्रस्तावित राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के सफल संचालन हेतु मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जिला दंडाधिकारी सह डीसी अंजली यादव एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वहीं बताया गया कि सभी जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूम कर आम नागरिकों को नशे के विरुद्ध जागरूक करने का काम करेगी। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि नशा न केवल शरीर को बल्कि व्यक्ति के सपनों और उसके भविष्य को भी नष्ट कर देता है। नशे से ग्रसित बच्चों एवं नागरिकों में कई मानसिक और शारीरिक लक्षण देखने को मिलते हैं, इसे रोकने हेतु जिला प्रशासन सतत प्रयासरत है। मौके पर डीडीसी स्मिता टोप्पो, अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, एसडीओ, बैद्यनाथ उरांव, सिविल सर्जन डॉ अनंत कुमार झा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम, कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार एवं दिलीप गुप्ता आदि उपस्थित थे।

पत्थर खनन में अप्रशिक्षित लोगों द्वारा विस्फोटक सामग्री उपयोग में लाने से ग्रामीणों को सताती है अनहोनी का खतरा

# दुमका : नियमों को ताक में रख लीजधारी करते है विस्फोटक का इस्तेमाल, घनी आबादी हो रही प्रभावित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विस्फोटक सामग्री।

**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र वैध खनन से करीब डेढ़ दर्जन गांवों में ग्रामीण असुरक्षित महसूस कर रहे है। ग्रामीणों को वैद्य खादान में अप्रशिक्षित लोगों द्वारा विस्फोटक सामग्री उपयोग में लेने से हादसे का खतरा बना हुआ रहता है। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के विभिन्न वैध खदानों में इस अनदेखी के कारण एक बड़ी दुर्घटना का आशंका ग्रामीणों तो सताते रहती है। बताते चलें कि शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विभिन्न खदानों द्वारा विस्फोट कर पत्थर खनन किया जाता है। इस कार्य के लिए खदान संचालक द्वारा एकारनामा के बाद प्रशासन की अनुमति पर पत्थर प्रोडक्शन शुरू किया जाता है। इस कार्य से प्रशासन को भी प्रोडक्शन एवं अवैध ब्लास्टिंग का सहज आंकलन लगाया जा सकता है। ज्ञात हो कि नियम अनुसार मोबाइल ब्लास्ट के लिए प्रतिदिन स्थानीय थाना में प्रत्येक खदान में उनके द्वारा कितने जिलेटिन डेटोनेटर का प्रयोग किया गया है और अवशेष कितने बचे है और उनका भंडारण कहां किया गया है।

इसकी लिखित ब्यौरा थाना को समर्पित किया जाता है। लेकिन शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में यह कार्य धीमी गति से होता है। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में अधिकांश पत्थर खनन के लिए एकारनामा ओम शर्मा नामक एक लाइसेंसी विस्फोटक सप्लायर से पत्थर खनन के लिए इस्तेमाल होता है। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के कई मौजा में चल रहे पत्थर खनन करने वाले खदानों पर काम करने वाले श्रमिकों एवं आस-पास के ग्रामीण की जान-माल का खतरा प्रतिदिन बना रहता है। खनन विभाग प्रतिदिन दिनचर्या के हिसाब से कार्य करने के बाद वापस अपने स्थान पर चले जाते हैं। खनन विभाग के प्रभावी निरीक्षण के अभाव में थाना क्षेत्र के विभिन्न खदानों की पोल खुल रही है। असुरक्षित खनन से खतरे का अंदेशा है।

वहीं दूसरी और खदानों से सटे घनी आबादी क्षेत्र के मकान और विद्यालय में दरारें आ गई है। खतरे से सशांकित ग्रामीण कई बार प्रशासन एवं खान विभाग को विस्फोटक सप्लाई खदानों में विस्फोटक उपयोग रख-रखाव की जांच के लिए सूचना दे चुके हैं। विस्फोटक सामग्री विक्रेता के पहुंच के वजह से ग्रामीणों की आवाज बारूद के ढेर में दब जाती है। विभाग नियमों पर नजरअंदाज कर लीज धारक खदान संचालक को प्रशिक्षित फोरमैन रखना अनिवार्य नहीं समझ रहे है। खदान संचालक के लिए यह बस कागजों में ही सीमित है।

# गोड्डा नप क्षेत्र में चल रहे कार्यों में पारदर्शिता का अभाव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ परासर ने दी एक दिवसीय भूख हड़ताल की चेतावनी



**गोड्डा।** सामाजिक कार्यकर्ता जिला मुख्यालय अंतर्गत राजेन्द्र नगर निवासी सौरभ परासर ने नगर परिषद, गोड्डा क्षेत्र में चल रहे करोड़ों रुपये के निर्माण कार्यों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपते हुए कहा कि नगर क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के तहत निर्माण कार्य तो हो रहे हैं, परंतु इनमें पारदर्शिता और जवाबदेही का पूर्ण अभाव है। परासर ने बताया कि हाल ही में श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव के द्वारा 6 करोड़ 79 लाख की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया, जिनमें कारगिल चौक और अशोक स्तंभ का सौंदर्यीकरण, तथा गंगटा में ग्रीन पार्क जैसे कार्य शामिल हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि किसी भी कार्य स्थल पर सूचना पट्ट नहीं लगाया गया है, जिससे यह जानकारी नहीं मिल रही कि यह कार्य किस योजना के अंतर्गत, कितनी लागत से, और किस संवेदक द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब कार्य जनता के पैसे से हो रहा है तो जनता को उस कार्य की पूर्ण जानकारी देना प्रशासन की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी बनती है। सूचना का अभाव न केवल संदेह पैदा करता है, बल्कि कार्य की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करता है। परासर ने यह भी बताया कि अधिकांश कार्यस्थलों पर संबंधित जे ई की उपस्थिति तक नहीं होती, जिससे निगरानी और गुणवत्ता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से निम्नलिखित मांगें की हैं जिसमें नगर परिषद क्षेत्र में संचालित सभी निर्माण कार्यों की स्थल निरीक्षण कराई जाए। प्रत्येक कार्यस्थल पर सूचना पट्ट लगाना अनिवार्य किया जाए, जिसमें योजना का नाम, लागत, अवधि और संवेदक का विवरण हो। परासर ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि नगर परिषद द्वारा संचालित सभी कार्यस्थलों पर सूचना पट्ट नहीं लगाया गया, तो वे जनहित में उपवास पर बैठने को बाध्य होंगे।

# बेरमो एसडीएम ने बोकारो थर्मल एस पौंड कांटा घर किया सील

छाई ट्रांसपोर्टिंग बंद होने से वाहनों की लगी लंबी कतार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** ओवरलोडिंग की शिकायत पर बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश कुमार मछुआ ने बीती 8 जून की रात्रि डीवीसी बोकारो थर्मल ऐश पौंड का निरीक्षण किया। यहां डंपरो में ओवरलोड छाई ले जाने पर कांटा घर संचालक डीवीसी कर्मी पर जमकर बरसे। एसडीओ ने कहा कि यहां नियम का बिल्कुल भी पालन नहीं किया जा रहा है। कहा कि ओवरलोड छाई ट्रांसपोर्टिंग से ग्रामीण लगातार परेशान और शिकायत कर रहे थे। दृश्य देखकर प्रतीत होता है कि यहां लगातार ओवरलोडिंग छाई ट्रांसपोर्टिंग कार्य किया जाता है। जिससे रोड में जहां तहां छाई गिर जाने से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। और तरह-तरह की बीमारियां हो रही है। उन्होंने बताया कि इसे लेकर कई बार डीवीसी पदाधिकारियों के साथ बैठक भी किया गया।

लेकिन प्रदुषण एवं ओवरलोडिंग पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिसको देखते हुए उन्होंने कांटा घर को सील कर दिया है।

स्पीड न्यूज

## बांग्लादेश में टैगोर की कचहरीबाड़ी पर हमला

ढाका। बांग्लादेश में नोबल विजेता गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की स्मृतियों से जुड़ी ऐतिहासिक रवींद्र कचहरीबाड़ी पर मंगलवार को कुछ युवकों ने हमला किया। पुलिस के दखल देने से गुस्साए युवक और उग्र हो गए। हमले के दौरान कर्मचारियों और आगंतुकों सहित पांच-छह लोगों को चोट आई है। पुलिस ने बताया कि आठ जून को मोटरसाइकिल पार्किंग को लेकर रवींद्र कचहरीबाड़ी के कर्मचारियों के साथ संभवतः इस समूह के लोगों का झगड़ा हुआ था। कचहरीबाड़ी के संरक्षक हबीबुर रहमान ने बताया कि युवकों ने सुबह करीब 11:30 बजे प्रवेश द्वार तोड़ दिया। सभागार, दरवाजे और खिड़कियों में तोड़फोड़ की।

## बनास नदी में डूबने से आठ युवकों की मौत

टोंक। टोंक जिले के सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार को बनास नदी में डूबने से आठ युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य को समय रहते बचा लिया गया। सभी युवक जयपुर के रहने वाले थे और पिकनिक मनाने यहां आए थे। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि जयपुर के हसनपुरा इलाके के 11 युवक यहां पिकनिक मनाने आए थे। इस दौरान सभी युवक नदी में नहाने के लिए उतरे थे तभी नहाने के दौरान कुछ युवक डूबने लगे। उन्हें बचाने के प्रयास में अन्य युवक भी नदी में कूदे, लेकिन दुर्भाग्यवश आठ युवकों की डूबकर मौत हो गई।

## इडी के समन पर नहीं पेश हुए रॉबर्ट वाड्रा

नयी दिल्ली। कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा तबियत खराब होने का हवाला देकर मंगलवार को ईडी की पूछताछ में शामिल नहीं हुए। उन्हें भगोड़े हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले और हरियाणा के गुरुग्राम जमीन घोटाला मामले में समन जारी किया गया था। वाड्रा ने अगली तारीख पर पूछताछ में शामिल होने को कहा है। उन्होंने ईडी को ई-मेल लिख कर समय मांगा, जिसमें उन्होंने तबियत खराब होने का हवाला दिया है।

## राजस्थान के श्रीगंगानगर में पारा 47.3 डिग्री पहुचा

जयपुर। राजस्थान में मानसून आने से पहले गर्मी ने झुलसाना शुरू कर दिया है। दिन और रात दोनों समय तापमान तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 24 घंटों में श्रीगंगानगर सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 47.3 डिग्री सेल्सियस मापा गया। बीकानेर में 45.8, चूरू में 45.6, फलोदी में 45.2 और जैसलमेर में 45 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

## शेयर बाजार में तेजी थमी सेंसेक्स 53 अंक लुढ़का

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, दूरसंचार, और रियल्टी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार चार दिनों की तेजी मंगलवार को थम गई। सेंसेक्स 53.49 अंक गिरकर 82,391.72 अंक रह गया वहीं निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 25104.25 अंक पर सपाट बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.04 प्रतिशत बढ़कर 46,589.49 अंक और स्मॉलकैप 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 54,250.81 अंक पर पहुंच गया।

## विश्व बैंक ने जीडीपी में 0.40% की कटौती

नयी दिल्ली। विश्व बैंक ने व्यापार तनाव और नीति अनिश्चितता के बढ़ने से वैश्विक विकास दर के इस साल 2008 की वैश्विक मंदी के बाद सबसे कम रहने की उम्मीद जताते हुये भारत सहित दुनिया की लगभग 70 प्रतिशत अर्थव्यवस्थाओं के विकास पूर्वानुमान में कटौती कर दी है। चालू वित्त वर्ष में भारत के विकास पूर्वानुमान को 0.40 प्रतिशत की कटौती करते हुये 6.3 प्रतिशत कर दिया है।

# हिंसा की आग में झुलसा लॉस एंजिल्स

## आव्रजन नीति का विरोध में प्रदर्शनकारियों ने कई गाड़ियों में लगायी आग, पुलिस पर पटाखे और पत्थर से किया हमला

एजेंसी

▶▶ ट्रंप ने 700 समुद्री सेना तैनात किया
▶▶ कैलिफोर्निया में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा





लॉस एंजिल्स (कैलिफोर्निया)। अमेरिका की सेना ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आव्रजन नीतियों के विरोध में लॉस एंजिल्स शहर में हो रहे प्रदर्शनों के बीच 700 मरीन (समुद्री सेना) तैनात किए गए हैं। यह लॉस एंजिल्स में पहले से तैनात नेशनल गार्ड के 2000 सैनिकों के साथ प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मोर्चा संभालेंगे। अमेरिकी उत्तरी कमान ने साफ किया है कि लॉस एंजिल्स में तैनात मरीन दूसरी बटालियन, सातवीं मरीन, एक मरीन डिवीजन के 700 मरीन तैनात किए गए हैं। इसका उद्देश्य टास्क फोर्स 51 को पर्याप्त संख्या में बल प्रदान करना है, ताकि संघीय एजेंसी को मदद मिले।

प्रदर्शनकारियों ने कई गाड़ियों में आग लगा दी। साथ ही पुलिस पर पटाखे और पत्थर से हमला कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में मेक्सिको का झंडा लेकर लॉस एंजिल्स से बाहर जाओ जैसे नारे भी लगाए। कई प्रदर्शनकारियों के हाथों में मैक्सिकन झंडे थे।

जानकाकी के मुताबिक यह झड़प तब हुई जब कुछ प्रदर्शनकारी नेशनल गार्ड के जवानों के करीब पहुंच गए और उनपर अपमानजनक नारे लगाने लगे। यह घटना गवर्नर और मेयर की आपत्तियों के बावजूद राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा सेना की तैनाती के कुछ घंटों बाद हुई।सैकड़ों लोग डाउनटाउन लॉस एंजिल्स में मेट्रोपोलिटन डिटेंशन सेंटर के सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि मरीन लॉस एंजिल्स के पूर्व में एक शहर ट्वेंटीनाइन पाम्स में स्थित हैं। सेना ने कहा कि यह मरीन भीड़ को नियंत्रण करने में दक्ष हैं। रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने सोमवार को कहा कि लगभग 700 मरीन को व्यवस्था बहाल करने के लिए लॉस एंजिल्स में तैनात किया जा रहा है। कैलिफोर्निया गवर्नर गेविन न्यूजॉम ने सोमवार देर रात कहा कि वह मरीन को तैनात किए जाने के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटा सकती हैं। ट्रंप सत्ता का खुला दुरुपयोग कर रहे हैं। ट्रंप इस सप्ताहांत अपनी परेड में इस पर चर्चा जरूर करेंगे। अमेरिकी न्यायालयों और कांग्रेस को कार्रवाई करनी चाहिए। वह सीमा रेखा को पार कर रहे हैं। लॉस एंजिल्स के पुलिस प्रमुख जिम मैकडॉवेल ने कहा कि एजेंसी के पास बड़े पैमाने पर सार्वजनिक प्रदर्शनों के प्रबंधन का दशकों का अनुभव है। वह विरोध प्रदर्शनों को संभाल सकती है। मरीन की तैनाती का मतलब हमारे ऊपर भरोसा कम करना है। लॉस एंजिल्स टाइम्स की खबर के अनुसार, सोमवार रात 11 बजे तक स्थित काफी तनाव पूर्ण रही। कानून प्रवर्तन ने डाउनटाउन एलए और सांता एना में आव्रजन का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर दिया। रविवार को हुए प्रदर्शन में काफी संख्या में लोग जख्मी हुए हैं। संघीय भवन के सामने कई सौ लोगों की भीड़ ने जमकर बवाल काटा। एबीसी न्यूज के अनुसार, सांता एना पुलिस विभाग ने कहा कि प्रदर्शनकारियों पर पथराव करने से काफी नुकसान हुआ है। एफबीआई के अनुसार, संदिग्ध की पहचान कॉम्पटन के निकटवर्ती निवासी 40 वर्षीय एल्पिडियो रेयना के रूप में हुई है। उस पर एक संघीय अधिकारी पर हमला करने का गंभीर आरोप है। एफबीआई रेयना की सूचना देने वाले को 50,000 डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है।

कैलिफोर्निया गवर्नर गेविन न्यूजॉम और कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोन्टा ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। मकुदमे में आरोप लगाया गया है कि कैलिफोर्निया की संप्रभुता को अवैध रूप से कुचल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि लॉस एंजिल्स के प्रदर्शनों के आग की लपटें न्यूयॉर्क शहर, ऑस्टिन और सांता एना तक पहुंच गई हैं। इन स्थानों पर भी प्रदर्शन होने की सूचना है।

**100 से अधिक गिरफ्तार :** दरअसल, अमेरिकी इमिग्रेशन और कस्टम्स इंफोर्समेंट ने होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के समर्थन से लॉस एंजिल्स में छापे मारे। इस छापेमारी में 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार 6 जून को छापेमारी के दौरान 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इससे अप्रवासी समुदायों में आक्रोश फैला और इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। इसने पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव को जन्म दिया। प्रदर्शनकारियों की इमिग्रेशन एजेंटों के साथ कई जगह झड़प हुई है।

### सैन फ्रांसिस्को में भी हिंसा, 60 गिरफ्तार

रविवार को सैन फ्रांसिस्को शहर में पुलिस अधिकारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प के बाद 60 लोगों को गिरफ्तार किया गया। प्रदर्शनकारी लास एंजिल्स में आव्रजन कार्रवाई के खिलाफ एकजुटता जता रहे थे। सैन फ्रांसिस्को पुलिस विभाग ने बताया कि दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए और सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

# पाकिस्तान में अंदर तक हमला करेगा भारत

एजेंसी

▶▶ आतंकी संगठनों और उनके नेताओं के खिलाफ जवाबी कार्रवाई होगी : जय शंकर



ब्रसेल्स। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत द्वारा पाकिस्तान को पहुंचाई गई चोट उसको हमेशा याद आती रहेगी। पाकिस्तान चाहते हुए भी ये दर्द कभी भुला नहीं सकता है। इस बीच भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर से पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आतंकवादी हमलों से उकसाया गया तो भारत पाकिस्तान में अंदर तक हमला करेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पहलगाम हमले जैसी बर्बर हरकतों की स्थिति में आतंकवादी संगठनों और उनके नेताओं के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जाएगी। अपनी यूरोप की यात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हजारों आतंकवादियों को खुले में प्रशिक्षित कर रहा है और उन्हें भारत पर छोड़ रहा है।

सोमवार को पोलिटिको से कहा कि हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसलिए हमारा उन्हें संदेश है कि यदि आप अप्रैल में किए गए बर्बर कृत्यों को जारी रखते हैं, तो आपको बदला लेना होगा और यह बदला आतंकवादी संगठनों और आतंकवादी नेतृत्व के खिलाफ होगा। जयशंकर ने कहा कि हमें इसकी परवाह नहीं है कि वे कहां हैं। यदि वे पाकिस्तान में काफी अंदर हैं, तो हम पाकिस्तान में काफी अंदर तक जाएंगे। वहीं, इस दौरान जब एस जयशंकर से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी सही समय पर मामले को संबोधित करेंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत के लड़ाकू विमानों और मिसाइलों ने पाकिस्तानी वायुसेना को कहीं अधिक नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण पाकिस्तान को शांति के लिए मुकदमा करना पड़ा।

उन्होंने इस दौरान कहा कि जहां तक मेरा सवाल है, राफेल कितना प्रभावी था या स्पष्ट रूप से अन्य प्रणालियां कितनी प्रभावी थीं, मेरे लिए इसका सबूत पाकिस्तान की तरफ नष्ट और अक्षम हवाई क्षेत्र हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि 10 मई को ये लड़ाई केवल एक कारण से रुकी, वह यह कि 10 तारीख की सुबह हमने इन आठ पाकिस्तानी, मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर हमला किया और उन्हें निष्क्रिय कर दिया। जिन पाकिस्तानी एअरबेसों पर हमला किया गया और जो नुकसान हुए हैं, उसकी सैटेलाइट तस्वीरों को भी जारी किया गया है।



### ऑपरेशन सिंदूर : प्रधानमंत्री ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ की बैठक

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने आधिकारिक आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत दुनिया भर के देशों में भारत का पक्ष रखने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के साथ बैठक की। यह बैठक उन प्रतिनिधिमंडलों के साथ थी जिन्होंने हाल ही में विभिन्न विश्व राजधानियों का दौरा किया था और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के संदेश को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि विभिन्न देशों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से मुलाकात की और शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता तथा आतंकवाद के खतरे को समाप्त करने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। जिस तरह से उन्होंने भारत की आवाज को आगे बढ़ाया।

# ऑस्ट्रिया के स्कूल में गोलीबारी,10 की मौत

एजेंसी

▶▶ 30 लोग घायल हमलावर भी ढेर

वियना (ऑस्ट्रिया)। ऑस्ट्रिया के ग्राज में स्थित माध्यमिक स्कूल में गोलीबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। इस गोलीबारी 30 लोग घायल हुए हैं। उनमें से कुछ की हालत गंभीर है। पुलिस ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है।

राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वैन डेर बेलन ने शोक जताते हुए कहा कि इस भयावहता को शब्दों में नहीं व्यक्त किया जा सकता है। इस दौरान हमलावर को भी ढेर कर दिया गया। ऑस्ट्रिया के प्रमुख समाचार पत्र द गार्डियन, राष्ट्रीय प्रसारक ओआरएफ के अलावा देश के अन्य समाचार माध्यमों में इस गोलीबारी का ब्योरा दिया गया है। पुलिस ने पुष्टि की है कि स्कूल में अब लोगों को कोई खतरा नहीं है। पुलिस ने संदिग्ध हमलावर की मौत की पुष्टि की है। राष्ट्रपति वैन डेर बेलन ने कहा कि ऑस्ट्रिया शोक में है। इस भयावहता को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। आज ग्राज के एक स्कूल में जो हुआ, वह हमारे देश के दिल को झकझोर कर रख देता है। उन्होंने कहा कि ये युवा लोग थे। उनके सामने पूरा जीवन था। मारे गए लोगों के माता-पिता, दादा-दादी, भाई-बहन और दोस्तों के दर्द को कम करने के लिए कुछ भी नहीं है।







### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना अनोखा को सलामी

जहानाबाद। जहानाबीद की बेटी अनामिका शर्मा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना को अनोखे अंदाज में सलामी भेंट की है। ऑपरेशन सिंदूर के झंडे को साथ लेकर कन्हौली के निवासी अनामिका ने बैंकॉक में 12,000 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाई। पांच जून को उनकी इस शानदार उपलब्धि की चर्चा देश विदेश तक हो रही है।

# दाने-दाने को तरस रहा पाक

एजेंसी

वर्ल्ड बैंक की एक नई रिपोर्ट ने भारत और पाकिस्तान की सच्चाई बयां की



नयी दिल्ली। महंगाई और कमजोर अर्थव्यवस्था की मार झेल रहा पाकिस्तान लगातार कर्ज की दलदल में फंसता जा रहा है। वर्ल्ड बैंक की एक नई रिपोर्ट ने भारत और पाकिस्तान की सच्चाई बयां की है। एक तरफ जहां भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत होती जा रही है। वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तान आर्थिक तेजी से भुखमरी और गरीबी की ओर अग्रसर है।

**गरीबी को भारत दे रहा मात :** वर्ल्ड बैंक की पावर्टी एंड शेयर्ड प्रॉस्पेरिटी' रिपोर्ट के मुताबिक, 2011-12 में भारत की कुल आबादी का 27.1 प्रतिशत गरीबी में जी रहा था, लेकिन 2022-23 तक यह आंकड़ा घटकर 5.3 प्रतिशत रह गया। यानी 34.4 करोड़ की जगह 7.5 करोड़ लोग ही गरीबी रेखा से नीचे हैं। इसका मतलब है कि करीब 9 साल में 26.9 करोड़ लोग गरीबी के बाहर आ गए, जो पाकिस्तान की पूरी आबादी से ज्यादा है।

वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तान में गरीबी बढ़ती जा रही है। साल 2017-18 से लेकर 2020-21 के बीच पाकिस्तान में अत्यंत गरीबी 4.9 प्रतिशत से बढ़कर 16.5 प्रतिशत हो चुकी है। बता दें कि वर्ल्ड बैंक ने गरीबी की परिभाषा में बदलाव किया है। वर्ल्ड बैंक ने अत्यंत गरीबी की रेखा 2.15 डॉलर से बढ़ाकर 3 डॉलर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन कर दिया है। इस रिपोर्ट के सामने आने से पाकिस्तान की पोल खुल चुकी है।

# बिहार : पंचायतों में 8414 क्लर्कों की होगी बहाली

खबर मन्त्र संवाददाता

**कैबिनेट का फैसला**

**महिला कर्मियों को पोस्टिंग जगह पर आवास की सुविधा**

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को 22 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि 8414 पदों का सृजन किया जाएगा मंत्रिमंडल ने प्रदेश की आठ हजार से अधिक पंचायतों में निम्न वर्गीय लिपिक के 8093 पदों के साथ ही कुल 8414 पदों पर नियुक्ति का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। निम्न वर्गीय लिपिकों को पंचायत सरकार भवन या पंचायत स्तरीय कार्यालय में तैनात किया जाएगा। निम्न वर्गीय लिपिकों का काम पंचायत स्तर की योजनाओं के क्रियान्वयन और उनका समुचित लेखन करना होगा। इन पदों के अलावा कृषि विपणन निदेशालय के लिए 14, पटना स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण हड्डी रोग अस्पताल में स्पोर्ट्स इंज्यूरी यूनिट की स्थापना के लिए 36 और इसी अस्पताल में 267 अन्य पद भी सृजित किए गए हैं। वायुयान संगठन में भी विभिन्न श्रेणी के चार संविदा पद सृजित किए गए हैं। महिला सरकारी सेवकों को उनके पदस्थापना के निकट आवास सुविधा उपलब्ध कराने की मंजूरी दी गई है।

**जन्म-मृत्यु नियमावली में हुआ संशोधन :** बिहार जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियमावली, 1999 के नियम-5 समेत अन्य धाराओं में संशोधन किया गया है। इसके बाद अब यह नियमावली बिहार जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) नियमावली, 2025 कही जाएगी। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर विभिन्न डाटाबेस तैयार किया जाएगा। साथ ही किसी व्यक्ति के जन्म की तारीख और स्थान को साबित करने, किसी शैक्षणिक संस्थान में दाखिला लेने, चालान लाइसेंस जारी करने, मतदाता सूची तैयार करने, पासपोर्ट जारी करने में इसका उपयोग किया जा सकेगा।

### हर प्रमंडल में खुलेंगे मेगा स्किल सेंटर

पटना। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि राज्य के युवाओं को आधुनिक, उद्योगोन्मुखी एवं रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक प्रमंडलीय मुख्यालय में एक-एक मेगा स्किल सेंटर की स्थापना की जाएगी। 5 वर्षों में योजना कार्यान्वयन हेतु कुल अनुमानित लागत राशि 280.87 करोड़ की मंजूरी मंत्री परिषद् में दी गयी है।

